सुविचार
जो गुणज्ञ न हो, उसके सामने गुण नष्ट हो जाता है और कृतघ्न के साथ की गई उदारता नष्ट हो जाती है।
अज्ञात

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi



महिला किरदारों को सशक्त बनाने में भूमिका अदा...

Ranchi • Saturday, 24 February 2024 • Year : 02 • Issue : 38 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : 3 • www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 73,142.80 |
| निफ्टी | : | 22,212.70 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,910 |
| चांदी | : | 76.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### महाराष्ट्र के पूर्व सीएम मनोहर जोशी का निधन

**MUMBAI :** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना नेता मनोहर जोशी का 86 की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में शुक्रवार सुबह अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी को बुधवार को हार्ट अटैक आया था। तब से वे आईसीयू में भर्ती थे। मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने एक टीचर के रूप में अपना करियर शुरू किया था। जोशी 1967 में पॉलिटिक्स में आए। वे 40 साल से ज्यादा समय तक शिवसेना से जुड़े रहे। मनोहर जोशी ने 14 मई 1964 को अनघा जोशी से शादी की, जिनसे उनका एक बेटा उन्मेष और दो बेटियां अस्मिता और नम्रता हैं। साल 2020 में अनघा जोशी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। जोशी की नातिन शरवरी वाघ (नम्रता की बेटी) बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं।

### चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरा पहला प्राइवेट स्पेसक्राफ्ट

**NEW DELHI :** अमेरिका की ह्यूस्टन बेस्ड प्राइवेट कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का लैंडर ओडिसियस चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंड हो गया है। इसे 15 फरवरी 2024 को लॉन्च किया गया था। भारतीय समय के मुताबिक, 4 बजकर 53 मिनट पर स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग हुई। इसी के साथ ओडिसियस मून लैंडिंग करने वाला किसी प्राइवेट कंपनी का पहला स्पेसक्राफ्ट बन गया है। वहीं, अमेरिका दूसरा देश है जो चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरा। इससे पहले 23 अगस्त 2023 को भारत के चंद्रयान-3 की साउथ पोल पर सफल लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग से पहले ओडिसियस के नेविगेशन सिस्टम में कुछ खराबी आई थी। इसके बावजूद लैंडिंग कराई गई। अमेरिकी मीडिया 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, लैंडिंग के बाद ओडिसियस की जानकारी नहीं मिली है। उससे संपर्क भी नहीं है, लेकिन मिशन के डायरेक्टर टिम क्रेन ने कहा कि हम बिना किसी संदेह के कह सकते हैं कि ओडिसियस चांद की सतह पर मौजूद है।

### झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों के लिए 23 मार्च को मतदान

**RANCHI :** चुनाव आयोग ने झारखंड की दो राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की है। इनके लिए 23 मार्च को मतदान होगा। आयोग के अनुसार राज्यसभा के समीर ओरांव और धीरज प्रसाद साहू का कार्यकाल 3 मई को समाप्त होने जा रहा है। दोनों सीटों के लिए 4 मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी और नामांकन पत्रों की जांच 12 मार्च को होगी। दो से अधिक उम्मीदवार होने पर 21 मार्च को मतदान होगा और नतीजे आयेंगे।

**चंपाई कैबिनेट : 29 एजेंडों को हरी झंडी**

# हर महीने 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड कैबिनेट की बैठक सीएम चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई। इसमें 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को अब 100 यूनिट की जगह 125 यूनिट हर महीने मुफ्त बिजली दी जाएगी। रांची के होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट एवं मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही गिरिडीह एवं जमशेदपुर में नया डेयरी प्लांट लगेगा। इसके साथ ही अन्य प्रस्तावों पर चंपाई सोरेन कैबिनेट ने मुहर लगायी। इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2024 के अनुमोदन की स्वीकृति दी गयी। गिरिडीह जिलान्तर्गत बगोदर-सरिया अनुमण्डलीय न्यायालय के लिए न्यायिक पदाधिकारियों के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी। नई दिल्ली के नए झारखंड भवन के कार्यालय के लिए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी।

**गिरिडीह एवं जमशेदपुर में नया डेयरी प्लांट :** राज्य योजनान्तर्गत दुग्ध संग्रहण, विधायन एवं विपणन योजना के तहत झारखंड मिल्क फेडरेशन के माध्यम से गिरिडीह एवं जमशेदपुर में नए डेयरी प्लांट एवं रांची के होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट तथा मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना की जाएगी। इसके निमित्त कुल तीन अरब बीस करोड़ अड़तीस लाख रुपये) की नाबार्ड अन्तर्गत फ्लूळ्ळ से संपोषित परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल एक अरब साठ करोड़ उन्नीस लाख रुपये के खर्च की स्वीकृति दी गयी। पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत चक्रधरपुर अनुमण्डलीय न्यायालय के लिए न्यायिक पदाधिकारियों के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी।

- होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट एवं मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की होगी स्थापना
- नई दिल्ली के नए झारखंड भवन के कार्यालय के लिए पदों के सृजन की स्वीकृति

न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों के विभिन्न भत्तों की




## अनुदान की राशि की स्वीकृति

बीआईटी मेसरा के साथ वर्ष 2017 में हुए एकरारनामा का वर्ष 2018-19 से 2024-25 तक के लिए अवधि विस्तार करने एवं उस एकरारनामा की शर्तों के अधीन बीआईटी मेसरा को ढँरी इरी सहायता अनुदान की राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी। इसके साथ ही झारखंड राज्य पुलिस नियुक्ति नियमावली (पुलिस सेवा के लिए भर्ती पद्धति), 2014 (समय-समय पर यथा संशोधित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गयी। पंचम झारखंड विधान सभा का पंचदश (बजट) सत्र दिनांक-23 ।02। 2024 से आहूत करने एवं तत्संबंधी औपबंधिक कार्यक्रम पर मंत्रिपरिषद् की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी। कमजोर गवाहों के साक्ष्य रिकार्ड करने के लिए झारखंड उच्च न्यायालय के दिशानिर्देश 2024 लागू करने की स्वीकृति दी गयी। झारखंड न्यायिक सेवा (भर्ती) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2024 के गठन की स्वीकृति दी गयी। झारखंड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक संवर्ग नियुक्ति नियमावली, 2016 (यथासंशोधित) में संशोधन की स्वीकृति दी गयी। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य स्कीम के तहत देवघर जिलान्तर्गत देवघर पुलिस लाइन में 225 बेड 08 बैरक के निर्माण कार्य योजना के क्रियान्वयन के लिए प्राक्कलित राशि बियालीस करोड़ उन्नीस लाख संतावन हजार पांच सौ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। झारखंड न्यायिक सेवा/वरीय न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को विभिन्न भत्तों की स्वीकृति प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी।

### लैम्पस-पैक्स को लेकर राशि की मिली स्वीकृति

चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य के लैम्पस/पैक्स में 100 एमटी गोदाम, मार्केटिंग सेंटर एवं ड्राईंग यार्ड का निर्माण को लेकर दो सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रखंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे लैम्पस/पैक्स को 500 एमटी क्षमता के गोदामवाले मॉडल लैम्पस/ पैक्स के रूप में विकसित करने के लिए एक सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी।

### नए पदों के सृजन पर कैबिनेट ने लगाई मुहर

झारखंड में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पलामू में संचालित किये जाने वाले अभियंत्रण पाठ्यक्रमों के अनुसार अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के मापदंड के आलोक में शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी। इसके साथ ही सिविल जज (जूनियर डिविजन) संवर्ग में प्रधान दंडाधिकारी, अतिरिक्त किशोर न्याय बोर्ड, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)-2 का 01 (एक) पद सृजन की स्वीकृति दी गयी।

**दूसरे सेशन में भारतीय गेंदबाजों को इंग्लैंड ने नहीं होने दिया हावी**

# जो रूट ने जड़ा शतक, पहले दिन इंग्लैंड ने बनाए 302 रन, भारत ने झटके सात विकेट

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन भारत इंग्लैंड ने जो रूट के शानदार शतक के दम पर 7 विकेट पर 302 रन बना लिए। स्टंप के समय रूट के साथ क्रीज पर ओली रॉबिनसन मौजूद थे। रूट ने अपनी टीम की शुरूआती झटकों से उबरने में मदद की। लंच तक 112 के स्कोर पर आधी इंग्लैंड की टीम आउट होकर पवेलियन लौट चुकी थी। रूट और बेन फॉक्स ने दूसरे सेशन में भारतीय गेंदबाजों को हावी नहीं होने दिया। रूट ने अपनी शतकीय पारी में नौ चौके लगाए। उन्होंने 226 गेंदों का सामना किया। यह जोड़ी चाय के बाद टूटी जब फोक्स को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। फॉक्स 128 गेंद पर 47 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिए आकाश दीप शानदार रहे। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। दो विकेट सिराज ने झटके। जडेजा और अश्विन को एक-एक विकेट मिले।



मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ी

### चाय तक इंग्लैंड का स्कोर 198 रहा

अनुभवी बल्लेबाज जो रूट चाय के समय 154 गेंद में सात चौकों की मदद से 67 रन बनाकर खेल रहे थे। चाय तक इंग्लैंड का स्कोर 198 रन था। पहले सत्र में इंग्लैंड ने अपने 5 महत्वपूर्ण विकेट गंवाए। दूसरे सेशन में भारत को एक भी सफलता नहीं मिली और जो रूट ने बेन फॉक्स के साथ एक बड़ी साझेदारी की। चाय के बाद फॉक्स 128 गेंद पर 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जल्द ही भारत को एक और सफलता मिली। पिछले तीन टेस्ट में 29, 2, 5, 16, 18, 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम के साथ खेलते हुए पारी को संभाला और अपना शतक पूरा किया। यह भारत के खिलाफ टेस्ट में उनका 10वां शतक था और सभी फॉर्मेट में 13वां शतक। इससे पहले तेज गेंदबाज आकाश दीप ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के साथ शानदार प्रदर्शन किया जिससे पहले सत्र में इंग्लैंड के पांच विकेट 112 रन पर गिर गए। बिहार के रहने वाले 27 वर्ष के आकाश दीप बंगाल के लिये घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।

**03** महत्वपूर्ण विकेट आकाश दीप

**02** विकेट सिराज ने

**01** विकेट जडेजा

**01** विकेट अश्विन ने झटका

### भाजपा पर ED-CBI के जरिए चंदा वसूली करने का आरोप

**NEW DELHI :** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने चंदा वसूलने के लिए ईडी-सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया है। इसलिए मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की जानी चाहिए। शुक्रवार (23 फरवरी) को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मीडिया से कहा कि 2018-19 और 2022-23 के बीच भाजपा को लगभग 335 करोड़ रुपए का दान देने वाली कम से कम 30 कंपनियों को केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। जयराम रमेश ने बताया कि केसी वेणुगोपाल ने इस संबंध में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को चिट्ठी लिखकर पूछा है कि तीन में से दो एजेंसियां वित्त मंत्रालय के अधीन हैं, पूरा देश जानता है कि सरकार जांच एजेंसियों को रिमोट कंट्रोल से चला रही है।

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका**

# क्वैशिंग याचिका खारिज, निचली अदालत में राहुल पर चलेगा केस

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट से राहुल गांधी को बड़ा झटका लगा है। 2018 में अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में फैसला सुनाते हुए अदालत ने राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी है। राहुल गांधी ने एमपी एमएलए कोर्ट के समन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका खारिज होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह पर की गई अमर्यादित टिप्पणी मामले में राहुल गांधी के खिलाफ निचली कोर्ट में ट्रायल चलेगा।



- गृह मंत्री अमित शाह पर की थी टिप्पणी
- राहुल ने दायर की थी क्वैशिंग याचिका
- अदालत में 9 फरवरी को ही पूरी हो गई थी बहस

झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत में मामले की सुनवाई 9 फरवरी को पूरी हो गई थी। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी नवीन झा की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने उन्हें लिखित बहस प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय प्रदान किया था। प्रार्थी राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने पैरवी की थी।

**पेपर लीक मामले में मुख्यमंत्री का बड़ा बयान, बोले**

# झारखंड ही नहीं, पूरा देश इस समस्या से जूझ रहा

**PHOTON NEWS RANCHI :** जेएसएससी सीजीएल 2023 पेपर लीक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बड़ा बयान दिया है। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को चंपाई सोरेन ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि झारखंड ही नहीं, पूरा देश पेपर लीक की समस्या से जूझ रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समस्या से निजात पाने के लिए



हमारी सरकार ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई है। बड़ी तेजी से इस मामले में जांच हो रही है। सभी आरोपी पकड़े जाएंगे। हमें थोड़ा इंतजार करना होगा, क्योंकि जांच में थोड़ा समय तो लगता है। जांच के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी भी होगी।

### हेमलाल को दिया टिकट तो मैं निर्दलीय लड़ूंगा : लोबिन

**RANCHI :** झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम फिर अपनी पुरानी राह पर आ चुके हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा से उनकी नाराजगी फिर धरातल पर आ चुकी है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा की है कि वे सात मार्च से राज्य भर में अन्याय यात्रा पर निकलेंगे। यात्रा संथाल परगना के भोगनाडीह से शुरू होगी। जेएमएम विधायक लोबिन हेम्ब्रम का कहना है कि लोबिन ने कहा कि अगर जनता की मांग रही तो राजमहल सीट से निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। 7 घाट का पानी पीने वाले हेमलाल मुर्मू को पार्टी टिकट नहीं देगी। केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में मैंने पार्टी को अपनी भावनाएं बताने की कोशिश की, लेकिन चंपाई सोरेन ने भी नहीं सुनी।

# जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मुद्दे पर हंगामा

**बजट सत्र : विधानसभा में जोरदार हंगामे के बीच 4981 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश**

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन की शुरूआत हंगामेदार रही। झारखंड स्टाफ सर्विस कमीशन कॉमन ग्रेजुएट लेवल एग्जाम 2023 के पेपर लीक के मुद्दे पर सदन शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। मुख्य विपक्षी दल भाजपा के सांसदों ने सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग पर हंगामा किया। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने 4981 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया।




### बुलडोजर बाबा के राज में भी लीक हुआ प्रश्न पत्र : प्रदीप

प्रदीप यादव ने कहा कि सिर्फ झारखंड में ही प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल 2023 का प्रश्न पत्र लीक हुआ है, यह सचमुच गंभीर मामला है। लेकिन, अब तक 43 प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में बुलडोजर बाबा के राज में उत्तर प्रदेश में पुलिस बहाली की परीक्षा का भी प्रश्न पत्र लीक हुआ था। सिर्फ झारखंड के पेपर लीक के मामले की ही नहीं, देश में जहां-जहां प्रश्न पत्र लीक हुए हैं, सभी की जांच होनी चाहिए।

### मामला गंभीर, छात्र सड़क पर : बाउरी

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है। छात्र सड़क पर उतर गए हैं। जेएसएससी-सीजीएल 2023 के प्रश्न पत्र लाखों? रुपए में बिके हैं। सरकार को इसकी सीबीआई से जांच करानी चाहिए। वहीं, कांग्रेस के नेता प्रदीप यादव ने भी कहा कि जेएसएससी-सीजीएल 2023 का पेपर लीक होना गंभीर मामला है। साथ ही उन्होंने अन्य राज्यों में प्रश्न पत्र लीक होने का मामला भी जोड़ दिया। शोक प्रकाश के बाद जब सदन का कामकाज शुरू हुआ, तो फिर से विपक्षी दलों ने सदन में हंगामा शुरू कर दिया।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राहुल गांधी पर हमला, कहा**

# जिनके खुद होश ठिकाने नहीं वह युवाओं को नशेड़ी कह रहे

**AGENCY VARANASHI :** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को वाराणसी में थे। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में काशी शंकुल के उद्घाटन के मौके पर वाराणसी और पूर्वांचल के विकास की बातें की तो, राहुल गांधी के दो दिन पहले काशी के युवाओं के नशे में पड़े होने वाले बयान पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि दशकों के परिवारवाद भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण ने यूपी को विकास में पीछे रखा है। पहले की सरकारों ने यूपी को बीमारू राज्य बनाया। यहां के नौजवानों से उनका भविष्य छीना। लेकिन आज जब यूपी बदल रहा है जब यूपी के नौजवान अपना नया भविष्य लिख रहे हैं तब यह परिवारवादी क्या कर रहे हैं। मैं तो उनकी बातें सुनकर हैरान हूं। कांग्रेस के शाही परिवार के युवराज काशी की धरती पर आकर कह रहे हैं कि यहां के नौजवान, यूपी के नौजवान नशेड़ी हैं। यह कैसी भाषा है भाई, मोदी को गाली देते रहते इन्होंने दो दशक बिता दिए। अब ईश्वर रूपी जनता जनार्दन पर, यूपी नौजवानों अपनी फ्रस्ट्रेशन निकल रहे हैं। वह यूपी के मेरे काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं।


काशी में संत रविदास जयंती समारोह में शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। संत रविदास जन्म स्थली के आसपास विभिन्न विकास कार्यों से तीर्थयात्रियों को बहुत लाभ होगा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### यूपी की सभी सीटों पर जीत का आह्वान

पीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला बोला और कहा कि यहां किसी की नहीं चलेगी। ये लोग नहीं जानते की काशी में सब गुरु हैं। गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि बनारस नहीं पूरे यूपी को पता है कि माल वही है पैकिंग नई है। इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए ही बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। आज पूरे देश का एक ही मूड है। अबकी बार मोदी की गारंटी वाली सरकार। हर लाभार्थी को शत प्रतिशत लाभ दे रहा है। मोदी लाभार्थियों के सेचुरेशन की गारंटी दे रहा है। यूपी ने भी सारी सीटें मोदी को देने का निर्णय किया है। इस बार यूपी शत-प्रतिशत सीटें एनडीए के नाम करने वाला है। मोदी का तीसरा कार्यकाल पूरी दुनिया में भारत के सामने सबसे प्रखंड कालखंड होने वाला है। सबसे प्रखर कालखंड होने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष को काशी और अयोध्य का नया स्वरूप बिल्कुल पसंद नहीं आ रहा है। वो अपने भाषणों में राम मंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातें करते हैं। कैसी-कैसी बातों से हमले करते हैं। मैं नहीं जानता था कि कांग्रेस को प्रभु श्री राम से इतनी नफरत है। यह अपने परिवार और अपने वोट बैंक से बाहर देख ही नहीं सकते। हर चुनाव के दौरान के दौरान यह मिलते हैं और जैसे चुनाव बात निल बटे सन्नाटा आता है तो यह एक दूसरे को गाली देते हुए अलग हो जाते हैं।

### बोकारो में दहेज के लिए ससुरालवालों ने महिला को मार डाला

**BOKARO :** झारखंड के बोकारो जिले के चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पुपुनकी गोप टोला में गुरुवार की देर रात 28 वर्षीया रिंकी देवी की हत्या उसके पति उमेश गोप ने कर दी। शव के साथ वह कमरे में बंद था। घरवालों के तमाम प्रयास के बाद भी उमेश ने दरवाजा नहीं खोला। घरवालों ने इसकी सूचना चास मुफस्सिल थाने को दी। पुलिस के पहुंचने के बाद दरवाजा खुला, तो पता चला कि उमेश ने पत्नी रिंकी की हत्या गला दबाकर कर दी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति व भैंसुर (जेठ) को अरेस्ट कर लिया। मृतका के पिता ने ससुरालवालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। वारदात की सूचना गुरुवार की देर रात को ही चास मुफस्सिल थाने की पुलिस ने महुदा झुकंगिया (धनबाद) निवासी मृतका के पिता गौरी गोप को फोन पर दी।

# 10 लाख रुपये के इनामी उग्रवादी ने किया सरेंडर

**एरिया कमांडर दीपक ने भी टेका हथियार**



**PHOTON NEWS LATEHAR :** झारखंड में 10 लाख रुपए के इनामी जेजेएमपी जोनल कमांडर ने सरेंडर कर दिया है। उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के जोनल कमांडर ने लातेहार जिले में सरेंडर किया। जोनल कमांडर के साथ एरिया कमांडर दीपक भूइयां उर्फ कुंदन ने भी आत्मसमर्पण किया है। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंजनी अंजन के साथ सीआरपीएफ के आईजी और डीआईजी भी मौजूद थे। मौके पर आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति, नई दिशा से प्रभावित होकर मनोहर परहिया और दीपक ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि मनोहर गांव के कुछ युवकों के साथ वर्ष 2010 में भाकपा माओवादी संगठन में शामिल हुआ था।

# आधुनिक तरीके से करें मिर्च की खेती



सब्जियों में मिर्च अपने तीखेपन के लिये जानी जाती है। लेकिन रतलाम जिले के ग्राम सिमलावदा निवासी किसान श्री कंवरा के लिये मिर्च की खेती कामयाबी का साधन बन गई।

रतलाम जिले के किसान कंवरा के परिवार के पास लगभग 160 बीघा जमीन है। उनका परिवार परम्परागत रूप से दो फसलों के साथ-साथ कुछ सब्जी भी अपने खेतों में भी लगा लिया करता था। खेतों में पानी अधिक लगने के कारण हमेशा उनके खेत में सिंचाई की दिक्कत बनी रहती थी। खेतों में कम उत्पादन के कारण उनका परिवार आर्थिक तंगी का सामना भी कर रहा था।

कुछ समय पहले सिमलावदा गाँव में उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने दौरा किया। गाँव के किसानों ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के सामने सब्जी के उत्पादन में पानी अधिक लगने की बात रखी। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने किसानों को सब्जी उत्पादन बढ़ाने के लिये सिंचाई के ड्रिप सिस्टम के बारे में बताया। अधिकारियों ने बताया कि ड्रिप सिस्टम से कम पानी में पूरे खेत की अच्छे तरीके से सिंचाई की जा सकती है। किसान कंवरा ने कृषि सलाह के अनुसार अपने खेत में ड्रिप सिस्टम की स्थापना की। उन्होंने दी गई सलाह के अनुसार 6 इंच ऊंची एक फीट चौड़ी बेड्स पूरे खेत में तैयार कर ली। उन्होंने अपने खेत में हाईब्रिड मिर्च के पौधे 40 से 60 सेंटीमीटर की दूरी पर रौपे। किसान कंवरा ने पूरे सीजन के दौरान उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई सलाह को माना और सलाह अनुसार काम किया। आज उनके खेत में मिर्च उत्पादन काफी बढ़ गया और मिर्च की उन्नत किस्म उत्पादन के रूप में मिली।

किसान कंवरा बताते हैं ड्रिप संयंत्र लगने के पूर्व जहां उन्हें प्रति बीघा 9 क्विंटल ही लाल मिर्च का उत्पादन प्राप्त होता था वहीं अब प्रति बीघा लगभग 12 क्विंटल मिर्च का उत्पादन मिल रहा है। आज वे अपने खेत में 140 बीघा जमीन पर मिर्च लगा रहे हैं।

किसान कंवरा मानते हैं कि उद्यानिकी एवं कृषि विभाग की खेती-किसानी के संबंध में दी जा रही आधुनिक सलाह को माना जाये तो कृषि उत्पादन को काफी हद तक बढ़ाया जा सकता है। आज उनकी पहचान आसपास के गाँव में प्रगतिशील कृषक के रूप में होती है। सब्जी उत्पादन से मिली आर्थिक तरक्की से उनके परिवार के जीवन में बदलाव आया है। वे अब खेती-किसानी में और नई-नई तकनीकों का इस्तमाल कर रहे हैं।



# फूलों की खेती फायदे का सौदा

देश में इन दिनों फूलों की वार्षिक घरेलू माँग 25 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रही है। भारत का अंतर्राष्ट्रीय फूल बाजार 90,000 करोड़ रुपये का है जो हर वर्ष बढ़ता ही जा रहा है। भारतीय बागवानी बोर्ड के अनुसार फूलों की खेती से संबंधित उत्पादों से कुल आय 205 करोड़ की है। जिसमें 105 करोड़ प्रंपरागत फूलों से है और 100 करोड़ आधुनिक फूलों से है। भारत में फूलों का निर्यात करने वाली 300 से अधिक इकाइयाँ है। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की रिपोर्ट के औसर भारत में वर्ष 2007-08 में 160.7 हज़ार हेक्टेयर क्षेत्र में फूलों की खेती हुई है इस वर्ष छील्न के बाद भारत दूसरे नंबर पर है। आइये जाने भारत में उगने वाले प्रमुख फूलों की देखरेख के तरीके:

**एन्थुरियम:**

रोपाई: 30 गुणा 30 सेमी की दूरी पर तिकोनी जगह में। कटाई का चरण: छड़ का कड़ा होना, पर 1/3 से 3/4 फूल खिला होने पर।

**पैदावार:** 2 से 3 फूल हर पौधे से पहले साल में जो की बढ़कर 4 से 6 दूसरे साल और 6 से 8 तीसरे साल तक हो जाती है। गुलदस्ते में उम: 22 से 23 दिन

**जरवेरा:**

रोपाई: 35 गुणा 45 सेमी की दूरी पर। जनवरी, फ़रवरी बेहतर है जड़े के लिए और जून, जुलाई गर्मी के लिए।

कटाई का चरण: पंखुड़ियों के पूरा खुल जाने पर

पैदावार: 200 से 250 फूल प्रति वर्ग मीटर हर साल

गुलदस्ते में उम्र: 7 से 8 दिन

**ऑरकिड**

रोपाई: कटाई का चरण: जब फूल की आधी पंखुड़ीयाँ खुल चुकी हों

पैदावार: 2 से 3 छड़ प्रति पौधे से और 5 से 6 छड़ तीसरे साल से

गुलदस्ते में उम्र: 12 से 21 दिन किस्म के प्रकार पर निर्भर

**टीयूब रोज (गुलाब)**

रोपाई: फ़रवरी मार्च में मैदानी में, अप्रैल, मई में पहाड़ों पर। 20 से 25 सेमी की दूरी पर 5 से 7 सेमी के गढ्ढे में

पैदावार: 2 से 6 फूल हर पौधे से

गुलदस्ते में उम्र:6 से 8 दिन

**गुलाब**

रोपाई: अक्टूबर से अप्रैल की शुरुआत तक। 60 गुणा 60 सेमी की दूरी पर।

कटाई का चरण: एक दो पंखुड़ियों के खिलते ही।

पैदावार: 15 से 30 हर पौधे से।

गुलदस्ते मे उम्र: 4 से 7 दिन

**मॉरीगोल्ड**

रोपाई- साल के किसी भी समय 40 गुणा 40 सेमी

कटाई का चरण: पूरा आकर का होने पर

पैदावार: 11 से 18 टन / हेक्टेयर

गुलदस्ते में उम्र: 2 से 4 दिन

**ग्लैदोलस**

रोपाई: जुलाई या दिसंबर मे 30 गुणा 20 सेमी की दूरी और । सेमी गहरे गड्ढे में।

कटाई का चरण: पंखुड़ियों में रंग आने पर।

पैदावार: 10,000 से 15,000 छड़े। गुलदस्ते में उम्र: 14 से 21 दिन, 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तापमान में।

# अब सूरज सा चमकेगा खेत



आपने भी कभी किसी हाइवे से गुज़रते हुए या ट्रेन में सफ़र करत हुए चमकते हुए सूरजमुखी के पीले फूलों के खेत को देखा होगा, ये नज़ारा आपकी आँखों को दो पल के लिए सुकून ज़रूर देता होगा, पहले यह फसल एक फूल के रूप में ही उगाई जाती थी, वनस्पति उत्पादक असोसिएशन के आँकड़ों के अनुसार हमरे देश में सूरजमुखी 38,8000 हेक्टेयर भूमि में उगाया जाता है। इसमें 40-50 प्रतिशत अच्छे किस्म का तेल होता है, सूरजमुखी का तेल पीले रंग का होता है तथा व्यंजनो को पकने में प्रयोग किया जाता है यह तेल हाइड्रोजिनेटेड तेल बनाने के काम भी आता है, इसके लिए तेल में 40-44 प्रतिशत अच्छी किस्म का प्रोटीन होता है।

इसकी खेती हल्की से भारी मिट्टी में सफलतापूर्वक की जा सकती है, लेकिन मध्यम किस्म की भूमि अधिक उपयुक्त रहती है मिट्टी का पीएच मान 6-5 से 8-5 इसकी सफल पैदावार के लिए उपयोगी होती है खेत से जल निकास का प्रबंध हों आवश्यक है, पिछली फसल की कतई के बाद मिट्टी पलटने वाले हाल से एक जुताई करें। बाद में अच्छे अंकुरन के लिए भूमि की दो से तीन बार जुताई करें। इसके बाद पाटा सुहागा लगाकर बुआई के लिए खेत तैयार करें।ध्यान रहे कि खेत में ढेले न रहें, सूरजमुखी की फसल को साल में तीन बार बोया जा सकता है। खरीफ मौसम में अधिक उपज हेतु इसकी बुआई अगस्त माह में करें, रबी में मध्य अक्टूबर से नवम्बर के प्रथम पखवाड़े तक व बसंत कालीन बुआई के लिए जनवरी से फ़रवरी अंत का समय उत्तम है।

एक हेक्टेयर की बुआई के लिए संकर किस्म का बीज 4-5 किलोग्राम, उनन्त किस्म का 10 किलोग्राम बीज पर्याप्त होता है। बीज को 4-6 घंटे तक पानी में भिगोना चाहिए उपर तैरने वाले थोथे बीजों को अलग निकाल देना चाहिए, भिगोये गये बीज को छाया में सूखा लें।

बीज जनित बीमारियों की रोकथाम एवं अच्छे अंकुरन के लिए बुआई से पूर्व बीज को 2-3 ग्राम थाईरम या कैप्टान प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। बुआई हाल द्वारा व चौव कर भी की जा सकती है, उन्नत क़िस्मों को क़तारों में 45 सेमी तथा संकर क़िस्मों को 60 सेमी की दूरी पर बोएँ तथा पौधे से पौधे की दूरी 20-30 सेमी रखें। बीज को भूमि की नामी अनुसार 3-5 सेमी गहरा बोएँ, बुआई के 15-20 दिन बाद घने पौधे उखाडकर पौधों के बीच निश्चित दूरी रखें।

बुआई के 15-20 दिन बाद खरपतवार निकाल दें इसी समय पौधों की छूटयी कर पौधे से पौधे की दूरी सिर्फ़ आवश्यकता अनुसार करे तथा खरपतवरों को समय-समय पर नष्ट करें। रसायनों द्वारा कहरपतवरों के नियंत्रण हेतु एलकलोर 1-5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से पानी में घोलकर बुआई के एक दिन बाद च्चिड़काव करें या 750 ग्राम फ्लुफलोरेलीन प्रति हेक्टेयर की दर से पानी में घोकर बुआई के एक दिन पहले खेत में छिड़काव कर अच्छी तरह मिट्टी में मिलाएँ। यदि अधिक बढ़ने वाली किस्म बोई जाती है तो फसल को गिरने से बचाने के लिए कलियाँ बनते समय पौधे पर मिट्टी चढ़ाएँ, बुआई से पूर्व 7-8 टन प्रति हेक्टेयर सड़ी हुई गोबर की खाद भूमि में डालकर अच्छी तरह मिलाएँ उर्वरकों का प्रयोग मिट्टी परीक्षण के आधार पर ही करें। यदि किसी कारणवश मिट्टी परीक्षण नही करवा पाते हो तो सिंचित फसल में 60-80 किलोग्राम नाइट्रोजन, 60 किलोग्राम फॉस्फोरस तथा 40 किलोग्राम पोटॅश 80-125 किलोग्राम उरिया, 130 किलोग्राम मूरेट ऑफ पोताश प्रति हेक्टेयर की दर से पूरी मात्रा बुआई करते समय बीज के नीचे क़तारों में डाले। फॉस्फोरस की मात्रा की सिंगल सुपर फॉसफेट द्वारा पूर्ति किए जाने पर वांच्छित मात्रा में गंधक की भी आपूर्ति हो जाती है जो कि तिलानी फसलों में तेल की मात्रा बढ़ता है फूल आने के समय सिचाई करना ज़रूरी होता है प्रथम सिचाई बुआई के एक माह बाद व अन्य सिचाई 20-25 दिन के अंतराल से आवश्यकतानुसार करे, फूल आने के समय एक हल्की सिचाई अवश्य करें। यदि वर्षा अच्छी हो जाए तो खरीफ मौसम की फसल को एक भी सिचाई की।



# नींबू पहाड़ मामले में सरकार की याचिका खारिज, सीबीआई जांच का रास्ता साफ

## सीबीआई की ओर से एफआईआर दर्ज करने को लेकर की गई थी याचिका दायर

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** नींबू पहाड़ पर अवैध खनन के मामले में सीबीआई जांच पर लगी रोक को झारखंड हाईकोर्ट ने हटा दिया। अब इस मामले की जांच को सीबीआई आगे बढ़ा सकेगी। दरअसल, नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में राज्य सरकार की सहमति के बगैर सीबीआई की ओर से एफआईआर दर्ज करने को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। साहिबगंज के नींबू पहाड़ पर सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्र एवं अन्य के संरक्षण में अवैध खनन का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच रोकने को लेकर याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में राज्य सरकार की याचिका खारिज की। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने पर कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। एक सप्ताह पहले ही इस मामले पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में राज्य सरकार की तरफ से पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट का आदेश केवल प्रारंभिक जांच यानी पीई दर्ज करने का था, लेकिन राज्य सरकार की अनुमति के बिना सीबीआई ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली, जो गलत है। पीई में अगर सीबीआई को कुछ मिला था तो राज्य सरकार की अनुमति लेनी चाहिए थी। सीबीआई की ओर से वरीय वकील अनिल कुमार ने कहा था कि हाईकोर्ट का आदेश था कि अगर पीई में कुछ आपराधिक घटनाओं की संलिप्तता मिलती है तो वह कानून सम्मत निर्णय लेकर आगे की कार्रवाई कर सकता है। पीई में आपराधिक संलिप्तता और हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में सीबीआई डायरेक्टर ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।




### क्या है पूरा मामला

विजय हांसदा ने पूर्व में पंकज मिश्रा एवं अन्य द्वारा नींबू पहाड़ पर अवैध खनन को लेकर जो शिकायत की थी, उसकी सीबीआई जांच करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया था। बाद में विजय हांसदा ने अपने उस याचिका को वापस लेने का अनुरोध कोर्ट से किया था, लेकिन हाईकोर्ट ने उसके इस आग्रह को नहीं मानते हुए दबाव में याचिका वापस लेने के आग्रह और नींबू पहाड़ अवैध खनन की वस्तुस्थिति की प्रारंभिक जांच करने का आदेश सीबीआई को दिया था। सीबीआई ने इसकी प्रारंभिक जांच में मिले तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट से साहिबगंज में नींबू पहाड़ में अवैध खनन मामले में एक संशोधित आदेश पारित करने का आग्रह किया, लेकिन हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा नींबू पहाड़ में अवैध खनन को लेकर प्राथमिक दर्ज करने के आग्रह का निरस्त कर दिया था। इसके बाद भी सीबीआई ने बिना हाईकोर्ट की अनुमति एवं राज्य सरकार की सहमति के नींबू पहाड़ पर अवैध खनन को लेकर 20 दिसंबर 2023 को प्राथमिक दर्ज की थी जिसे राज्य सरकार ने चुनौती दी थी।

# हेमंत के बजट सत्र में शामिल होने वाली याचिका पर सुनवाई, ईडी ने मांगा समय

**RANCHI :** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। इसके बाद ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इस मामले में अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी। पीएमएलए स्पेशल कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी है। पीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने हेमंत सोरेन के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमतिवाली याचिका खारिज कर दी थी। पीएमएलए स्पेशल कोर्ट द्वारा याचिका खारिज करने के बाद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन झारखंड हाईकोर्ट पहुंचे। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में वर्चुअल मोड में सुनवाई में भाग लेते हुए ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू ने जवाब के लिए समय मांगा। सोमवार को सुनवाई करने का आग्रह किया। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने मामले की अगली सुनवाई सोमवार को निर्धारित की। पीएमएलए की विशेष अदालत ने पिछले दिनों दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत में सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा था। उन्होंने कोर्ट को बताया कि 23 फरवरी से शुरू होनेवाला बजट सत्र दो मार्च तक चलेगा।

**अगली सुनवाई 26 को**



# झारखंडी जनता के जवाब के लिए तैयार रहे केंद्र : झामुमो




**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष नौवें दिन शुक्रवार को धनबाद जिला समिति अध्यक्ष लखी सोरेन की अध्यक्षता में उपवास रखा। मौके पर लखी सोरेन ने कहा कि झारखंडी जनता के जवाब के लिए केंद्र सरकार तैयार रहे। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में लोगों में रोष है। इसी का परिणाम है कि गांव-गांव में न्याय यात्रा निकाले जा रहे हैं। अलग-अलग संगठन भी धार्मिक स्थलों पर पूजा-पाठ और दुआएं कर रहे हैं। केंद्र की तानाशाही का अंत 2024 में जरूर होगा। उपवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी, धनबाद जिला समिति के केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय सहित अन्य कई नेता मौजूद थे।

# जुमार नदी पर 7.5 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा आधुनिक शवदाह गृह : संजय सेठ

**PHOTON NEWS RANCHI :** जुमार नदी पर बनने वाले रांची के सबसे बड़े शवदाह गृह को लेकर सांसद संजय सेठ ने उपरोक्त स्थल और शमशान घाट का निरीक्षण किया। सांसद संजय सेठ की पहल पर जुमार नदी के श्मशान घाट पर 7.5 करोड रुपए की लागत से रांची के सबसे बड़े शवदाह गृह का निर्माण होना है, जहां विद्युत चलित शवदाह की व्यवस्था भी होगी और चूल्हा भी रहेगा। यह मॉडर्न शवदाह गृह होगा, जहां लोग पारंपरिक रीति रिवाज से भी और विद्युत के माध्यम से भी अंतिम संस्कार कर सकेंगे। उपरोक्त स्थल पर सबसे बड़े शवदाह गृह बनाने का प्रस्ताव सांसद संजय सेठ ने ही दिया था। इस स्थल पर रिम्स के लावारिस शवों का भी अंतिम संस्कार किया जाता है। ऐसे शवों की संख्या भी दर्जनों में होती है, ऐसी स्थिति में शवदाह गृह के निर्माण होने से यह कार्य भी सुगमता पूर्वक हो सकेगा। सांसद श्री सेठ ने बताया कि उपरोक्त स्थल पर चार भवन भी बनेंगे। इसके अलावे अन्य कई सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। अब चूंकि इस नदी में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग छठ व्रत भी करते हैं, इसलिए इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा की छठव्रतियों को कोई समस्या नहीं हो। उनके लिए भी सुविधा मुहैया कराई जा सके। इन मुद्दों को लेकर सांसद ने छठ पूजा समिति से जुड़े लोगों के साथ भी बातचीत की है और संबंधित अधिकारियों से भी बातचीत कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। स्थानीय लोगों और छठ पूजा समिति सहित विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं के साथ बहुत जल्द एक बैठक आयोजित की जाएगी।



श्मशान घाट का निरीक्षण करते सांसद संजय सेठ।

# पूर्व पार्षदों पर मारपीट व गाली-गलौज करने का आरोप, ठेकेदार ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**CRIME REPORTER RANCHI :** धुर्वा थाना में राज फन एंड आर्ट के राघवेंद्र कुमार सिंह ने धुर्वा निवासी वार्ड 39 के पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह, वार्ड 38 के पूर्व पार्षद आनंदमूर्ति, आदर्श नगर जेपी मार्केट निवासी धीरेंद्र सिंह उर्फ बम बम एवं भाजपा के धुर्वा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव के विरुद्ध धुर्वा थाना में लिखित आवेदन देकर धुर्वा डेली मार्केट, शालीमार बाजार एवं सेक्टर 2 मार्केट से महसूल लेने में बाधा उत्पन्न करने एवं कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए धुर्वा थाना कांड संख्या 73/24 मामला दर्ज करवाया है। अपने लिखित आवेदन में राघवेंद्र कुमार सिंह ने लिखा है कि वे धुर्वा थाना क्षेत्र के सेक्टर 1 एच ई सी निवासी हैं, एच ई सी नगर विकास विभाग के द्वारा धुर्वा डेली मार्केट शालीमार बाजार एवं सेक्टर 2 बाजार का उच्च तम बोली लगाकर महसूल वसूली का ठेका लिया है। ठेका मिलने के बाद बाजार में महसूल वसूली के क्रम में कंपनी के आदमियों को महसूल वसूली करने में बाधा उत्पन्न किया जाता है, और मारपीट एवं गाली गलौज भी किया जाता है। इस संबंध में धुर्वा थाना में पूर्व में 4 दिसंबर 2023 को लिखित आवेदन दिया गया था। उसके बाद 20 फरवरी 2024 को शालीमार बाजार में वेद प्रकाश सिंह आनंदमूर्ति, धीरज सिंह उर्फ बम बम, उमेश यादव एवं अन्य के द्वारा बाजार लगाने वाले लोगों को गोल बंद कर बाजार को बंद करवाया गया एवं महसूल वसूली नहीं करने दिया गया । इस तरह अगर यह लोग महसूल वसूली करने में बाधा उत्पन्न करेंगे तो एच ई सी को पैसा देने में मुझे दिक्कत होगी। अपने आवेदन में राघवेंद्र कुमार सिंह ने पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह के ऊपर आरोप लगाया है कि वह धुर्वा डेली मार्केट में विक्रेता अध्यक्ष बनाकर वसूली करवाते हैं।

# पिठोरिया के नए थाना प्रभारी गौतम ने ग्रहण किया पदभार

**RANCHI :** पिठोरिया थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में गौतम कुमार राय ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी अभय कुमार से पदभार लिया। पदभार संभालने के बाद थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने कहा कि उनकी पहली प्राथिमकता होगी कि क्षेत्र में शांति, सद्भावना बरकार रहे, पुलिस और जनता के बीच अच्छा रिश्ता कायम हो ताकि लोगो मे पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े। लोग अपनी समस्या को ले कर सीधा थाना में आकर मुझसे मिल सकते है। इस बीच निवर्तमान थाना प्रभारी अभय कुमार को थाना के स्टाफ और क्षेत्र के लोगो द्वारा विदाई भी दी गई। लोगो ने अभय कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुवे कहा कि निवर्तमान थाना प्रभारी अभय कुमार का पिठौरिया थाना में कार्यकाल सफल प्रभारी के रूप में रहा। उनके रहते अपराध में अंकुश लगा, और कई मत्वपूर्ण कांडों का भी उद्भेदन किया। साथ ही पुलिस और जनता के बीच अच्छा रिश्ता भी बना।



# गर्मी से पहले चालू होगा एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स

**RANCHI :** झारखंड में गर्मी से पहले एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स शुरू हो जाएगा। पर्यटन विभाग इसके लिए एजेंसियों का चयन करेगा। पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप के तहत छह डैमों में वाटर स्पोर्ट्स शुरू होगा। इसी के तहत पर्यटन निदेशालय ने प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। जिसके तहत लाइफ सेविंग टेक्निक (वाटर स्पोर्ट्स ऑपरेटर्स) सिखाया जाएगा। वहीं पावर बोट हैंडलिंग, वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी संचालन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश के डैमों में मत्स्य मित्रों द्वारा वाटर एक्टिविटी को संचालित किया जाता है। मगर अब रांची के खेल गांव और कांके डैम, रामगढ़ के पतरातू डैम में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन 66 नवनियुक्त वैज्ञानिकों को सौंपा प्रमाण पत्र

# सिल्क उद्योग महत्वपूर्ण योगदान दे रहा : गवर्नर

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची झारखंड के राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन ने केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, में केन्द्रीय रेशम बोर्ड के 66 नवनियुक्त वैज्ञानिकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि सिल्क उद्योग का लोगों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान है। इस उद्योग में किसान एवं श्रमिकों का भी अहम योगदान है। उन्होंने नवनियुक्त वैज्ञानिकों को कहा कि इस क्षेत्र को नवाचार, नई तकनीकी व नई प्रणाली के साथ विकसित करने की आवश्यकता है ताकि विश्व के मानचित्र पर भारत सर्वाधिक सिल्क उत्पादन एवं निर्यात करने वाला देश बन सके। इससे देश आर्थिक प्रगति के साथ-साथ किसान एवं श्रमिकों के आय में वृद्धि होगी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड में तसर सिल्क एवं बाजार की मांग के अनुरूप तसर से संबंधित उत्पादों में विविधता लाने की आवश्यकता है। इस अवधारणा के साथ कार्य करने पर विश्व के अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। प्रतिस्पर्धा के लिए आत्मविश्वास एवं सतत प्रयास आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कोरोना का टीका विकसित करने एवं चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान के लैंडिंग हेतु वैज्ञानिकों का निरंतर उत्साहवर्धन किया और हमारे वैज्ञानिकों ने आत्मविश्वास के साथ सफलता हासिल की। राज्यपाल ने कहा कि सिल्क उद्योग के विकास में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय भी आवश्यकतानुसार अपनी भूमिका निभाएगा।



कार्यक्रम में राज्यपाल को मोमेंटो देकर सम्मानित करते अतिथि।

- आर्थिक प्रगति के साथ-साथ किसान एवं श्रमिकों के आय में होगी वृद्धि
- मांग के अनुरूप तसर से संबंधित उत्पादों में विविधता लाने की आवश्यकता
- प्रतिस्पर्धा के लिए आत्मविश्वास एवं सतत प्रयास आवश्यक

# होटल अशोक को खंडर होने से बचाए सरकार : विजय नायक

**PHOTON NEWS RANCHI :** 1985 में एकीकृत बिहार मे निर्मित राजधानी रांची स्थित झारखंड का गौरव होटल अशोक डोरंडा को अगर जल्द खंडहर होने से नहीं बचाया गया तो संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी जोरदार आंदोलन करने का कार्य करेगी जिसकी जिम्मेवारी राज्य सरकार पर होगी। उपरोक्त बातें संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी झारखंड छत्तीसगढ़ विजय शंकर नायक ने कहीं। इन्होंने यह भी कहा कि राज्य का गौरव होटल अशोक डोरंडा रांची केंद्र एवं राज्य सरकार के उपेक्षा के कारण खंडहर में तब्दील होता जा रहा है और सरकार मुक दर्शक बनकर तमाशा देख रही है जिसे संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा और अब आर पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होगी । श्री नायक ने आगे बताया कि रांची शहर एवं राजधानी की धरोहर को 29 मार्च 2018 को बंद कर दिया गया । 30 साल पुराने होटल अशोक की हालत आज बेहद खराब हो गई है। एक समय सिटी की धरोहर माने जाने वाले इस होटल की बबार्दी का आलम यह है कि अब यह खंडहर में तब्दील होता जा रहा है।



## BRIEF NEWS

### हनुमान बाटिका की मनी 30वीं वर्षगांठ



**ROURKELA :** हनुमान बाटिका चैरिटेबल ट्रस्ट ने 30वीं वर्षगांठ शुक्रवार को मनाई । सुबह 9 बजे से 24 पहर यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में सुंदरगढ़ जिले के विभिन्न अंचल से खासकर बणई, गुरुंडिया, फर्टिलाइजर और राउरकेला अंचल से कीर्तन पार्टियों को आमंत्रित किया गया था। इसके साथ ही यज्ञ, होम जैसे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गया। वर्षगांठ का समापन पर यज्ञ की पूणार्हुति भी की गई। मंदिर ट्रस्ट के संपादक शुभ पटनायक और पत्नी सुलिता पटनायक कर्ता के रूप में यज्ञ में बैठे इसमें अन्य ट्रस्टी व कार्यकर्ता भी शामिल थे। शाम को भव्य प्रसाद भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आज के पूणार्हुति यज्ञ कार्यक्रम में अजय मिश्र, जयदेव मिश्र, हनुमान बाटिका एवं अन्य पुजारियों की प्रमुख भूमिका रही। इस तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव पर राउरकेला शहर व आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है कि यह वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हनुमान बाटिका चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलीप रॉय के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।

### सुंदरगढ़ पब्लिक स्कूल में विश्व चिंतन दिवस आयोजित




**SUNDARGARH :** स्काउट, गाइड के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पॉवेल के जन्मदिन के अवसर पर सुंदरगढ़ पब्लिक स्कूल में विश्व चिंतन दिवस का आयोजन किया गया। ट्रस्टी संपादक राजकिशोर षाड़ंगी की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्षा हरिप्रिया पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। बाद में स्काउट मास्टर अशोक परिदा के नेतृत्व में स्काउट ध्वज फहराया गया तथा स्काउट राष्ट्रगान गाया गया। अध्यक्ष हरिप्रिया पटेल ने इस वर्ष के विश्व चिंतन दिवस की थीम पर प्रकाश डाला।

### आरएमसी ने 'शहरी विकास, राज्य सरकार का संकल्प' जागरूकता शिविर किया आयोजित



**ROURKELA :** राउरकेला महानगर निगम की ओर से शुक्रवार को उदितनगर क्षेत्र में 'आम ओडिशा नवीन ओडिशा, शहरी' कार्यक्रम के तहत 'शहरी विकास, राज्य सरकार का संकल्प' विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य सरकार की ओर से राउरकेला में चलायी जा रही विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के श्रम एवं कर्मचारी बीमा मंत्री शारदा प्रसाद नायक शामिल हुए और उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जनता को जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "माननीय मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक के नेतृत्व में समग्र ओडिशा में परिवर्तन महोत्सव में भाग लेते हुए आज राउरकेला महानगर निगम विकास के शीर्ष पर पहुंच गया है।" उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हमेशा इसके लिए प्रतिबद्ध है राउरकेला शहरी क्षेत्र का विकास। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गई मुक्त योजना ने शहरी क्षेत्रों में एसएचजी माताओं के विकास को गति दी है और श्रमिकों का रोजगार सुनिश्चित किया है और युवा वर्ग को आत्मनिर्भर करने के लिए 'स्वयं' योजना राज्य सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है। स्थानीय एसएचजी महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित भोजन के स्टालों के साथ एक मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्थानीय क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं द्वारा नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुतियां दी गयी तथा प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफियां प्रदान की गयीं। राउरकेला शहर के विकास पर एक वीडियो दिखाया गया। कार्यक्रम में आरएमसी संयुक्त आयुक्त पल्लवी नायक, उपायुक्त अनिता नायक सहित आरएमसी कर्मचारी और शहर के प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

**ROURKELA :** आगामी 25 फरवरी से राउरकेला इस्पात स्टेडियम में तीसरा जिला स्तरीय महिला क्रिकेट टूनार्मेंट शुरू होने जा रहा है। आयोजक राउरकेला पूर्व महिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अधिक से अधिक दर्शकों को मैच का आनंद लेने का अनुरोध किया गया है।

### राज्य टेनिस टूर्नामेंट शुरू, 50 टीमें ले रही भाग



**ROURKELA :** राउरकेला में शुक्रवार को राज्य टेनिस प्रतियोगिता शुरू हुई। इस टूर्नामेंट में राज्य के विभिन्न जिलों से विभिन्न श्रेणियों में 50 से अधिक टीमों ने भाग लिया है। यह गेम मुख्य रूप से 35, 45 और 55 वर्ष से ऊपर की तीन श्रेणियों में खेल हो रहा है। टेनिस खेल को बढ़ावा देने के लिए राउरकेला टेनिस एसोसिएशन द्वारा टूनार्मेंट का आयोजन किया जाता है। शुक्रवार को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन पश्चिमांचल के डीआईजी नित शेखर ने किए। उद्घाटन समारोह में राउरकेला टेनिस एसोसिएशन के संपादक प्रकाश सेनापति सहित फेडरेशन के कई सदस्य उपस्थित थे।

### बंडामुंडा के बस्ती इलाके में पानी की समस्या होगी दूर



**ROURKELA :** बंडामुंडा सेक्टर सी स्थित स्टेशन बस्ती,गुपचुप बस्ती के क्षेत्रों में पीने के पानी की किल्लत को देखते हुए अब 'नल-जल योजना' से लोगों के घरों तक पानी पहुंचेगा।जिससे इन बस्तियों में पेयजल समस्या का समाधान हो सकेगा। बंडामुंडा स्टेशन बस्ती,गुपचुप बस्ती में नल-जल योजना के तहत घरों में पीने के पानी पहुंचाने के लिए पाइप बिछाने के कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने नारियल फोड़कर किया। राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब बंडामुंडा के स्टेशन रोड के समीप स्थित बस्तियों के घरों में पानी पहुंचने की उम्मीद लोगों में जगी है। राउरकेला विधायक सह श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक के प्रयास से बस्ती क्षेत्र के लोगों के घरों तक जल पहुंचाने के लिए एक ओवरहेड टंकी का निर्माण किया गया है। जिससे बस्ती वालों को पाइप लाइन के जरिये जलापूर्ति किया जाएगा।

### कास्ट एकाउंटेंसी में किशन को मिला 37वां रैंक



**ROURKELA :** किशन अग्रवाल ने इंडियन कास्ट मैनेजमेंट एकाउंटेंसी में भारतीय स्तर पर 37वां रैंक प्राप्त कर अपने घरवालों और राउरकेला का नाम रोशन किया है। टाप टेन की सूची में ओडिशा से मात्र दो छात्र का नाम में शामिल है किशन अग्रवाल । राउरकेला के जीटी लेन निवासी संजय अग्रवाल के पुत्र किशन ने सरस्वती विद्यामंदिर से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा पास करने बाद म्यूनिसिपल कालेज से इंटर व राउरकेला कालेज से स्नातक के बाद सेक्टर-17 चैप्टर से कास्ट एकांउटिंग कर रहे थे। परीक्षा दिसंबर 2023 में संपन्न हुआ एवं बुधवार को इसका परिणाम आया। परिणाम आने पर किशन के घरवालों में खुशी से झूम उठे। किशन को बधाई देने वालो की भीड़ लगी रही।


# राजद माई-बाप के साथ-साथ ससुराल की भी पार्टी

## आनंद मोहन बोले- स से साधु, सु से सुभाष, रा से राबड़ी, ल से लालू

**एजेंसी समस्तीपुर ।** बाहुबली नेता पूर्व सासंद आनंद मोहन ने तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार किया है। समस्तीपुर में उन्होंने कहा है कि राजद माई- बाप के साथ सबसे पहले ससुराल की पार्टी थी और आज भी है। ससुराल का पूरा मतलब समझाते हुए कहा कि स से साधु, सु से सुभाष, रा से राबड़ी और ल से लालू। फुलफार्म बताते हुए उन्होंने कहा कि स से संजय, सु से सुनील,रा से राजश्री और ल से लफुअन। आनंद मोहन गुरुवार देर शाम समस्तीपुर के मोहिउद्दीननगर के रासपुर पतसिया में आयोजित पृथ्वी राज चौहान जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज भी राजद ससुराल की ही पार्टी है।दरअसल, सीतामढ़ी में तेजस्वी ने जन विश्वास यात्रा को



संबोधित करते हुए कहा था कुछ लोग कहते हैं राजद माई ( ट ) की पार्टी है, लेकिन आज उन लोगों को बताना है कि हमारी पार्टी राजद न सिर्फ माई की पार्टी है, बल्कि ये बाप इअअढ की भी पार्टी है। अब आपको इसका मतलब समझना होगा। यहां इ का मतलब है - बहुजन, अ का मतलब -अगड़ा, अ का मतलब - आधी आबादी, ढ का मतलब -पुअर या गरीब की पार्टी है।आनंद मोहन ने आगे कहा कि ठाकुर का कुंआ नापने की बात कही तो ठाकुर के कुंए ने सरकार



भी गिराई, शपथग्रहण भी गिराया। खुले मंच पर कहा कि चपरासी के बेटे से ऋण नहीं लिया, कर्ज नहीं खाया। दो सीट दी और 200 सीटों पर समर्थन पाया। चेतन आनंद ने टिकट के लिए कहीं आवेदन नहीं दिया। खुद ही जेल में आकर संपर्क किया और कहा हम अछूत नहीं है हम पर यकीन कीजिए। उन्होंने चेतन आनंद के विधानसभा में पाला बदलने की बात पर कहा कि चेतन आनंद ने पाला नहीं बदला। वह डंके की चोट पर विपक्ष को छोड़ सत्ता पक्ष में मजबूती से जाकर बैठ गया। जो हिसाब करना था वह हिसाब हो गया। उन्होंने कहा कि वह भौंकने वालों को जवाब नहीं देंगे। वक्त आने पर जुबान खोलेंगे तो सभी नंगे हो जाएंगे।इससे पहले आनंद मोहन के आने पर आयोजन समिति के सदस्यों ने 51 किलो के गेंदा का माला पहनाकर उनकी भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने पृथ्वी राज चौहान के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित का उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर स्थानीय भाजपा के विधायक राजेश कुमार के साथ ही बड़ी संख्या में संगठन के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर सिंह ने की जबकि संचालन डॉक्टर सुबोध सिंह ने किया।

## संक्षिप्त डायरी

### दंपती की बेहरमी से पिटाइ, दांत से काटा



**आरा।** भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में भैसुरझगोतनी ने देवरझदेवरानी की पिटाई कर दी। गुरुवार की देर शाम कर्ज चुकाने के पैसे नहीं देने के विवाद को लेकर देवरझदेवरानी की लातझघुसे और डंडे से मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इस दौरान भतीजे ने अपनी चाची को पहले थप्पड़ से चेहरे पर मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इसके बाद उसके पीठ पर दांत से नोच लिया। मामला शांत होने के बाद पीड़ित महिला ने इस घटना की जानकारी अपने मायके वालों को दी। उसके बाद इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल गया ।पीड़ित महिला बिहिया थाना क्षेत्र संडौर गांव निवासी 30 वर्षीय अख्तर अली एवं 22 वर्षीय पत्नी सोनी खातून है । इनकी शादी वर्ष 2018 में हुई थी,सोनी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामदेव छपरा की रहने वाली है। सोनी के दो बेटी सबानू एवं सुमेगा है। इधर,पीड़िता ने बताया कि उनके पति रिक्शा चलाने का काम करते है। सोनी ने बताया कि उसके किचन के छत का सेड टूट गया था। पति के पास पैसा नहीं होने के कारण वो अपने मायके वालों से पचास हजार रुपए की मदद ली थी।सोनी ने बताया कि उनके गोतनीझ भैसुर दूसरे लोगों से करीब दो से तीन लाख में रुपए कर्ज लिए थे। जैसे ही ससुराल में पैसे लाने की जानकारी मेरे भसूरझगोतनी मिली तो उनलोगों के द्वारा कर्ज चुकाने के लिए पचास हजार रुपए की मांग की जाने लगी। जब पैसा देने से मना किया तब उक्त लोगों के द्वारा घर में घुसकर लातझ घुसे से जमकर पिटाई की ।इसके बाद दांत काट लिया गया। वहीं, घटना के बाद पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। घटना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एक ही परिवार के 5 लोग सड़क हादसे का शिकार



**पूर्णिया।** पूर्णिया में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आने से एक ही परिवार के 5 लोग घायल हो गए। सभी एक बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे कि तभी सामने से आ रही चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, हादसे के बाद स्थानीय मौके पर जुटे। जिसके बाद स्थानियों की मदद से सभी को जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया गया। जहां सभी का इलाज जारी है। घटना सरसी के बनिया पट्टी चौक के समीप हुआ।घायलों में डगरूआ थाना क्षेत्र के बरसोनी गांव निवासी युगेश्वर यादव के बेटे भगवान कुमार, बहु खुशबु कुमारी, पोती रिया कुमारी और पोता लक्ष्य राज व रौनक कुमार शामिल हैं। घटना की जानकारी देते हुए भगवान कुमार ने बताया कि वो अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर सरसी बालूपट्टी स्थित ससुराल से वापस अपने घर बरसौनी जा रहे थे, कि तभी बनिया पट्टी चौक के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में उनके साथ ही पत्नी और बच्चे बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुटता देख चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया। वहीं, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए स्थानियों ने उन्हें GMCH पूर्णिया में एडमिट कराया। जहां सभी का इलाज जारी है। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई है।

### गंगा नदी में डूबने से युवक की मौत



**आरा ।** भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के पीपरपाती गांव स्थित गुरुवार को गंगा नदी में डूबने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के पीपरपाती गांव निवासी स्व.राम भरोसा चौधरी का 33 वर्षीय बेटे प्रमोद चौधरी है एवं पेशे से मजदूर था। इधर,मृतक के छोटे भाई सरोज चौधरी ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ गांव में स्थित गंगा नदी घाट के पास नहाने गया था। जहां नहाने के उसने गंगा नदी में छलांग लगा दी। लेकिन वह पानी से बाहर नहीं निकला। काफी देर हो जाने के बाद जब वह बाहर नहीं निकला तो उसका बेटा फौरन घर आया और इसकी जानकारी उसे एवं अन्य लोगों को दी। सूचना पाकर सभी लोग फौरन गंगा नदी घाट के पास पहुंचे। इसके बाद उन्हें इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। उसके बाद परिजन द्वारा स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया।जिसके बाद गोताखोरों के अथक प्रयास के बाद शव को पानी से बाहर निकल गया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई और दो बहन में बड़ा था। मृतक के परिवार में मां मांति देवी, पत्नी संगीता देवी व दो पुत्र लवकुश कुमार, आदि कुमार एवं एक बेटी खुशी कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां मांती देवी,पत्नी संगीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शराबियों को शराब नहीं पीने का शपथ बैच लगाया



**सहरसा।** सहरसा में उत्पाद विभाग की अनोखी पहल देखने को मिली है। अब गुरुवार को गिरफ्तार शराबियों को शराब नहीं पीने का शपथ का बैच लगाकर कोर्ट भेजा जा रहा है। इस तरह के उत्पाद विभाग के कारनामे को देखकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।वहीं, भारी मात्रा में कोरेक्स और देसी शराब के साथ 3 कारोबारी सहित 15 को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद विभाग की पुलिस सभी शराबियों को सपथ पत्र का बैच लगाया गया है। जो तस्वीर के माध्यम से साफ तौर पर देखा जा सकता है कि शराबियों को शपथ पत्र का बैच लगा हुआ है। शराबबंदी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मद्यनिषेध विभाग द्वारा गिरफ्तार शराबियों को शराब का सेवन नहीं करने के शपथ का एक बैच लगाकर एक नई पहल की अनोखी शुरूआत किया गया है। इसी कड़ी में गिरफ्तार 12 शराबियों को एक साथ बैच लगाकर कोर्ट भेजा गया। वहीं प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप और चूलाय शराब के साथ गिरफ्तार 3 कारोबारियों को भी कोर्ट भेजा गया। इस मामले को लेकर उत्पाद इंस्पेक्टर संजीत कुमार ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मद्य निषेध एवम उत्पाद विभाग द्वारा छापेमारी के दौरान कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें 3 प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप और चूलाय शराब के साथ गिरफ्तार हुआ। कुल 546 बोतल कॉरेक्स और 7 लीटर देसी चूलाय शराब बरामद किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि शराब पीने के आरोप में जो भी व्यक्ति गिरफ्तार हुआ। उसे विभाग द्वारा शराब नहीं पीने का शपथ उसको बैच लगाकर वापस भेजा जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य मद्य-निषेध का प्रचार प्रसार करना एवं लोगों को जागरूक करना है कि वे शराब नहीं पीए।बहरहाल, उत्पाद विभाग का यह पहल सही मायने में सराहनीय कदम माना जाएगा।

# 6 ट्रकों से लूटपाट, खलासी को मारी गोली

**एजेंसी आरा।** आराझछपरा फोरलेन कोईलवर थाना क्षेत्र में लगभग दस की संख्या में अपराधियों ने आधा दर्जन ट्रकों से लूटपाट किया। वही, लूटपाट का विरोध करने पर एक ट्रक खलासी को गोली मार दी। जख्मी खलासी को गोली दाहिने साइड सीने के ठीक ऊपर लगी है। गोली मारने के बाद जख्मी हालत खलासी को सड़क से दूर ले जाकर खेत में फेक दिया। इसके बाद ट्रक चालक ने इसकी सूचना कोईलवर थाना



पुलिस को दी। जख्मी हालत में चालक के मदद से उसे इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जख्मी खलासी मधुबनी जिले के सकरी थाना क्षेत्र के सकरी गांव निवासी राम खेलावन पासवान के 28 वर्षीय पुत्र रामदेव पासवान है । वह पेशे से ट्रक खलासी है।मामले में ट्रक चालक किशन महतो ने बताया कि वह गुरुवार की रात सहार थाना क्षेत्र के ननउर बालू घाट से बालू लोड कर मधुबनी जिले सकरी गांव जा रहा था । इसी बीच जमालपुर गांव के समीप ट्रकों की लाइन लगी हुई। उसी जाम में मेरा भी ट्रक लगा हुआ था,।

# अपराधियों ने बंधन बैंक कर्मी से 12 लख रुपए की लूट

**एजेंसी अररिया।** नरपतगंज NH-27 मुख्य सड़क मार्ग पर दो बाइक पर सवार चार की संख्या में अपराधियों ने बंधन बैंक कर्मी से 12 लख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया है। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि बंधन बैंक कर्मी से लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे एक बाइक पर सवार दो अपराधी असंतुलित होकर गिरने से एक अपराधी भी घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से फारबिसगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ अपराधियों द्वारा



बैंक कर्मी के साथ मारपीट भी की गई है। इससे दोनों बैंक कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों द्वारा बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। फारबिसगंज डीएसपी मौके पर पहुंचे।घटना के संबंध में बताया जाता है कि बंधन बैंक के मुख्य शाखा से नरपतगंज के पलासी शाखा के लिए रुपए लेकर 4 चक्का वाहन से जा रहे थे। इसी क्रम में दो बाइक पर चार अपराधियों ने ओवरटेक कर चार चक्का वाहन को रोका और हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया। इस घटना में अपराधियों द्वारा फायर करने की भी बात कही जा रही है।

लूट की वारदात के क्रम में दो बंधन बैंक कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से एक अपराधी को पुलिस पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। फारबिसगंज डीएसपी मौके पर पहुंच मामले की जांच करने की बात कर रहे हैं। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। वहीं नाकेबंदी कर अपराधियों की गिरफ्तारी में पुलिस जुट गई है।

# रील बनाने के दौरान ट्रेन से गिरा युवक,कटकर हुई मौत

**एजेंसी मुजफ्फरपुर ।** जंक्शन से होकर गुजर रही एक पैसेंजर ट्रेन के दरवाजे पर खड़े होकर रील बनाने के दौरान युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। पूरा मामला मुजफ्फरपुर जंक्शन से सटे बीबीगंज और माड़ीपुर के बीच का बताया जा रहा है। 05266 पैसेंजर ट्रेन में सवार एक युवक रील बनाने के दौरान संतुलन बिगड़ने से ट्रेन से नीचे गिर गया और उसी ट्रेन की चपेट आकर कट गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।यह घटना जिले के बीबीगंज फाटक नंबर दो के समीप हुई है। जहां, पाटलीपुत्रा से दरभंगा पसेंजर ट्रेन में सवार एक युवक रील बना रहा था।



वह अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। जिसके बाद वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसे उसकी दर्दनाक हो मौत हो गई। घटना के बाद आसपास लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगो के द्वारा युवक के रेल से कटने की जानकारी रेल थाने की को दी गई। मृत युवक की पहचान मोहम्मद रौजिद के 22वषीर्या पुत्र मोहम्मद औरंगजेब सीतामढ़ी जिले के रुन्नीसैदपुर निवासी के रूप में हुई है। रेल थाने के पुलिस कर्मी ने बताया कि सेल्फी लेने के दौरान युवक की मौत हुई है। इस संबंध में मृतक के परिजनों को घटना के संबंध में जानकारी दे दी गई है। फिलहाल जीआरपी मुजफ्फरपुर की टीम ने घटनास्थल पहुंच कर युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

# चलती ट्रेन से कूदी महिला

**आरा ।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर गुरुवार को ट्रेन से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद आरा आरपीएफ के द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। इसके बाद पुलिस द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। वही सूचना पाकर परिजन भी आरा सदर अस्पताल पहुंचे।जानकारी के अनुसार घायल महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरहियां गांव निवासी उपेंद्र राय की 40 वषीर्या पत्नी रिंकू देवी है। इधर, घायल महिला के देवर आनंद ने बताया कि उनकी दिमागी हालत कुछ महीनों से ठीक नहीं है।



जिसको लेकर उनका कोईलवर स्थित मेंटल अस्पताल से उनका इलाज भी कराया जा रहा है। इसी क्रम वह अकेले ही अपना दवा लाने के लिए आरा रेलवे स्टेशन ट्रेन पड़कर कोईलवर जा रही थी। उसी दौरान वह चलती ट्रेन से गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई।

# छपरा में स्वर्ण व्यवसायी के सीने में मारी गोली, मौत

**छपरा ।** छपरा में गुरुवार की देर शाम एक स्वर्ण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद अपराधी फायरिंग करते हुए फरार हो गया। घटना मढ़ौरा थाना क्षेत्र के तेजपुरवा गांव की है। तेजपुरवा निवासी संजय सोनी (40) दुकान से घर लौट रहे थे। अपराधियों ने घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर उन्हें गोली मारी है। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। गुरुवार देर रात शव को मढ़ौरा छपरा मुख्य मार्ग पर रख जाम कर दिया। इस दौरान आगजनी भी की, जिससे सड़क जाम हो गया। प्रदर्शन कर रहे लोग वरीय पुलिस पदाधिकारियों के मौके पर आने की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और लोगों को शांत कराया।स्थानीय लोगों ने बताया कि



मृतक संजय सोनी की तेजपुरवा बाजार में ज्वेलरी दुकान है। दुकान बंद कर वह घर लौट रहे थे। इसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने घर के पास ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इससे संजय के सीने में गोली लगी और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।मढ़ौरा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि तेजपुरवा बाजार के पास हत्या हुई है।

# राजद विधायक ने कहा सरकार नाम की कोई चीज नहीं

## राजद विधायक ने कहा- मुख्यमंत्री के आदेश को भी शिक्षा विभाग के अधिकारी पलट देते हैं

**एजेंसी गया ।** स्कूल टाइमिंग के मसले पर जिले के गुरुआ विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक विनय यादव ने प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग के एडिशनल ज्वाइंट डायरेक्टर केके पाठक के ऊपर जमकर तंज कसा है। विधायक विनय का कहना है कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज ही नहीं है। स्कूल टाइमिंग के मसले पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेश को भी शिक्षा विभाग के अधिकारी पलट देते हैं। मुख्यमंत्री ने 10 से 4 का स्कूल का समय करने को कहा था लेकिन केके पाठक नहीं माने। इस पर जब राजद ने बेल में जमकर घंटों विरोध किया तब जा कर टाइमिंग में सुधार किया गया। अब 9:45 में स्कूल के टीचर के



आने का और जाने का 4:15 किया गया। यह राजद की जीत है। यह बातें राजद विधायक ने मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान कही।उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया हमारे अभिभावक नीतीश



कुमार ने स्कूल का टाइम 10 से 4 करने था। लेकिन प्रदेश में हावी अफसरशाही ने उनकी बात नहीं मानी। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार नाम की कोई चीज ही यहां नहीं है। चाचा की भी बात उनके अफसर नहीं मानते हैं। मुख्यमंत्री यदि कोई घोषणा करते है तो वह कानून होता है। लेकिन उनकी बात को अफसर दरकिनार कर देते हैं। यह गलत है। स्कूल टाइमिंग को लेकर छात्र और शिक्षक दोनों ही असमंजस में थे। टाइमिंग का मसला ही क्लियर नहीं था। मुख्यमंत्री कुछ तो उनके अफसर कुछ कह रहे हैं। यह भ्रष्टाचारी सरकार बनी है। राजद ने शिक्षकों और आम जनता की आवाज को सदन में उठाया और हमारी जीत हुई।

# बरेली लोकसभा सीट बी जे पी का गढ़ सपा की राह मुश्किल

**बरेली ।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, राजनीतिक दल पूरी ताकत लगा रहे हैं। सपा और कांग्रेस का गठबंधन भी हो चुका है, लेकिन इस गठबंधन से पहले ही समाजवादी पार्टी ने बरेली लोकसभा सीट पर पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन को प्रत्याशी बनाया है।प्रवीण सिंह ऐरन 2009 से 2014 तक बरेली सीट से कांग्रेस के सांसद रहे हैं। बावजूद इसके बरेली सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर समाजवादी पार्टी और बसपा का अभी तक खाता नहीं खुला है।

भाजपा के मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार इस बार भी भाजपा से टिकट की दौड़ में सबसे आगे हैं। सपा के कार्यालय में बैठकों का दौर शुरू चुका है। वहीं बसपा के खेमे में सन्नाटा जैसी हालत है।उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में बरेली की खास पहचान है। एक तरफ देश की राजधानी दिल्ली है, तो दूसरी ही तरफ इतनी ही दूरी पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ। नाथ नगरी और आला हजरत की नगरी के नाम से मशहूर बरेली को बांस और फर्नीचर के लिए विदेशों तक जाना जाता है।1952 के पहले चुनाव से लेकर यहां 2019 तक यहां भाजपा का ही दबदबा रहा है। पूर्व में कांग्रेस ने जरूर जीत दर्ज की, लेकिन पीछे तीन दशक में बसपा और सपा का इस सीट पर खाता तक नहीं खुला। ऐसे में इस सीट पर सपा की राह आसान नहीं दिख रही।






1952 के पहले लोकसभा चुनाव में यहां बरेली की सीट पर कांग्रेस के संतीश चंद्र विजय की जीत हुई। दूसरे चुनाव में भी कांग्रेस की जीत हुई, लेकिन 1962 के लोकसभा चुनाव में जनसंघ से बृजराज सिंह सांसद बने। 1967 के लोकसभा चुनाव में फिर से जनसंघ का कब्जा रहा, लेकिन प्रत्याशी बदल दिए गए। 1967 के चुनाव में बृजभूषण लाल संसद बने।1971 में कांग्रेस की जीत हुई और संतीष चंद्र दूसरी बार सांसद बने। इमरजेंसी के बाद 1977 में हुए चुनाव में जनता दल के राममूर्ति ने कांग्रेस को शिकस्त दी और सांसद बने। 1980 के लोकसभा चुनाव में जनता दल ने पहली बार यहां मुस्लिम को प्रत्याशी बनाया। और मिसरयार खान ने 1980 में जीत दर्ज की, अगले साल 1981 में कांग्रेस की आबिदा बेगम ने जीत दर्ज की।बरेली लोकसभा में अभी तक मतदाओं की फाइनल लिस्ट जारी नहीं हुई है।

राजनीतक दलों के अनुसार बरेली लोकसभा सीट पर 62 प्रतिशत हिंदू आबादी है। 35.5 प्रतिशत इस लोकसभा सीट पर मुस्लिम वर्ग की आबादी बताई जा रही है। एक प्रतिशत से कम यहां सिख वोट हैं, जबकि सवा प्रतिशत दूसरे धर्मों की वोट हैं।

## नाथ कॉरिडोर की पांच सड़कें मार्च तक तैयार करने का दावा



बरेली में लोक निर्माण विभाग नाथ कॉरिडोर की पांच सड़कों को 31 मार्च तक बनाकर तैयार कर देगा। अन्य छह मार्गों का निर्माण होने में समय लगेगा, लेकिन सभी सड़कें दिसंबर 2024 तक बनकर तैयार हो जाएंगी। यह जानकारी अधीक्षण अभियंता अभिनेष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पांच मार्गों पर काम शुरू हो चुका है। पांच मार्गों के लिए वर्क ऑर्डर जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। 11वें मार्ग (सुभाषनगर पुलिया से तपेश्वरनाथ मंदिर तक) के लिए दो बार टेंडर निकाले गए। दोनों बार एक-एक टेंडर ही आए। मुख्यालय को अवगत कराया गया है। वहां से अनापत्ति मिलने पर टेंडर स्वीकृत होगा।इन मार्गों का हो रहा निर्माणकुदेशिया फाटक से त्रिवटीनाथ मंदिर तक। नैनीताल रोड से सूद धर्मकांटा तक। हार्टमैन ब्रिज से रामलीला मैदान तक।

## झोपड़ी में आग लगने से तीन मासूमों की जलकर मौत

**बरेली।** के फरीदपुर क्षेत्र में दर्दनाक घटना हुई है। गांव नवादा बिलसंडी में शुक्रवार दोपहर को एक झोपड़ी में आग लग गई, जिससे तीन बच्चों की जिंदा जलकर मौत हो गई। एक अन्य बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस पहुंच गई। डीएम और एसएसपी भी मौके पर पहुंचे। घटना के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी की। जानकारी के मुताबिक गांव नवादा बिलसंडी में रामदास का मकान है। मकान की छत पर पुआल रखा था। दोपहर के वक्त किसी तरह उसमें आग लग गई। जलता हुआ पुआल नीचे झोपड़ी पर जाकर गिरा। झोपड़ी के पास कुछ बच्चे लुकाछिपी खेल रहे थे। चार बच्चे झोपड़ी में छिपे हुए थे।



कुछ ही देर में पूरी झोपड़ी ने आग पकड़ ली। मासूम बच्चे लपटों के बीच में फंस गए। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर परिजन और पड़ोस के लोग मौके पर दौड़े। उन्होंने बॉल्टियां में पानी भरकर किसी तरह आग बुझाई, लेकिन तब तक चारों बच्चे बुरी तरह जल चुके थे। इनमें तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतक आपस में चचेरे-तहेरे भाई-बहन थे। चौथी बच्ची नीतू पुत्री अमिताभ (6) को आननफानन अस्पताल ले जाया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इन बच्चों की हुई मौत 1.प्रियांशी पुत्री भीम (5)2.मानवी पुत्री अमिताभ (3)3.नैना पुत्री अर्जुन (5)डीएम-एसएसपी मौके पर पहुंचे जानकारी मिलते ही डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान भी फोर्स के साथ गांव पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने परिजनों से जानकारी की। पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। वहीं, घटना की जांच के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि झोपड़ी में आग लगने से तीन बच्चों की मौत हुई है। एक बच्ची झुलसी है। उसका उपचार कराया जा रहा है।

## हिजाब पहनकर परीक्षा देने पहुंचीं छात्राओं को रोका, नोकझोंक

**बरेली :** हिजाब पहनकर परीक्षा देने पहुंचीं छात्राओं को रोका, नोकझोंक बरेली। शहर के एक इंटर कालेज में यूपी बोर्ड की परीक्षा हिजाब पहनकर देने पहुंचीं छात्राओं को रोकने पर नोकझोंक शुरू हो गई। तय हुआ कि परीक्षा केंद्र में बैठने से पहले छात्राएं हिजाब उतारकर दुपट्टे की तरह डाल लेंगी। इसके बाद छात्राओं को अन्दर जाने दिया गया। बरेली जनपद के 133 परीक्षा केंद्रों पर गुरूवार सुबह छात्र-छात्राएं परीक्षाएं देने पहुंचे। इस दौरान शहर में नैनीताल रोड स्थित मनोहर भूषण इंटर कॉलेज गेट पर उस वक्त शिक्षकों और अभिभावकों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई। जब हिजाब पहने छात्राओं को शिक्षकों ने परीक्षा केंद्र के गेट पर ही रोक दिया। साथ ही छात्राओं को हिजाब उतारकर दुपट्टे की तरह डालने के लिए कहा गया। इस बात को लेकर समुदाय विशेष की छात्राओं के अभिभावकों ने शिक्षकों के इस कदम का विरोध किया। इसके कुछ देर बाद शिक्षकों ने यह हिदायत देते हुए हिजाब पहने छात्राओं को प्रवेश दिया कि वह परीक्षा केंद्र में बैठने से पहले हिजाब उतारकर दुपट्टे की तरह डाल लेंगी।



## दानिश अली न्याय यात्रा में होंगे शामिल



अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली ने कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल होने का एलान किया है। अब दानिश अली ने एक्स पर कहा कि हमारे संसदीय क्षेत्र में यात्रा का स्वागत है। सांसद ने राहुल गांधी के साथ दो फोटो एक्स पर शेयर की हैं। पिछले दिनों बसपा सांसद कुंवर दानिश अली को बसपा से निलंबित कर दिया गया था। जिसके बाद दानिश अली की कांग्रेस के प्रति नजदीकियां बढ़ गईं हैं। लगातार कांग्रेस और राहुल गांधी के पक्ष में बयान भी सामने आ रहे थे। वहीं राहुल गांधी से मुलाकात का दौर भी चला। जिसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि वह अमरोहा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी हो सकते हैं।

## साइबर ठगी के मामलों की विवेचना करेंगे इंस्पेक्टर



**बरेली ।** में साइबर अपराध व आईटी एक्ट के मुकदमों की विवेचना के लिए चार इंस्पेक्टरों को सीओ कार्यालयों से संबद्ध किया गया है। वह देहात के उन थानों से जुड़े आईटी मामलों की विवेचना करेंगे, जहां उप निरीक्षक प्रभारी हैं। जिले के कुछ थानों में दरोगा ही थानाध्यक्ष हैं। ऐसे थानों में साइबर अपराध व आईटी एक्ट से संबंधित मामलों की विवेचना को लेकर दिक्कतें आ रही थीं। दरअसल, इस तरह के अपराध की विवेचना इंस्पेक्टर ही कर सकते हैं। इन थानों में इंस्पेक्टरों की तैनाती से वरिष्ठता क्रम गड़बड़ाने का खतरा था। दरोगा के अधीन काम करने में इंस्पेक्टर असहज हो सकते थे। अब एसएसपी ने इस समस्या का समाधान कर दिया है। उन्होंने पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर अमर सिंह को फरीदपुर सीओ कार्यालय में तैनाती दी है, जहां से वह भुता थाने के साइबर अपराध की विवेचना करेंगे। पुलिस लाइन के ही इंस्पेक्टर उदयवीर नवाबगंज सीओ कार्यालय में बैठकर क्योलड़िया थाने के मामले, क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर सुरेंद्र पाल सिंह अब बहेड़ी सीओ कार्यालय से शेरगढ़ के साइबर मामलों की और पुलिस लाइन के इंस्पेक्टर मदनपाल सिंह आंवला सीओ कार्यालय में तैनात रहकर अलीगंज के साइबर मामलों की विवेचना करेंगे।

एंटी गो तस्करी सेल प्रभारी के रहे इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह को भमोरा थाने का इंस्पेक्टर क्राइम बनाया गया है। पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर विनोद त्यागी को एंटी गो तस्करी सेल का प्रभारी बनाया गया है।

# एसबीआई मैनेजर और सीनियर एसोसिएट पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**संवाददाता बरेली।** एटीएम में रुपये डालने के दौरान स्टेट बैंक के मैनेजर और सीनियर एसोसिएट ने फजीर्बाड़ा कर दिया। 20 लाख रुपये निकाले लेकिन जमा 10 लाख किए। जांच में धोखाधड़ी की पुष्टि होने के बाद इज्जतनगर थाने में दोनों अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक ने दर्ज कराया मामला एसबीआई सिविल लाइंस के सहायक महाप्रबंधक स्वदेश श्रीवास्तव ने इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने कहा कि दिसंबर 2023 में डेलापीर बैंक शाखा के प्रबंधक अमित शुक्ला और सीनियर एसोसिएट नर बहादुर थापा ने एटीएम से एक्सचेंज करने के लिए 20 लाख रुपये निकाले थे। लेकिन जमा केवल 10 लाख रुपये किए थे। इसके बाद नर बहादुर छुट्टी पर चले गए और वीरेश को एटीएम का चार्ज दे दिया । वीरेश ने की जांच, 9.86 लाख की मिली गड़बड़ी वीरेश ने चार्ज लेने के बाद शाखा प्रबंधक को बताया कि 9.86 लाख रुपये कम हैं। सीसीटीवी फुटेज द्वारा जांच की गई तो पता लगा कि नर बहादुर थापा ने 20 लाख की जगह एटीएम में 10 लाख रुपये जमा किए हैं। इसकी जिम्मेदारी शाखा प्रबंधक अमित शुक्ला और नर बहादुर थापा दोनों की थी। इस वजह से दोनों के खिलाफ अब मुकदमा दर्ज कराया गया है।




## संक्षिप्त डायरी

### अमरोहा में जयंत चौधरी: किसानों की मांग जायज



**अमरोहा ।** राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि किसानों की जायज मांगों का हल निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा से गठबंधन का पता जल्द चल जाएगा। वह करीब ढाई महीने पहले सड़क हादसे में जान गंवाने वाले हकमपुर ग्राम प्रधान समेत तीन लोगों के परिजनों से मिलने पहुंचे थे। किसान आंदोलन को लेकर रालोद नेता ने कहा की उम्मीद है कि इसका जल्द ही कोई हल निकलेगा। दोनों तरफ से धैर्य की आवश्यकता है। हिंसा नहीं होनी चाहिए। किसानों की बात मानी जाएं। सत्यपाल मलिक के यहां सीबीआई के छापे के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर कुछ नहीं कहना है।इस मामले में मलिक ने खुद कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो मैं क्या दूंगा। कांग्रेस और सपा के गठबंधन पर जयंत चौधरी ने उन्हें शुभकामनाएं दी। इससे पहले जयंत चौधरी रनोती पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह के आवास पर रुके थे। उन्होंने 24 दिसंबर की सड़क हादसे में जान लगाने वाले हेमपुर के प्रधान विशाल, राजन, मनोज के परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। इसके बाद पपसरा के रहने वाले सपा नेता सुरजीत सिंह के आवास पर पहुंचे। इस दौरान जिला अध्यक्ष मानवीर चिकारा, उम्मेद सिंह, मुरादाबाद जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, संभल जिलाध्यक्ष कैसर अब्बास, पूर्व जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सचिन चौधरी, जनमसिंह, रामवीर सिंह, नरेश सिंह, मदनपाल सिंह, जयपाल सिंह, पप्पू प्रधान, करमवीर, कावींद्र प्रधान, प्रशान्त औलख, मास्टर सोरान सिंह, पुष्पेन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे।

### नौकरी के लिए विदेश गए युवक की मौत, बीस दिन हुए थे




**अमरोहा ।** बीस दिन पहले नौकरी करने सऊदी अरब गए 20 वर्षीय फैसल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन सऊदी अरब के लिए रवाना हो गए हैं। फैजल के पिता जमील अहमद की भी करीब 19 साल पहले सऊदी अरब में ही मौत हुई थी। मृतक फैसल अमरोहा नगर के मोहल्ला कटरा बख्तावर सिंह के रहने वाले थे।परिजनों के मुताबिक दो फरवरी को फैसल नौकरी करने के लिए सऊदी अरब के शहर रियाद गए थे। उनके सऊदी अरब पहुंचते ही अचानक तबीयत खराब हो गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार की रात फैसल की संदिग्ध हालात में मौत हो गई।इसके बाद परिजन सऊदी अरब से फैसल का शव लाने के लिए जद्दोजहद में जुट गए हैं। परिजनों ने बताया कि फैजल के पिता जमील अहमद की करीब 19 साल पहले सऊदी अरब में ही मौत हुई थी। इस दौरान उनके पिता के शव को वहीं पर सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया था। वहीं, फैसल की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चिकित्सक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई अमरोहा में फंदे पर लटके मिले बीएमयूएस डॉक्टर सलमान अख्तर की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने की आरोप लगाया है। साथ एसपी और सीओ से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। नगर कोतवाली क्षेत्र के एक बैंक्वेट हॉल से सटी कॉलोनी के रहने वाले मृतक डॉ. सलमान अख्तर ने साल 2013 में बेंगलुरु के एक मेडिकल इंस्टीट्यूट से बीयूएमएस किया था। इसके बाद अपनी ही बैचमेट महाराष्ट्र निवासी शेख नयनतारा से शादी कर ली थी। उन पर दो बेटियां हैं।

### पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास की सजा



**बिजनौर।** में अपर सत्र न्यायाधीश हनी गोयल ने पत्नी की हत्या का दोषी पाते हुए अकरम को आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल के अनुसार, इफ्तिखार अहमद निवासी चांदपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी तहेरी बहन आसमा की शादी सिंभावली में अकरम के साथ हुई थी। यह लोग वहां से आकर चांदपुर में उसके ताऊ के घर अपने बेटे नूर मोहम्मद के साथ रहने लगे। बाद में वहां से उसके भाई अतीक के घर में रहने लगे। अतीक का राजस्थान में कारोबार है और वह दिल्ली में रहता है। आरोप है कि अकरम उसकी बहन आसमा से मारपीट करता था। जिससे वह बीमार रहने लगी थी। 19 मई 2017 को अकरम ने सल्फास की तीन गोलियां अपनी पत्नी को खिला दी। जिससे उसे उल्टी आई और उसकी मौत हो गई। कोर्ट में इस मामले में अकरम के लड़के नूर मोहम्मद ने अपने पिता के खिलाफ गवाही दी।

## मनमानी ने तेंदुए को मार डाला, जाल में घिरने के बाद उल्टी चारपाइयों से दबाया

**संभल ।** में दो घंटे तक उत्पात मचाने के बाद तेंदुए को बमुश्किल रेस्क्यू किया गया। वन विभाग और पुलिसकर्मियों ने तेंदुए को शांत करवाने के लिए उसके ऊपर उल्टी चारपाई रख खड़े हो गए। इससे उसकी जान चली गई। इससे बाद कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। संभल में भटक कर गांव धतरा तक पहुंचे तेंदुए को सुरक्षित पकड़ तो लिया गया लेकिन जाल में घिरे बेजुबान जानवर पर उसके बाद किए गए जुल्मों से उसकी जान चली गई। इस दौरान सीओ अनुज चौधरी घायल हो गए हैं। बृहस्पतिवार सुबह खेतों में देखे जाने पर ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर उसे दौड़ाना शुरू कर दिया।



जान बचाने के लिए भागते समय तेंदुआ रामकुंवर सैनी के घर में घुस गया। घर में शोर मचा तो तेंदुआ शौचालय में जा बैठा। सूचना के एक घंटे बाद पुलिस और उसके आधे घंटे बाद वन विभाग की टीम वहां पहुंच गई। घेराबंदी कर शोर मचाने से दो घंटे में तेंदुए को जाल में कैद करने में कामयाबी मिल गई। इसके बाद शुरू हो गई मनमानी और क्रूरता। जाल में घिरकर भी गुर्रा रहे तेंदुए को शांत करने के लिए वन और पुलिसकर्मियों ने कई चारपाई उल्टी करके जाल पर बिछा दीं। इसके बाद वदीर्धारी उन चारपाइयों पर खड़े हो गए।खामोश होने पर तेंदुए को बेहोश बताकर मुरादाबाद लाया गया। मुरादाबाद में वन क्षेत्र अधिकारी आरके श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुए की मौत हो गई। मौत का कारण दम घुटना रहा या उसके शरीर पर लगी चोटें, यह मेडिकल रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।टीम ने रेस्क्यू कर नर तेंदुआ पकड़ा था। पकड़ने के समय उसकी अवस्था सुस्त व निष्क्रिय थी। उपचार के लिए ले गए लेकिन उसकी मौत हो गई। रास्ते में मौत होने का अनुमान है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। - जेबी शेंडे, डीएफओ, संभल तेंदुआ जाल में फंसा...और वो शेर हो गए हयातनगर क्षेत्र के गांव धतरा में तेंदुए को देखे जाने से लेकर जाल में फंसाने तक का घटनाक्रम लगभग साढ़े छह घंटे चला। इस दौरान न तेंदुए ने इंसानों को नुकसान पहुंचाया और न ही ग्रामीणों के बीच से उस पर हमले की कोई कोशिश हुई। हुआ उल्टा, जो टीम रेस्क्यू के लिए आई वो खुद पर काबू नहीं रख सकी। जाल में तेंदुए के कैद होते ही वन और पुलिसकर्मियों ने वो किया जो जंगल में भी नहीं होता। तीन चारपाइयां उल्टी करके बिछा दीं। उनके ऊपर खड़े होकर जाल में घिरे तेंदुए को करीब 45 मिनट बुरी तरह कुचला गया।

ग्रामीणों ने बताया कि जाल में बंद होने के बाद भी तेंदुए के गुर्राने और तेवर दिखाने पर किसी ने सुझाव दिया कि उसे बेहोश कर दिया जाए। इस सुझाव पर वन विभाग के विशेषज्ञ या पशु चिकित्सक नहीं बुलाए गए बल्कि रेस्क्यू टीम ने एक ग्रामीण से भैंस को बेहोश करने वाला इंजेक्शन लाकर लगाने के लिए कह दिया। इस बीच तेंदुए को काबू करने के लिए उसके जाल पर चारपाइयों का जाल बिछाकर दबाव बनाया जाने लगा। इस पर भी बात नहीं बनी तो बिछी चारपाइयों पर चढ़कर तेंदुए को पैरों से दबाना शुरू कर दिया।

# प्रभावी पहल का इंतजार

बीते कुछ वर्षों में देश की सामरिक और विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। पड़ोसी देशों के दुस्साहस का सीमा पर हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है तो दूसरी ओर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर सार्थक कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। दुनियाभर में भारत की साख और प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। इसके बावजूद हमारे देश का बड़ा भू-भाग और उसमें रह रहे नागरिक पाकिस्तान और चीन के कब्जे में हैं। इन क्षेत्रों में रह रहे हमारे नागरिक नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। पाकिस्तान की सेना यहां के बाशिंदों के मानवाधिकारों को आए दिन रौंदती रहती है। हालांकि तीन दशक पहले देश की संसद ने इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने का संकल्प पारित किया था। लेकिन संसद द्वारा पारित इस संकल्प की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। देश के इतिहास में 22 फरवरी, 1994 का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन हमारी संसद ने ध्वनिमत से एक प्रस्ताव पारित करके संकल्प व्यक्त किया था कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू और कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। संसद में पारित इस संकल्प में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में चल रहे आतंकी शिविरों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। और कहा गया कि भारत में अशांति, वैमनस्य और विध्वंस पैदा करने के स्पष्ट उद्देश्य से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों को प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें हथियार और धन मुहैया कराया जा रहा है। इसके अलावा भारत में घुसपैठ करने के लिए भी आतंकियों की मदद की जा रही है। प्रस्ताव में चार बिंदुओं में संकल्प व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हरसंभव प्रयास करेगा। दूसरे बिंदु में कहा गया है कि भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता है कि वह उन अलगाववादी और आतंकवादी शक्तियों का मुंहतोड़ जवाब दें, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हों। तीसरे बिंदु में मांग की गई है कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के उन क्षेत्रों को खाली करे, जिन्हें उसने कब्जाया और अतिक्रमण किया हुआ है। चौथे बिन्दु में स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी गई भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी तरह के हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कुछ लोगों का कहना है कि शिमला समझौते के चलते भारतीय संसद द्वारा पारित इस संकल्प के कोई मायने नहीं हैं। दरअसल 1972 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते में नियंत्रण रेखा (एलओसी) को दोनों देशों के बीच सीमा के रूप स्वीकार करने की ऐतिहासिक भूल हुई थी। लेकिन जानकारों का मानना है कि शिमला समझौते का कूटनीतिक समझदारी से प्रयोग करके पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर को दोबारा भारत में शामिल किया जा सकता है। शिमला समझौते में दोनों देशों ने तय किया था कि वे इन विवादों को आपसी बातचीत से हल करेंगे। इन्हें अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाया जाएगा। लेकिन पाकिस्तान लगातार इस शर्त का उल्लंघन करता रहता है यानी उसने खुद शिमला समझौता तोड़ दिया है। इसके अलावा यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि हम जिसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी (पीओके) और पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है वह कश्मीर का हिस्सा है ही नहीं वह तो जम्मू का भाग है। वह न तो कश्मीर का अंश था और न ही इस रूप में उसका समझौता हो सकता था। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की भाषा भी कश्मीरी नहीं थी यहां के लोग जिस भाषा का प्रयोग करते हैं वह डोगरी और मीरपुरी का मिश्रण है। आजादी के बाद लगभग पांच सौ रियासतों का भारत में विलय हुआ लेकिन राजनैतिक नेतृत्व की ढुलमुल नीति के चलते जम्मू और कश्मीर के एक बड़े हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। दरअसल स्वतंत्र राज्य की चाहत में कश्मीर के महाराजा हरीसिंह लम्बे समय तक असमंजस की स्थिति में रहे। निर्णय लेने में देरी के चलते शेख अब्दुल्ला जो पहले भारत के साथ विलय के पक्षधर से उनका मन बदलने लगा और वह स्वतंत्र राज्य की मांग करने लगे। इस बीच पाकिस्तान की तत्कालीन सरकार और सेना ने कबाइली लड़ाकों के साथ मिलकर कश्मीर पर हमला कर दिया। अत्याधुनिक हथियारों के साथ आए इन हमलावरों ने मानवता को तार-तार करते हुए गैर मुस्लिमों की हत्या, लूटपाट और महिलाओं के साथ बलात्कार शुरू कर दिए। हालात इतने खराब हो गए कि खुद महाराजा हरीसिंह ने श्रीनगर से पलायन कर 25अक्टूबर 1947 को जम्मू आकर सुरक्षित स्थान पर शरण ली। कश्मीर को बचाने के लिए उन्होंने 26अक्टूबर 1947 को भारत में विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए। कश्मीर के भारत में विलय के बाद 27अक्टूबर 1947 को भारतीय सैनिकों का पहला जत्था जम्मू-कश्मीर पहुंचा। उसने बहादुरी से पाकिस्तानी सेना और कबाइलियों को कश्मीर से बाहर धकेल दिया। हालांकि महाराजा हरीसिंह ने बिना शर्त पूरे कश्मीर का भारत में विलय कर दिया था लेकिन इसे रणनीतिक चूक और नासमझी कहा जाए या अपनी छवि चमकाने की कवायद कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू इस मामले के संयुक्त राष्ट्र संघ में ले गए सामरिक बढ़त के बावजूद पाकिस्तान के कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली कराए बिना संघर्ष विराम पर सहमति जता दी गई। नतीजन जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लगभग एक लाख 26हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र पर पाकिस्तान और चीन का अवैध कब्जा है।

# मातृभाषा, बहुभाषिकता और सांस्कृतिक

ANALYSIS



✍ प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव

हममें से कई लोगों के लिए, हमारी मातृभाषा वह पहली भाषा है जिसे हम बोलना सीखते हैं और जिसका उपयोग हम अपने परिवार और दोस्तों के साथ संवाद करने के लिए करते हैं। जिस तरह से हम अपनी मातृभाषा का उपयोग करते हैं उसका नई भाषाओं को सीखने और विभिन्न संस्कृतियों को समझने की हमारी क्षमता पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। यह वह भाषा है जो किसी व्यक्ति के परिवार या समुदाय द्वारा बोली जाती है और अकसर घरेलू वातावरण में उपयोग की जाने वाली भाषा है। मातृभाषा किसी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह उनकी पहचान और संस्कृति को आकार देती है। यह वह भाषा है जिसमें लोग अपनी भावनाओं, विचारों और विचारों को व्यक्त करते हैं। एक बच्चे की पहली भाषा सीखने और संज्ञानात्मक विकास की नींव होती है और यह अन्य भाषाओं को सीखने में मदद करती है। शोध से पता चला है कि जिन बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाता है, वे स्कूल में उन बच्चों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

भाषा शक्तिशाली उपकरण है। उसमें लोगों को जोड़ने, विचार व्यक्त करने और संस्कृति बनाने की क्षमता होती है। हममें से कई लोगों के लिए, हमारी मातृभाषा वह पहली भाषा है जिसे हम बोलना सीखते हैं और जिसका उपयोग हम अपने परिवार और दोस्तों के साथ संवाद करने के लिए करते हैं। जिस तरह से हम अपनी मातृभाषा का उपयोग करते हैं उसका नई भाषाओं को सीखने और विभिन्न संस्कृतियों को समझने की हमारी क्षमता पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। यह वह भाषा है जो किसी व्यक्ति के परिवार या समुदाय द्वारा बोली जाती है और अकसर घरेलू वातावरण में उपयोग की जाने वाली भाषा है। मातृभाषा किसी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह उनकी पहचान और संस्कृति को आकार देती है। यह वह भाषा है जिसमें लोग अपनी भावनाओं, विचारों और विचारों को व्यक्त करते हैं। एक बच्चे की पहली भाषा सीखने और संज्ञानात्मक विकास की नींव होती है और यह अन्य भाषाओं को सीखने में मदद करती है। शोध से पता चला है कि जिन बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाता है, वे स्कूल में उन बच्चों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। भाषा सीखना तब आसान हो जाता है जब यह उन अवधारणाओं से संबंधित हो जिनसे बच्चा अपनी मातृभाषा में पहले से ही परिचित है। इसके अलावा, मातृभाषा सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण में मदद करती है। यह लोगों के लिए गर्व और अपनेपन का स्रोत है और उनकी पहचान का अभिन्न अंग है। इसलिए, मातृभाषा के महत्व को पहचानना और इसके उपयोग और सीखने को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। भाषा को समझने में मातृभाषा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वह नींव है जिस पर अन्य सभी भाषाएं निर्मित होती हैं। बच्चे बिना किसी औपचारिक निर्देश के, अपने माता-पिता, भाई-बहन और परिवार के अन्य सदस्यों को सुनकर स्वाभाविक रूप से अपनी मातृभाषा सीखते हैं। मातृभाषा यह समझने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है कि भाषा कैसे काम करती है, जिसमें व्याकरण, वाक्य रचना और शब्दावली शामिल है। शोध से पता चला है कि जिन छात्रों की मातृभाषा में मजबूत नींव होती है, वे दूसरी भाषा सीखने में अधिक सफल होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने पहले से ही संज्ञानात्मक कौशल और भाषा-जागरुकता विकसित कर ली है जो भाषा सीखने के लिए आवश्यक हैं। वे नई भाषा में पैटर्न और संरचनाओं को पहचानने के लिए भी बेहतर ढंग से सुसज्जित हैं, क्योंकि उनका संदर्भ-बिंदु उनकी मातृभाषा में है। इसके अलावा, कक्षा में मातृभाषा का उपयोग करने से छात्रों को नई जानकारी को बेहतर ढंग से समझने और बनाए रखने में मदद मिल सकती है। जब शिक्षक छात्रों की मातृभाषा में अवधारणाओं को समझाते हैं तो यह नई जानकारी को स्पष्ट और सुदृढ़ करने में मदद कर सकता है। यह छात्रों के मौजूदा ज्ञान और उनके द्वारा प्राप्त किए जा रहे नए ज्ञान के बीच एक पुल बनाने में भी मदद करता है। जब कोई व्यक्ति एक नई भाषा सीखता है तो सबसे पहले वह अपने दिमाग में शब्दों और वाक्यांशों का अपनी मातृभाषा से नई भाषा में अनुवाद करता है। यह अनुवाद प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण और समय लेने वाली हो सकती है। यदि अनुवाद सटीक नहीं है तो इससे गलतफहमी और गलत व्याख्याएं भी हो सकती हैं। इसके अलावा, मातृभाषा की संरचना और व्याकरण भी नई भाषा सीखने को प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ भाषाओं में दूसरों की तुलना में अधिक जटिल व्याकरण संरचनाएं होती हैं। यदि किसी व्यक्ति की मातृभाषा में व्याकरण संरचना जटिल है, तो उन्हें सरल व्याकरण संरचना के साथ एक नई भाषा सीखना अधिक चुनौतीपूर्ण लग सकता है। नई भाषा में मातृभाषा के साथ समानताएं हों तो इससे व्यक्ति के लिए नई भाषा सीखना और समझना आसान हो सकता है। व्यक्ति कुछ शब्दों और वाक्यांशों को अधिक आसानी से पहचानने और याद रखने में भी सक्षम हो सकता है। इसके अलावा, अपनी मातृभाषा में सीखने से आपकी सांस्कृतिक पहचान और विरासत को संरक्षित रखने में मदद मिलती है। यह आपको अपनी भाषा, इतिहास और परंपराओं को समझने और उनकी सराहना करने की अनुमति देता है, साथ ही आपको अन्य संस्कृतियों और भाषाओं की बेहतर समझ भी देता है। निष्कर्षतः, अपनी मातृभाषा में सीखने के लाभों को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह अन्य चीजों के अलावा प्रभावी शिक्षण, आलोचनात्मक सोच और सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा देता है। शिक्षकों और नीति निमार्ताओं के लिए इसे पहचानना और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि छात्रों को उनकी मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। बौद्धिक विकास पर द्विभाषावाद का प्रभाव एक दिलचस्प विषय है। द्विभाषी व्यक्तियों में दो भाषाओं के बीच निर्बाध रूप से स्विच करने की क्षमता होती है और इसका संज्ञानात्मक कार्य पर सकारात्मक प्रभाव पाया गया है। शोध ने सुझाव दिया है कि द्विभाषावाद से ध्यान नियंत्रण, संज्ञानात्मक लचीलेपन और समस्या-समाधान क्षमताओं में वृद्धि हो सकती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि द्विभाषी व्यक्तियों को लगातार दो भाषाओं के बीच स्विच करने की आवश्यकता होती है, और यह मानसिक व्यायाम संज्ञानात्मक क्षमताओं को मजबूत कर सकता है। इसके अलावा, द्विभाषिकता को उम्र से संबंधित कुछ संज्ञानात्मक गिरावट, जैसे कि मनोभ्रंश, की शुरूआत में देरी से जोड़ा गया है। प्रयोगों से पता चला है कि द्विभाषी व्यक्तियों में मनोभ्रंश के लक्षण एकभाषी व्यक्तियों की तुलना में कई वर्षों बाद प्रदर्शित होते हैं। इसके अलावा, संज्ञानात्मक विकास पर द्विभाषावाद का प्रभाव इस बात पर भी भिन्न हो सकता है कि कोई व्यक्ति दूसरी भाषा कब सीखता है। जो व्यक्ति जीवन में पहले दूसरी भाषा सीखते हैं, उन्हें बाद में जीवन में दूसरी भाषा सीखने वालों की तुलना में संज्ञानात्मक विकास में अधिक लाभ होता है। कुल मिलाकर, संज्ञानात्मक विकास पर द्विभाषावाद का प्रभाव एक जटिल और आकर्षक विषय है जो भाषा सीखने और समझने के महत्व पर प्रकाश डालता है। यह दशार्ता है कि एक नई भाषा सीखने से न केवल दूसरों के साथ संवाद करने की हमारी क्षमता का विस्तार होता है, बल्कि हमारी संज्ञानात्मक क्षमताओं और समग्र स्वास्थ्य पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है। मातृभाषा को खोने का मतलब है अपनी पहचान का एक हिस्सा खोना और अपनी जड़ों से कट जाना। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सांस्कृतिक विविधता और भाषाई विरासत बनी रहे, मातृभाषाओं को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। सांस्कृतिक विविधता, संज्ञानात्मक विकास और भाषा सीखने को बनाए रखने के लिए मातृभाषाओं का संरक्षण महत्वपूर्ण है। आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और नीति निमार्ताओं को मातृभाषाओं के संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। वैश्विक अर्थव्यवस्था में मातृभाषा की भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। जैसे-जैसे दुनिया और अधिक आपस में जुड़ रही है, विभिन्न भाषाओं में प्रभावी ढंग से संवाद करने की क्षमता तेजी से महत्वपूर्ण हो गई है। अब केवल एक भाषा बोलना पर्याप्त नहीं है, विशेषकर व्यापारिक जगत में। अध्ययनों से पता चला है कि लोग उन लोगों पर भरोसा करने और उनके साथ व्यापार करने की अधिक संभावना रखते हैं जो उनकी भाषा बोलते हैं।ऐसा इसलिए है क्योंकि भाषा न केवल संचार के बारे में है बल्कि संस्कृति और पहचान के बारे में भी है। किसी की मातृभाषा बोलने से पता चलता है कि आप उनकी संस्कृति और विरासत का सम्मान करते हैं और उसे महत्त्व देते हैं। इसके अलावा, कई भाषाएं बोलने से नौकरी के अधिक अवसर और जीविका की संभावना बढ़ सकती है। विभिन्न भाषाओं को बोलने की क्षमता आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में एक मूल्यवान संपत्ति है और इससे व्यक्तियों और व्यवसायों को समान रूप से कई लाभ हो सकते हैं। शिक्षा प्रणालियों में मातृभाषा को शिक्षण में शामिल करने का एक तरीका द्विभाषी शिक्षा प्रदान करना है।

**लेखक, नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं।**

# हिट विकेट हो गए कमलनाथ

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया । एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थीं। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं। भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगुवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप हैं। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है। कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के दिनों के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए। कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस के मध्य प्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया। इससे कमलनाथ को बड़ा झटका लगा था और तभी से वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपने प्रवेश की जुगत लगाने लगे थे। हालांकि अब कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी वह शामिल होंगे। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी के सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों को जितवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। मगर राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह कमलनाथ की खिसियाहट मिटाने का एक तरीका है। कमलनाथ को पता है कि भाजपा में शामिल नहीं होने के कारण पार्टी नेतृत्व के समक्ष उनकी छवि संदिग्ध की बन चुकी है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि जब भी मौका मिलेगा कमलनाथ कांग्रेस को अलविदा कह देंगे। इसलिए कांग्रेस आलाकमान उनको लेकर हमेशा सतर्क रहेगा और आगे उन्हें ऐसी कोई बड़ी जिम्मेदारी भी नहीं दी जाएगी जिस से उनके पार्टी छोड़ने पर पार्टी की छवि खराब हो। कमलनाथ जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा पिछले एक सप्ताह से जिस तरह का राजनीतिक ड्रामा किया गया, उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। कमलनाथ की छवि एक गंभीर और सुलझे हुए नेता की मानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा में शामिल होने को लेकर अफवाहों का जो दौर देखने को मिला उससे उनकी छवि तो खराब हुई है। आने वाले समय में वह राजनीतिक रूप से भी कमजोर हो जाएंगे ऐसी संभावना जताई जाने लगी है। अब कांग्रेस आलाकमान भी उनके समर्थकों से सीधी बात कर डैमेज कंट्रोल करने में जुट गया है। आने वाले समय में यदि कमलनाथ अपने सांसद पुत्र नकुलनाथ को भाजपा में शामिल भी करवा देते हैं तो कांग्रेस को अधिक नुकसान नहीं हो। इस बात को लेकर कांग्रेस आलाकमान अपनी गोटी बिठाने में जुट गया है। आज कमलनाथ की स्थिति न घर की न घाट की वाली बन गई है। भाजपा आलाकमान भी नहीं चाहता है कि महज एक छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के लिए कमलनाथ को पार्टी में लाकर प्रदेश में एक नया गुट खड़ा करें। इसीलिए अंतिम समय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ कि भाजपा एंट्री को रोक कर उन्हें ऐसा झटका दिया है जिससे वह है शायद ही कभी उबर पाए। राजस्थान में कांग्रेस के बड़े आदिवासी नेता व कांग्रेस की कार्य समिति के सदस्य महेंद्रजीत सिंह मालवीय भाजपा में शामिल हो गए हैं। मालवीय राजस्थान के बांगड़ क्षेत्र में बड़े कद के राजनेता है और कई बार मंत्री, विधायक, सांसद, प्रधान, जिला प्रमुख रह चुके हैं। इससे पूर्व महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में शामिल हो गये थे। कई अन्य नेता भी कतार में हैं। कांग्रेस के ऐसे बड़े जनाधार वाले नेता पार्टी छोड़कर क्यों जा रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान को इस बात पर भी चिंतन मनन करना चाहिए। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मौजूदा समय में कांग्रेस के बड़े जन आधार वाले नेता हाशिये पर डाल दिए गए हैं।

## Social Media Corner

सच के हक में...



महान संत गुरु रविदास जी के संदेशों को अपनाकर आज का भारत विकास पथ पर तेजी से अग्रसर है। वाराणसी में उनकी 647वीं जयंती के अवसर पर एक समारोह को संबोधित कर रहा हूं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



लोकसभा अध्यक्ष और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे अनुभवी नेता श्री मनोहर जोशी के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में, श्री जोशी ने खुद को लोगों का प्रिय बनाया, अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और बुद्धिमत्ता के लिए प्रशंसा अर्जित की और पार्टी-लाइन से ऊपर उठकर नेताओं द्वारा उन्हें प्यार किया गया। उनके परिवार के सदस्यों और अनुयायियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)**



पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी जी के निधन का दुखद समाचार मिला है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों एवं समर्थकों को यह दुख सहने की शक्ति दें।

**(सीएम चंपाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# बहुत याद आएंगे अमीन सयानी

विश्व में हिंदी के लोकप्रिय रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी अब नहीं रहे। अपनी आवाज में यादों का सागर छोड़ कर उन्होंने विदा ले ली है। उन्होंने पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में प्रसिद्धि और लोकप्रियता हासिल की जब उन्होंने रेडियो सीलोन के प्रसारण पर अपने बिनाका गीतमाला कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। वह आज भी सर्वाधिक अनुकरणीय उद्घोषकों में से एक थे। पारंपरिक भाइयों और बहनों के विपरीत भीड़ को बहनों और भाइयोंर के साथ संबोधित करने की उनकी शैली को अभी भी एक मधुर स्पर्श के साथ एक घोषणा के रूप में माना जाता है। अमीन सयानी वस्तुत हिंदी भाषा के लिए एक ऐसी अमूल्य निधि हैं जिनको सदैव याद किया जाएगा। हिंदी में आवाज के इस जादूगर ने 1951 से अब तक 54,000 से अधिक रेडियो कार्यक्रमों और 19,000 स्पॉट/जिंगल्स का निर्माण, संचालन (या भाषण) किया है। अमीन सयानी को उनके भाई हामिद सयानी ने ऑल इंडिया रेडियो , बॉम्बे से परिचित कराया था। अमीन ने वहां दस वर्षों तक अंग्रेजी कार्यक्रमों में भाग लिया। बाद में, उन्होंने भारत में ऑल इंडिया रेडियो को लोकप्रिय बनाने में मदद की। सयानी वर्षों तक भूत बंगला , टीन डेवियन ,बॉक्सर और कत्ल जैसी विभिन्न फिल्मों का भी हिस्सा रहे । इन सभी फिल्मों में वह किसी न किसी कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका में नजर आये। अमीन सयानी ने महात्मा गांधी के निर्देशों के तहत नव-साक्षरों के लिए एक पाक्षिक पत्रिका के संपादन, प्रकाशन और मुद्रण में अपनी मां कुलसुम सयानी की सहायता की । पाक्षिक, रहबर (1940 से 1960), एक साथ देवनागरी (हिंदी), उर्दू और गुजराती लिपियों में प्रकाशित हुआ था - लेकिन सभी गांधी द्वारा प्रचारित सरल हिंदुस्तानी भाषा में। यह सरल संचार का आधार था जिसने उन्हें व्यावसायिक प्रसारण के अपने लंबे करियर में मदद की और 2007 में नई दिल्ली के प्रतिष्ठित हिंदी भवन द्वारा उन्हें हिंदी रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके बारे में एक कम ज्ञात तथ्य यह है कि उन्होंने 1960-62 के दौरान टाटा ऑयल मिल्स लिमिटेड के विपणन विभाग में ब्रांड एक्जीक्यूटिव के रूप में काम किया था - मुख्य रूप से उनके टॉयलेट साबुनः हमाम और जय की देखभाल करते थे। ऑल इंडिया रेडियो (1951 से), आकाशवाणी की वाणिज्यिक सेवा (1970 से) और विभिन्न विदेशी स्टेशनों (1976 से) के बीच, सयानी ने 54,000 से अधिक रेडियो कार्यक्रमों और 19,000 स्पॉट/जिंगल्स का निर्माण, संचालन (या उनके लिए भाषण) किया है। (यह तथ्य लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है ।) सयानी ने वास्तविक एचआईवी/एड्स मामलों पर आधारित नाटकों के रूप में 13-एपिसोड की रेडियो श्रृंखला भी बनाई जिसमें प्रख्यात डॉक्टरों और सामाजिक कार्यकताओं के साक्षात्कार भी शामिल हैं। (श्रृंखला - जिसका शीर्षक स्वनाश है - ऑल इंडिया रेडियो द्वारा शुरू की गई थी, और इसके ऑडियो कैसेट कई गैर सरकारी संगठनों द्वारा अपने क्षेत्र-कार्य के लिए हासिल किए गए हैं।) कैसेट, एलपी और सीडी पर कई ऑडियो फीचर तैयार करने के बाद, सयानी वर्तमान में (सारेगामा इंडिया लिमिटेड के लिए) सीडी पर अपने प्रमुख रेडियो शो गीतमाला का एक असामान्य पूर्वव्यापी निर्माण कर रहे थे। श्रृंखला का नाम रगीतमाला की छांव मेंर है, जिसके 40 खंड (प्रत्येक पांच सीडी के पैक में) पहले ही निर्मित और जारी किए जा चुके हैं। इन संस्करणों को भारत और विदेशों में खूब सराहा गया है। सयानी 1976 से भारतीय रेडियो शो और विज्ञापनों के निर्यात में अग्रणी रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका , कनाडा , इंग्लैंड , संयुक्त अरब अमीरात , स्वाजीलैंड , मॉरीशस , दक्षिण अफ्रीका , फिजी और न्यूजीलैंड को निर्यात किया है।

# विदा नरीमन

महान न्यायविद फली सैम नरीमन की विदाई भारत के लिए अपूरणीय क्षति है। वह एक ऐसे न्यायनिष्ठ भारतीय थे, जिनकी रगों में भारतीय संविधान बहता था और जिन्होंने अनगिनत मौकों पर इस देश में न्यायिक जटिलताओं को अपने बुद्धिबल से सुलझा दिया। आधुनिक भारत में जब-जब न्याय का इतिहास लिखा जाएगा, उसमें फली एस नरीमन का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। अब यह इतिहास है कि युवा वय में नरीमन ने अंतिम विकल्प के रूप में विधि क्षेत्र को चुना था। 10 जनवरी, 1929 को रंगून में पैदा हुए नरीमन ने नवंबर 1950 में बॉम्बे हाईकोर्ट के वकील के रूप में अपना न्याय जीवन शुरू किया था। लगभग 22 साल उच्च न्यायालय में रहने के बाद वह सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किए गए थे। साल 1971 से ही वह सर्वोच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण फैसलों में हिस्सेदार बनने लगे थे। लोकतंत्र के प्रति समर्पित नरीमन ने 25 जून,1975 को आपातकाल लगते ही दूसरे दिन एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह समझ गए थे कि अब संविधान की पालना ऐसे होगी, जिसमें आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पडेगा। नरीमन के उस दोटूक फैसले को हमेशा याद किया जाएगा। उनकी वह स्पष्टवादिता भारतीय न्यायतंत्र में चार चांद लगाती थी। सर्वोच्च न्यायालय में उनका होना हमें यह एहसास दिलाता था कि न्यायपालिका में अच्छे लोग पूरे दमखम के साथ डटे हैं। एक वकील को अपने जीवन में अनेक प्रकार के मुकदमे लड़ने पड़ते हैं और बहुत कम वकील ऐसे होते हैं, जो अपनी कभी गलती मानते हैं। मिसाल के लिए, भोपाल गैस त्रासदी के लिए जिम्मेदार विदेशी कंपनी यूनियन कार्बाइड की पैरोकारी फली नरीमन ने की थी और अदालत के बाहर ही पीड़ितों के लिए भारी मुआवजा लेने की स्थितियां उन्होंने तैयार की थीं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# होली के चलते हवाई किराए में आया भारी उछाल, 196 फीसदी तक हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ।**

इस साल मार्च में होली के कारण देश की हवाई कंपे नियों ने किराया बढ़ा दिया है। हालों कि होली को देखते हुए हवाई यात्रा की मांग में भी इजाफा हुआ है लेकिन भारतीय विमानन कंपनियों का हर 5 में से एक विमान मेंटेनेंस के चलते ग्राऊंड पर खड़े होने के कारण हवाई किराया भी आसमान छूने लगा है। यही वजह है` कि इस साल प्रमुख मार्गों पर हवाई किराए में पिछले साल के मुकाबले 196 फीसदी तक की वृद्धि देखी गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय विमानन कंपनियां मार्च में हर सप्ताह 21,299 उड़ानों का संचालन करने वाली हैं जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले महज 0.5 फीसदी अधिक है। इस साल होली 25 मार्च को है जबकि पिछले साल होली 8 मार्च को थी। हालों कि पर्व को देखते हुए होटलों की बुकिंग में भी 30 से 35 फीसदी इजाफा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

एक यात्रा वैबसाइट के आंकड़ों के अनुसार इस साल होली सप्ताह के 19 से 25 मार्च के दौरान दिल्ली-गोवा मार्ग पर औसत हवाई किराया 16,362 रुपए है जो पिछले साल 2 से 8 मार्च होली सप्ताह के मुकाबले 196.1 फीसदी अधिक है। इसी तरह बेंगलुरु-लखनऊ मार्ग पर गत साल किराया 4457 रुपए था जो 99.7 फीसदी की बढ़ौतरी के साथ 8899 रुपए हो चुका है। मुंबई गोवा मार्ग के हवाई किराए में भी 52 फीसदी की बढ़ौतरी देखी गई है। गत साल इस का किराया 3883 रुपए था जबकि इस साल 5902 रुपए है।

मुंबई-लखनई मार्ग पर औसत हवाई किराया 6441 रुपए है जो एक साल पहले के होली सप्ताह के मुकाबले 27.5 फीसदी अधिक है।

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो बीते साल आपूर्ति श्रृंखला की समस्याएं बरकरार रहने के कारण मार्च के अंत तक भारतीय विमानन कंपनियों के कुल 789 विमानों में से करीब 200 विमान जमीन पर खड़े रह सकते हैं। नवम्बर में 161 से 166 विमानों का परिचालन नहीं हो रहा था। आपूर्ति श्रृंखला की गंभीर समस्याओं के कारण उम्मीद से अधिक विमान जमीन पर खड़े होंगे। वास्तव में इसमें सुधार होना चाहिए था लेकिन स्थिति काफी खराब हो गई है। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने इस महीने के आरंभ में घोषणा की थी कि उसने प्रैट एंड व्हिटनी इंजन में समस्याओं के कारण करीब 75 विमानों को रोक दिया है। इस विमानन कंपनी के बेड़े में 358 विमान शो मिल थे।

# सोना 62 हजार के पार, चांदी में गिरावट



**नई दिल्ली ।**

सोने के वायदा भाव की शुरुआत शुक्रवार को तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव सुस्ती के साथ खुले। गुरुवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुलने के बाद कारोबार के अंत में गिरावट के साथ बंद हुए थे। शुक्रवार को सोने के वायदा भाव 62 हजार रुपये से ऊपर और चांदी के वायदा भाव 70 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वै श्विक बाजार में सोने के वायदा भाव में तेजी, जबकि चांदी के वायदा भाव में सुस्ती देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 131 रुपये की तेजी के साथ 62,108 रुपये के भाव पर खुलकर 62 रुपये की तेजी के साथ 62,039 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 113 रुपये की गिरावट के साथ 70,154 रुपये के भाव पर खुलकर 134 रुपये की गिरावट के साथ 70,135 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै श्विक बाजार में सोने के वायदा भाव तेजी के साथ खुले, जबकि चांदी के वायदा भाव की शुरुआत पिछले बंद भाव पर ही हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,034.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,030.70 डॉलर था। फिलहाल यह 4.10 डॉलर की तेजी के साथ 2,034.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 22.78 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 22.78 डॉलर था। फिलहाल यह 0.01 डॉलर की गिरावट के साथ 22.77 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# 12 से 22 लाख के बीच होगी स्कार्पियो एक्स क्रेटा की कीमत



**नई दिल्ली ।**

महिंद्रा ने स्कॉर्पियो के लिए स्को पिंयो एक्स लांच करने की तैयारी कर ली है। यह मॉडल 12 से 22 लाख रुपये के बीच उपलब्ध होगा। मिली जानकारी के अनुसार मे हिंद्रा ने इस नाम से एक नया ट्रेडमार्क पंजीकृत कराया है। कंपनी स्कॉर्पियो एन एसयूवी पर बेस्ड एक नया पिक अप मॉडल लाने की तैयारी कर रही है। इसके कॉन्सेप्ट मॉडल का खुलासा पिछले साल किया गया था। महिंद्रा ग्लोबल पिक अप कॉन्सेप्ट को आधिकारिक तौर पर पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में पेश किया गया था।

जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो एन एसयूवी पर आधारित, इस पिक-अप का उत्पादन-तैयार संस्करण 2025 में लॉन्च होने वाला है। इस पिक अप कॉन्सेप्ट का एक परीक्षण मॉडल भी पिछले साल देखा गया था। हालांकि इसमें स्कॉर्पियो क्लासिक के डिजाइन एलिमेंट और टेललाइट्स शामिल थे।

महिंद्रा ग्लोबल पिक अप, जिसे स्कॉर्पियो एक्स (स्को पिंयो एक्स ) कहा जा रहा है, एक नई पीढ़ी के एमहॉक डीजल इंजन द्वारा संचालित हो सकती है। यह इंजन छह-स्पीड मैनुअल और ऑटोमैटिक टगियरबॉक्स के साथ जुड़ा होगा। इसके अलावा एक 4डब्ल्यूडी सिस्टम भी ऑफर भी मिलेगा। वहीं आधिकारिक तौर पर कार 2026 के अंत में भारत में लॉन्च होने से पहले दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, मेना देशों और दक्षिण अमेरिकी देशों में लॉन्च होगी। उम्मीद है कि इसकी कीमत 12 लाख से 22 लाख रुपये के बीच होगी। यह टोयोटा हिलक्स और इसुजु डी-मैक्स वी-क्रॉस से भी कड़ा मुकाबला करेगी।

# वोडाफोन आइडिया 27 फरवरी को कर सकती है बड़ी घोषणा

**मुंबई ।**

कर्ज में फंसी कंपनी वोडाफोन आइडिया अगले हफ्ते बड़ा ऐलान कर सकती है। कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी जानकारी में कहा है कि 27 फरवरी को कंपनी की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक आयो जित होगी। इस बैठक में कंपनी फंड जुटाने के` लिए चर्चा करेगी और साथ ही किसी फैसले पर भी बोर्ड मंजूरी दे सकता है। वहीं गुरुवार को ही वोडाफोन के एडिशनल डायरेक्टर कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा है कि वो कंपनी कारोबार मे बनी रहेगी और वो नए निवेशक लाने पर विचार कर रही है। कंपनी के अनुसार 27 फरवरी को होने वाली बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में बोर्ड फंड जुटाने के सभी प्रस्तावों पर विचार करेगा। इसमें राइट्स इश्यू, पब्लिक ऑफर, प्राइवेट प्लेसमेंट, प्रिफ्रेंशियल अलॉटमेंट, क्यूआईपी या ऐसा ही कोई अन्य रूट शामिल होगा। ऐसा माना जा रहा है कि बोर्ड इनमें से कोई एक रूट या एक से ज्यादा रूट के जरिए किस्तों मे रकम जुटाने पर बात कर सकता है। कुमार मंगलम बिड़ला का कहना है कि कंपनी नए निवेशकों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है। 31 दिसंबर 2023 तक वोडाफोन पर कुल कर्ज 214962 करोड़ रुपये हैं। इसमें ब्याज भी शामिल हैं। कंपनी को 31 दिसंबर 2024 तक 5385 करोड़ रुपये के कर्ज चुकाने हैं।




# अदाणी समूह की सीमेंट कंपनी 1000 करोड़ का करेगी निवेश

**नई दिल्ली ।**

अदाणी समूह की सीमेंट कंपनी अंबुजा ने अपनी सहायक कंपनी एसीसी लिमिटेड के साथ हाल ही में सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड का अधिग्रहण किया है, जिसकी देश भर में 18 एकीकृत सीमेंट विनिर्माण संयंत्रों और 14 सीमेंट पीसने वाली इकाइयों के साथ 74.6 एमटीपीए की क्षमता है। अंबुजा सीमेंट्स झारखंड में 6 एमटीपीए की संयुक्त क्षमता के साथ दो सीमेंट प्लांट संचालित करती है। अंबुजा सीमेंट्स ने कहा कि उसने झारखंड के गोड्डा जिले में सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड (एसीएल) ने कहा कि नई 4 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई आवश्यक मंजूरी के बाद स्थापित की जाएगी। यह परियोजना पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित तरीके से फ्लाई ऐश के निपटान और सर्कुलर अर्थव्यवस्था में योगदान करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में अदानी पावर (झारखंड) लिमिटेड के नजदीक में योजना बनाई गई है। इसमें 2,500 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। अंबुजा सीमेंट्स झारखंड में 6 एमटीपीए की संयुक्त क्षमता के साथ दो सीमेंट संयंत्र संचालित करता है। कंपनी ने कहा कि झारखंड में संसाधनों, बुनियादी ढांचे और कुशल जनशक्ति के मामले में अपार संभावनाएं हैं, जो इसे इस परियोजना के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है। हम इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।




## कृषि कर्ज जनवरी तक 20 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली ।** पीएम नरेन्द्र मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में कृषि क्षेत्र में बैंक कर्ज तेजी से बढ़ गया है। बैंकों ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जनवरी के दौरान 20.39 लाख करोड़ रुपए कर्ज का वितरण किया है, जबकि पूरे 2013-14 में किसानों को 7.3 लाख करोड़ रुपए का कर्ज दिया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में कृषि ऋण लक्ष्य 20 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया था। बैंक पहले ही लक्ष्य पार कर चुके हैं और इस वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 22 लाख करोड़ रुपए को पार कर सकता है। कृषि मंत्रालय ने किसानों को सालाना 7 प्रतिशत के कम ब्याज पर कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 3 लाख रुपए तक के अल्पकालिक फसल कर्ज को लेकर ब्याज छूट योजना लागू की हुई है। योजना के तहत बैंकों को उनके संसाधनों के उपयोग पर प्रतिवर्ष 2 प्रतिशत की ब्याज छूट दी जाती है। इसके अलावा ऋण का समय पर भुगतान करने पर किसानों को 3 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाता है, जिससे ब्याज दर कम होकर 4 प्रतिशत हो जाती है।




## जेएफएसएल का मार्केट कैप 2 लाख करोड़ के पार

**मुंबई ।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिडेट (जेएफएसएल) का मार्केट कैप पहली बार 2 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। शुक्रवार को जेएफएसएल के शेयर ने 14.50 फीसदी की तेजी के साथ 347 रुपए का सार्वकालिक उच्च स्तर बनाया। हालांकि, दोपहर 12 बजे के बाद अपने हाई से थोड़ा नीचे आकर शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 9.62 फीसदी की तेजी के साथ 332.20 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस प्राइस पर कंपनी का मार्केट कैप 2.11 लाख करोड़ है। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज भी 2,989 रुपए का सार्वको लिक उच्च स्तर बनाया है। 6 महीने पहले जियो फाइनेंशियल अपनी मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से अलग हुई थी। डीमर्जर के बाद प्राइस डिस्कवरी मैकेनिज्म के तहत जियो फाइनेंशियल के शेयर का भाव 261.85 रुपए तय हुआ था। इसके बाद 21 अगस्त 2023 को बीएसई पर कंपनी का शेयर 265 रुपए पर लिस्ट हुआ था। वहीं एनएसई पर शेयर 262 रुपए पर लिस्ट हुआ था। शेयर बाजार में फिलहाल 39 कंपनियां दो लाख करोड़ रुपए से अधिक के मार्केट कैप के साथ कारोबार कर रही हैं। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज 20.05 लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप के साथ सबसे बड़ी कंपनी है। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक क्रमशः 14.78 लाख करोड़ रुपए और 10.78 लाख करोड़ रुपए के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

## बायजू के ईजीएम में शामिल नहीं होंगे सीईओ रवींद्रन

**नई दिल्ली ।** बायजू के एक प्रवक्ता ने कहा कि बायजू रवींद्रन या कोई अन्य बोर्ड सदस्य इस अमान्य ईजीएम में शामिल नहीं होंगे। यानी कि अभी बुलाए जाने पर भी ईजीएम में जरूरी कोरम नहीं होगा और एजेंडा पर चर्चा या मतदान को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। बायजू की मूल शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रवींद्रन बायजू के साथ-साथ निदेशक मंडल के सदस्य भी कंपनी के चुनिंदा निवेशकों द्वारा बुलाई गई असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में शामिल नहीं होंगे। बायजू के शेयरधारक कथित कुप्रबंधन और विफलताओं को लेकर संस्थापक सीईओ बायजू रवींद्रन और उनके परिवार के सदस्यों को बाहर करने के लिए कुछ निवेशकों द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर शुक्रवार को मतदान करेंगे।

## आइडियाफोर्ज अमेरिकी ड्रोन बाजार में प्रवेश करेगी

**वाशिंगटन ।** भारतीय ड्रोन निर्माता कंपनी आईडियाफोर्ज के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि भारत के ड्रोन उद्योग ने पिछले 10 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद इसमें तेजी आई है। आइडियाफोर्ज अमेरिकी ड्रोन बाजार में ऐसे समय में प्रवेश कर रही है जब वहां चीन में बने ड्रोन को खरीदने को लेकर अनिच्छा है। अे धिकारी ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद से इस क्षेत्र में तेजी आई है। मुझे लगता है कि वैश्विक महामारी से पहले ड्रोन के संबंध में नियम और कानून काफी सख्त थे। इससे पहले वे उपयोग तथा तैनाती के मामले में बहुत अधिक लचीलेपन की अनुमति नहीं देते थे। उन्होंने कहा` कि वैश्विक महामारी के बाद से प्रौद्योगिकी को अपनाने का रास्ता खुला। अब लोग यथासंभव अधिक से अधिक ड्रोन का इस्तेमाल करना चाहते हैं। इसलिए हम प्रौद्योगिकी को अपनाने की प्रबल इच्छा रखते हैं। हम ऐसा करने के लिए बहुत अधिक नियामक समर्थन देख रहे हैं।






## इंफोसिस के सीईओ पारेख यूएसआईएसपीएफ निदेशक मंडल में शामिल

**वाशिंगटन ।** इंफोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक सलिल पारेख यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम में निदेशक मंडल के सदस्य के तौर पर शामिल हो गए हैं। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष एवं सीईओ मुकेश अघी का कहना है` कि सलिल का हाल ही में यूएसआईएसपीएफ बोर्ड में शामिल होना अमेरिका में भारतीय आईटी दिग्गजों की वर्षों की सफलता की गाथा को उजागर करता है। इंफोसिस भारत में एक बड़ा नाम रहा है। आईटी सेवाएं अमेरिका में भारत के सबसे बड़े निर्यातों में से एक हैं। बोर्ड में सलिल और इंफोसिस की भागीदारी डिजिटल व्यापार को मजबूत करके दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक महत्वपूर्ण निर्भरता बनाने में मदद करेगी। अंततः भारत को दुनिया के लिए एक नवाचार भागीदार के रूप में स्थापित करेगी, जो संगठन का मुख्य मिशन है। सलिल पारेख का आईटी सेवा उद्योग में करीब तीन दशकों का अनुभव है।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से भी बाजार गिरा है।

व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.15 फीसदी और 0.53 फीसदी की बढ़त दर्ज की गयी। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 15.44 अंक करीब 0.02 फीसदी टूटकर 73,142.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 73,022.00 और 73,413.93 के बीच कारोबार करता दिखा।

वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) निफ्टी भी 4.75 अंक तकरीबन 0.02 फीसदी नीचे आकर दिन के अंत में 22,212.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी आज 22,186.10 और 22,297.50 के बीच करोबार करता दिखा।



इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 93.93 अंक की बढ़त के साथ 73,253.72 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी में 34.05 अंक की बढ़त के साथ 22247 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले बीएसई सेंसेक्स पिछले बंद भाव 72,623.09 अंक के मुकाबले 72,677.51 पर खुला और कारोबार के दौरान 73,256.39 के उच्च और 72,081.36 के निचले स्तर तक गया। भारी उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स 0.74 फीसदी और 535.15 अंक के उछाल के साथ 73,158.24 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 162.40 अंक की तेजी के साथ 22,217.45 अंक पर बंद हुआ। वहीं अमेरिकी बाज़ारों में शानदार तेजी दर्ज की गई। 450 अंक उछलकर डाओ पहली बार 39,000 के पार पहुंचा। एसएंडपी 500 और नैस्डेक पर एक साल में सबसे बड़ा इंट्राडे उछाल देखा गया। नैस्डेक पर 3 फीसदी का बड़ा उछाल, 16,000 के पार पहुंचा।

# एनबीसीसी देश में 2000 अनाज भंडारण गोदाम बनाएगी


**नई दिल्ली ।**

देश की बुनियादी ढांचे के विकास और उसको और गति देने के लिए नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनबीसीसी) कृषि सेक्टर में भी प्रवेश करने जा रही है। एनबीसीसी, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के साथ सहकारी क्षेत्र में एक समझौता किया है, इसके तहत दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना की शुरुआत होने वाली है। एनबीसीसी देश के अलग-अलग राज्यों में लगभग 2000 अनाज भंडारण गोदाम बनाएगी लेकिन अभी विभिन्न राज्यों के पीएसी और सहकारी बैंकों के साथ 200 अनाज गोदाम बनाने पर ही एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। एनबीसीसी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी के मुताबिक एनबीसीसी बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में कार्य करती है। पहली बार एनबीसीसी देश के कृषि क्षेत्र में हाथ आजमाने जा रही है। यह विकास और केंद्र सरकार की एक दूरदर्शी योजना का हिस्सा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां जमीनी स्तर पर किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि मई 2023 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना में सरकारी दृष्टिकोण का लाभ उठाकर गोदामों, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्रसंस्करण इकाइयों, उचित मूल्य की दुकानों आदि सहित प्राथमिक कृषि क्रेडिट सोसायटी (पीएसीएस) स्तर पर विभिन्न कृषि बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल था।



## फिनटेक संस्थान के लिए ऋण देगा एडीबी

**मुंबई ।** एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट) में फिनटेक शिक्षा, शोध एवं नवाचार तक पहुंच बढ़ाने के लिए 2.3 करोड़ डॉलर का ऋण मंजूर किया है। यह परियोजना गिफ्ट सिटी के अंदर एक अंतरराष्ट्रीय फिनटेक इंस्टीट्यूट(आईएफआई) की स्थापना से जुड़ी हुई है। यह आईएफआई उद्योग और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप फिनटेक प्रशिक्षण कार्यक्रम मुहैया कराएगा। एडीबी में एक अर्थशास्त्री ने कहा कि एडीबी के ऋण से देश की फिनटेक शिक्षा में यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि डिजिटल और वित्तीय सेवाएं भविष्य में ज्यादा किफायती और सुलभ हों। उन्होंने कहा कि भारत के वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योग के विकास ने लोगों के व्यापार करने के तरीके को बदल दिया है, आर्थिक वृद्धि में योगदान दिया है और देश को भविष्य के लिए तैयार किया है।





# ईश्वर प्राप्ति का सहज मार्ग
# प्रार्थना और ध्यान

ईश्वर तथा आध्यात्मिक शक्तियों को प्राप्त करने की दो विधियां हैं-प्रार्थना और ध्यान। भक्ति मार्ग में प्रार्थना और ध्यान दोनों का महत्व है। ऐसा माना जाता है कि प्रार्थना से ध्यान थोडा कठिन है, क्योंकि प्रार्थना सहज है और इसे प्रत्येक व्यक्ति आसानी से कर सकता है। लेकिन ध्यान के लिए मानसिक एकाग्रता की आवश्यकता पडती ही है। प्रार्थना का महत्व कहते हैं कि जब हम कमजोर अथवा असहाय हो जाते हैं, तब प्रार्थना के अलावा और कोई रास्ता हमें दिखाई ही नहीं पडता है। प्रार्थना उच्च, मध्यम, यहां तक कि निम्न कोटि की भी हो सकती है। कभी-कभी हम स्वार्थ और दिखाने के लिए भी देवी-देवताओं के समक्ष आंखें बंद कर प्रार्थना करते हैं। कुछ लोग तो केवल अपने क्षुद्र स्वार्थ की प्राप्ति के लिए भी प्रार्थना करते हैं। जब हम सच्चे मन से दूसरों की भलाई के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं, तो उसे उच्च कोटि की प्रार्थना माना जाता है। इसके अलावा, जब हम अपने लिए आध्यात्मिक शक्ति से परिपूर्ण होने के लिए प्रार्थना करते हैं, तो वह मध्यम हो जाती है और जब हम दूसरों को नीचा दिखाने के लिए प्रार्थना करते हैं, तो वह निम्न स्तर की प्रार्थना हो जाती है।

प्रार्थना में हमें न केवल ईश्वर से मांगना पड़ता है, बल्कि याचना भी करनी पडती है, जबकि ध्यान में अपने आप ही सब कुछ मिल जाता है। प्रार्थना में आध्यात्मिक ज्ञान की आवश्यकता नहीं होती है, क्योंकि हम प्रार्थना बचपन में ही सीख जाते हैं। जीवन से मुक्ति दिलाता है ध्यान वास्तव में, जीवन से मुक्ति प्राप्त करने आध्यात्मिक शक्ति-संपन्न बनने, इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने, ईश्वर को प्रसन्न करने तथा पूरे संसार पर विजय पाने का एकमात्र साधन है ध्यान। ध्यान की विधियां सहज और सरल जरूर हैं, लेकिन उसके लिए आध्यात्मिक ज्ञान का होना आवश्यक है। ध्यान के लिए ईश्वरीय मर्यादाओं के पालन की आवश्यकता भी पड़ती है। ध्यान में मौन भाषा अनिवार्य है। सच तो यह है कि आज तक जितने भी महापुरुष और सिद्ध पुरुष हुए हैं, उनकी सफलता ध्यान से ही संभव हो पाई है। ध्यान से न केवल विचारों में पवित्रता आती है, बल्कि हमारी संकल्प -शक्ति में भी वृद्धि होती है। पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में भी ध्यान की अहम भूमिका होती है। जब हम ध्यान करते हैं, तो उससे निकलने वाली ऊर्जा और शक्ति शुद्ध और शक्तिशाली वातावरण का निर्माण करती है। श्रीमद्भागवत गीता में भी श्रीकृष्ण ने परमात्मा की प्राप्ति का साधन ध्यान को ही बताया है। ध्यान से हम सभी सांसारिक माया-मोह के बंधनों से मुक्त हो मोक्ष प्राप्ति की ओर अग्रसर होने लगते हैं। श्री कृष्ण ने गीता में भी कहा है, हे अर्जुन परमात्मा को पाने के लिए कर्मकाण्ड नहीं, बल्कि ध्यान ही श्रेष्ठ विधि है।

अपने मन के तार को परमात्मा के साथ जोडना ही ध्यान और योग कहलाता है। ध्यान या प्रार्थना अब सवाल यह उठता है कि ध्यान किया जाए या प्रार्थना! सच तो यह है कि ध्यान सर्वश्रेष्ठ है। इसलिए यदि किसी भी व्यक्ति को परमात्मा की मदद, स्वयं पर नियंत्रण, पारिवारिक सामंजस्य स्थापित करने या दूसरे व्यक्तियों के मनोभावोंको जानना है, तो ध्यान ही है सर्वश्रेष्ठ साधन। ध्यान में हमारे स्थूल नेत्र बंद हो जाते हैं और अन्तःकरण का नेत्र खुल जाता है। इस नेत्र से एक स्थान पर बैठा व्यक्ति दूर की वस्तुओं को देख सकता है, दूसरे व्यक्ति को संदेश दे सकता है। दरअसल, ध्यान की सहायता से हम असंभव से लगने वाले कार्य को भी संभव बना सकते हैं। इसलिए ध्यान और योग की प्रक्रिया को प्राचीन काल से ही विभिन्न महापुरुषों, देवताओं, महाऋषियोंने प्रतिपादित किया है। योगों में सबसे उच्च योग की प्रक्रिया स्वयं सर्वआत्माओंके परमपिता परमात्मा शिव ने योगेश्वर के रूप में हमें बताया और सिखाया है। आइए, हम ध्यान की सहायता से आध्यात्मिक शक्तियों से अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाएं। यही समय की मांग है।

# मन के साथ बाहरी आचरण भी हो पवित्र



मनुष्य के आग्यन्तरिक मन की वस्तुतः क्या स्थिति है, उसमें किस प्रकार के कौन से संस्कार छिपे है इसका पता बाहरी आचरणों से नहीं लगता। बाह्यमन से भी वे संस्कार छिपे रहते है। स्वप्न, संनिपात अथवा उन्माद की अवस्था में कही-कही न्यूनाधिम रूप में मनुष्य के भीतरी मन के संस्कार प्रकट हुआ करते है। किसी परिस्थिति में पड़कर एक मनुष्य चोरी करता था। परंतु उसके भीतरी मन में चोरी से घृणा थी। अतएव वह जब-जब चोरी करता, तभी तब उसके भीतरी मन पर अज्ञात रूप से ऐसा आघात लगता कि उसको ज्वर हो जाता। फिर उसके मन में आता चोरी से आयी हुई चीज जिसकी उसे वापस कर दी जाए। वह वापस करता, तब उसे चैन पड़ता उसका ज्वर उतरता। एक मनुष्य के भीतरी मन से एक साधु के प्रति बुरा भाव हो गया था और बार-बार उसके मन में आता कि इसको मार दिया जाए। साधु बहुत अच्छे आदमी थे। उनके द्वारा हजारों-हजारों लोगों को सन्मार्ग और प्रकाश मिलता था। उस आदमी की भी साधु के सद्भाव के प्रति भक्ति थी। वह उनकी सेवा भी करना चाहता। उसने सोचा में इनका शिष्य हो जाऊं और सेवा किया करू वह शिष्य होकर सेवा करने लगा। इसमें जरा भी बनावट नहीं थी। वह सच्चे हृदय से ही शिष्य बनकर सेवा करता था, पर जब-जब वह अकेले में साधु जी की सेवा करता उसके भीतरी मन का बैर भाव बाहर प्रकट हो जाता और उसके मन में आता में इन्हें अभी मार डालू इसी मानसिक अवस्था में वह एक दिन कही से एक कुल्हाड़ी ले आया दूसरे ही दिन सचमुच उसने साधु को कुल्हाड़ी से मार डाला। अतएव अपने को बाहरी आचरणों से मत तौलो बाहरी चेष्टाओं का कभी गर्व-अभिमान भी मत करो। बाहरी आचरण भी अवश्य ही परम पवित्र रहने चाहिए। परंतु भीतरी मन में सदा



# जो भक्त है वही खुश है

जिनका जीवन खुशी से नृत्य करता हो या जिनके जीवन में मधुर संगीत की ध्वनि निकलती हो वे ही असल में खुशी में डूबे हुए है। ऐसे कौन होते है जो भक्त होते है वे ही ऐसे होते है। भगवान के प्रति प्रेम को छोड़कर विषयासक्त पुरुष चाहे वह कितना ही अधिक संसार के भागों को विषयों को प्राप्त कर ले कितना ही वह अधिकार पद वैभव ऐश्वर्य भोगने वाला बन जाए पर उसके जीवन से संगीत नहीं निकलता है। उसके जीवन से निरंतर विषाद की और भय की ध्वनि निकलती है। सहत्रों-सहत्रों भय के स्थान और सैकड़ों सैकड़ों शोक के स्थान है उन बड़ेबड़े ऊंचे वैभवशालियों के अधिकारियों के राजाओं के सम्राटों के देवताओं के विद्वानों के सबके जीवन में से यह कराहने की ध्वनि निकलती है।

संगीत नहीं निकलता। दूसरों को जलाने वालों के राग द्वेष उनके अंदर से प्रकट होते है जो स्वयं उनको जलाते है। जब ऐसा मनुष्य विषयासक्ति से छूटकर भगवान के चरणों में आसक्ति कर पाता है और वह आसक्ति बढ़कर जब प्रगाढ़ हो जाती है तभी उसका जीवन संगीतमय होता है। सभी सिद्ध मुनि नृत्य गीतपरायण नहीं होते। योगी ध्यानी सन्यासी मुनि जितने भी साधक और सिद्ध होते है सभी नृत्य गीत आदि से विरक्त होते है। यह इंद्रियों को और मन को खींचकर नीचे गिराने वाली बन जाती है। इसीलिए जो ज्ञान के साधक और सिद्ध महात्मा है वे नृत्य गीत का विरोध करते है। पहले साधक लोग अपने साधन की सम्पन्नता के लिए और सिद्ध लोग अपने पूर्वाभ्यास को लेकर नृत्य गीत का हमेशा विरोध करते है और उनका विरोध करना सार्थक है उचित है।

जो लोग अपने को बचाना चाहते है उनको भी नृत्य और संगीत से बचना चाहिए। लेकिन जो लोग कृष्णप्रेमी है वे विषयों से विरक्त हो चुके रहते है। उनके नियम की यह बात है कि विषयासक्त पुरुष भगवान में आसक्त नहीं हो सकता। भगवान की आसक्ति और विषयाशक्ति दोनों साथसाथ वैसे नहीं चल सकती जैसे रात्रि और सूर्य। अगर सूर्य है तो रात्रि नहीं है और रात्रि है तो सूर्य नहीं है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-5-7-8

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-7-9


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-4-7-9


**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली -3104




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3103 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक पागलखाने में एक दर्शक का गाइड ने बताया-'यह जो पागल आपके सामने खड़ा है, इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसे उस लड़की ने ठुकरा दिया, जिसे वह प्यार करता था.'

'और वह!' दर्शक ने एक अन्य पागल की तरफ इशारा करते हुए पूछा.

'ओह!' गाइड बोला-'इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसने उसी लड़की से विवाह कर लिया.'

□ □ □

पहला-'पत्नी हर जन्म में वही पति क्यों पाना चाहती है?'

दूसरा-ताकि उस पति को सुधारने का परिश्रम बेकार न चला जाए.

□ □ □

'दुर्लभ पुस्तक किसे कहते हैं?'

'जिसे पढ़कर सगे संबंधी, मित्र और पड़ोसी सुरक्षित लौटा दें.'

□ □ □

बाजार से आते ही मालकिन नौकरानी पर बिगड़ गई-''कल से तू काम पर मत आना!''

''जी! क्या बात हो गई?''


''जब मैं बाजार गई थी तो तेरे हाथ में चार चूड़ियां थीं, अब दो ही रह गई हैं.''

''जी. वह काम करने में टूट गई!''

''वह तो ठीक है. मगर पलंग पर तू क्या काम करने गई थी?''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3104



**बायें से दायें:-**

१. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'जब दिल चुराए' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली धर्मेन्द्र, रेखा की फिल्म-३
५. सलमान, नगमा की 'चांदनी रात है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'टुट गई तड़क करके' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
८. अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की 'दिल बेचैन रहा' गीत वाली फिल्म-२,२
९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजयदत्त, सलमान खान, रवीना की फिल्म-२
१०. डैनी, विनोद मेहरा, मौसमी की 'संसार है एक' गीत वाली फिल्म-३
११. 'गाड़ी बुला रही है' गीत वाली धर्मेन्द्र हेमा की फिल्म-२
१३. जीतेन्द्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'वो लड़की बहुत' गीत वाली अजय देवगन, नेहा धूपिया की फिल्म-४
२०. बॉबी, अक्षय खन्ना, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'मुझे साजन के' गीत वाली अनिल, जैकी, मनीषा, माधुरी की फिल्म-२
२२. सनी, सुनील, सेलिना की 'प्यार होने लगा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल की फिल्म-२
२७. फरदीन खान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२९. फिल्म 'एलओसी' में अजय देवगन के साथ किस की जोड़ी है-२
३०. 'सोल्जर' में प्रीति का नायक?-२
३१. 'मेरे दिल का पता' गीत वाली राहुल राय, दीपक, पूजा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२. अनिल धवन, नीतूसिंह की 'अपने दिल में जगह' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं निकला' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
४. करण दीवान, वैजयंती की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली शाहरूख, काजोल, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-४
६. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'मिलने से पहले' गीत वाली शरद कपूर, मुकुल आनंद, सुष्मिता की फिल्म-३
१२. विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'एक तो ये बैरी' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
१६. रितिक, करीना की 'ए री रे एरी क्या है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आपका चेहरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, सोनू, पल्लवी की फिल्म-४
१८. गोविंदा, ऋषिकपूर, नीलम, मीनाक्षी की 'तेरे डैडी ने दिया' गीत वाली फिल्म-३
१९. शाहरूख, सैफ, प्रीती जिंटा की 'कुछ तो हुआ है' गीत वाली फिल्म-२,१,१,१
२३. अमिताभ, सलमान, हेमा की 'चली चली फिर चली' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'इंतहा हो गई' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3103



## सूडोकु -3104


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3103 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली - 3104




**बाएँ से दाएँ**

1.अपनापन का विलोम-5
4.हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7.गीत (अंग्रेजी-2)
8.गलीचा,कारपेट-3
9.किनारा,छोर-2
10.झगड़ा,कहासुनी-4
11.समय,वक्त-2
13.बेबस-3
14.राष्ट्र,स्वदेश-2
15.पुत्र,लड़का-3
17.प्राप्त करना-2
19.सेंधमार-5
22.चरित्र,व्यवहार-2,3
25.जीव,दूत,जासूस-2
26.आत्मबलि देना-3
28.ताकत,जोश,बल-2
29.कराह,टीस,लालसा-3
30.वहम,संदेह-2
32.आह भरना-4
34.दूर्वा,घास-2
36.चोंगा,गाऊन-3
37.सफर,जात्रा-2
38.दयालु,कृपालु-4
39.निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.पांव, पैर-2
2.भिखारी,मंगता-3
3.अस्वीकृत करना-3,2
4.माला का मोती-3
5.बुरी आदत-2
6.नाटक से परिपूण-4
7.हल्का काला,श्याम-5
10.व्यवस्थित-4
12.बुरी आदत-2
16.अनुकृति-3
17.तांबूल,पत्ता-2
18.रुखसार,कपोल-2
20.डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21.जोड़,योग-2
22.चतुर्थ-2
23.आनंद ध्वनि करना-4
24.महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25.चमकीला-5
26.नीच,नराधम -4
27.विनाश, नेस्तनाबूत-2
31.रंग (अंग्रेजी-3)
33.पराजित करना-3
35.गौरेया, एक चिड़िया-2
37.दोस्त,मित्र, सखा-2

शब्द पहेली -3103 का हल



## ऋषभ की जगह आईपीएल में अभिषेक पोरेल सहित ये क्रिकेटर कर सकते है विकेटकीपिंग

**मुम्बई ।** दिल्ली कैपिटल्स के आक्रामक बल्लेबाज ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सत्र से खेल में वापसी कर रहे हैं पर वह इस बार विकेटकीपिंग नहीं केवल बल्लेबाज करेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी संकेत दिये हैं कि ऋषभ कप्तान के तौर पर खेलेंगे। शुरुआती मैचों में उन्हें इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर शामिल किया जाएगा। ऐसे में ऋषभ की जगह पर इन पांच खिलाड़ियों में से किसी एक को विकेटकीपर की जिम्मेदारी मिल सकती है। अभिषेक पोरेल, शाई होप, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र ओर रिकी भुई। अभिषेक पोरेल के पास घरेलू पिचों पर अच्छा अनुभव है। इससे टीम को लाभ होगा। वहीं वेस्टइंडीज शाई होप सलामी बल्लेबाज भी हैं जबकि दक्षिण अफ्रीकी ट्रिस्टन स्टब्स बीच के ओवरों मे तेजी से खेलते हैं। युवा बल्लेबाज कुमार कुशाग्र भी एक उभरते क्रिकेटर हैं जबकि रिकी भुई के पास अच्छा अनुभव है। उन्होंने ट्वंटी20 लीग के 62 मैचों में 32 की औसत से 1497 रन बनाये हैं। । आईपीएल में ऋषभ की वापसी से उनके प्रशंसकों में उत्साह है पर अभी टीम उनपर विकेटकीपिंग का बोझ नहीं डालना चाहती है। वह कार हादसे से उबरकर अब पूरी तरह से फिट हैं। वह क्रिकेट मैदान पर करीब 15 महीने बाद वापसी करेंगे। उन्होंने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में फिटनेस हासिल करने के लिए काफी समय लिया है।

# अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ 100 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने

### बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बधाई दी




**रांची ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले ही दिन एक विकेट लेते ही एक अहम उपब्धि अपने नाम कर ली। इसी के साथ ही अश्विन टेस्ट प्रारूप में इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गये। इसके अलावा अश्विन खेल के इतिहास में अपने करियर में 100 विकेट और 1000 से अधिक रन का रिकॉर्ड बनाने वाले विश्व के चौथे खिलाड़ी भी बन गये। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें 42 पारियां लगीं। अश्विन ने यह उपलब्धि पहले सत्र में जॉनी बैरिस्टो का विकेट लेते ही हासिल कर ली। इंग्लैंड के खिलाफ इससे पहले वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स , ऑस्ट्रेलिया के मोंटी नोबल और ऑस्ट्रेलिया के ही गिफेन ने एक हजार से अधिक रन और सौ से अधिक विकेट लिए हैं।

खेल के इतिहास में केवल जेम्स एंडरसन 145 के नाम अधिक विकेट हैं। अश्विन को इस अहम उलब्धि पर बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बधाई दी है। अश्विन को उनके करियर की एक और उपलब्धि पर बधाई देते हुए शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा, एक बार फिर नए रिकॉर्ड स्थापित करते हुए अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 100 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया है। उनके शानदार प्रदर्शन ने उनकी स्थिति को महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में मजबूत किया है। क्रिकेट इतिहास में स्पिन गेंदबाज। उनकी असाधारण उपलब्धि उनकी प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण को रेखांकित करती है। बधाई हो!

यह उपलब्धि अश्विन को गेंदबाजों के एक विशिष्ट समूह में रखती है, अभी सक्रिय खिलाड़ियों में केवल ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन ने ही इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट लिए हैं।

# जो रूट के नाबाद शतक से इंग्लैंड का सम्मानजनक स्कोर




**रांची,**

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जो रुट ( नाबाद 106) के धैर्यपूर्ण शतक और उनकी दो उपयोगी साझेदारियों की मदद से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को सात विकेट पर 302 रन का सम्मानजनक स्कोर बना लिया। सीरीज में अब तक रनों के लिए जूझ रहे रुट ने बैजबॉल शैली को दरकिनार करते हुए अपना पुराना स्वाभाविक खेल दिखाया और 226 गेंदों पर नाबाद 106 रन की संयमित पारी में नौ चौके लगाए। रुट ने इंग्लैंड को पहले सत्र में लगे पांच झटकों से संभाला। इस प्रारूप में रुट ने अपना 31वां शतक और भारत के खिलाफ उनका दसवां टेस्ट शतक पूरा किया। उन्होंने बेन फॉक्स के साथ छठे विकेट के लिए 113 रन और ऑली रॉबिंसन के साथ आठवें विकेट के लिए 57 रन की अविजित साझेदारी की। फॉक्स ने 47 रन बनाये जबकि रॉबिन्सन स्टंप्स के समय 31 रन बनाकर क्रीज पर हैं। एक समय ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड आज शायद दो सत्र भी नहीं खेल पाएगा। लेकिन रूट ने फोक्स, टॉम हार्टली और रॉबिंसन के साथ साझेदारी करते हुए इंग्लैंड को एक मज़बूत स्थिति में पहुंचा दिया है।

भारत की तरफ से नवोदित तेज गेंदबाज आकाशदीप ने अपने पदार्पण मैच में 70 रन पर तीन विकेट, मोहम्मद सिराज ने 60 रन पर दो विकेट लिए जबकि आर अश्विन तथा रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया। पहले सत्र में पांच विकेट गंवाने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में कोई विकेट नहीं गंवाया लेकिन अंतिम सत्र में दो विकेट गंवाए। सुबह के सत्र में इंग्लैंड ने जैक क्रॉली (42 रन), बेन डकेट (11 रन), ओली पोप (0), जानी बेयरस्टो (38) और बेन स्टोक्स (3 रन) के विकेट गंवाए।

आखिरी सत्र में धीमी शुरुआत के बाद फ़ॉक्स ने रविचंद्रन अश्विन को मिड-विकेट पर सिक्स जड़ा और अपनी कलाइयो का इस्तेमाल करते हुए दो चौके भी लगाए। लेकिन मोहम्मद सिराज ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी को तोड़ दिया क्योंकि फोक्स शॉर्ट मिडविकेट पर कैच दे बैठे। टॉम हार्टले ने सिराज के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद बल्ले के बाहरी किनारे को छका कर ऑफस्टंप से जा टकराई। रूट ने यॉर्कर को फाइन लेग से आकाश की गेंद पर चौका लगाया और चौका लगाने के लिए शानदार कवर ड्राइव से अपना शानदार शतक पूरा किया। रॉबिन्सन ने दिन के अंत में कुलदीप यादव को स्लॉग-स्वीप करके छक्का लगाया, इसके बाद आकाश की गेंद पर ड्राइव करते हुए और यशस्वी जयसवाल को दो चौकों के साथ इंग्लैंड को 300 के पार ले गए, और पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में रखा।

## आईपीएल 2024 का कार्यक्रम घोषित, सीएसके और आरसीबी में होगा पहला मुकाबला




**मुम्बई ।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के17 वें सत्र का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें शुरुआती मुकाबला गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) से होगा। सीएसके की कप्तानी महेन्द्र सिंह धोनी के पास ही रहेगी जबकि आरसीबी की कमान फाफ डुप्लेसी संभालेंगे। यह मुकाबला 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। वहीं पिछ्ले बार की उप विजेता गुजरात टाइटंस का शुरुआती मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। मुंबई की कप्तानी हार्दिक पंड्या करेंगे। यह मुकाबला 24 मार्च को अहमदाबाद में होगा। .

बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के लिए 17 दिन का पहले सत्र का कार्यक्रम जारी किया है। इसमें 21 मैच होंगे और जिसमें 4 डबल हेडर मैच रहेंगे। वहीं दूसरे सत्र का कार्यक्रम आम चुनावों की तारीखें सामने आने के बाद घोषित किया जाएगा। पहले सत्र में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें पहले डबल हेडर मैच में उतरेंगी। दिन का यह पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में खेला जाएगा जबकि दिन के दूसरे मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम सत्र की शुरुआत का अपना पहला मैच लखउन सुपर जॉयंट्स से खेलेगी। पहले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की टीम का एक भी मैच अपने घरेलू मैदान पर नहीं होगा। कैपिटल्स टीम के शुरुआती दो मैच विशाखापत्तनम में रखे गये हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी–20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराया

### सीरीज में 2-0 की बढ़त मिली

**ऑकलैंड ।**




ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 72 रनों से हराकर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिय की जीत में ट्रैविस हेड और एडम जम्पा की अहम भूमिका रही। हेड ने तेजी से 45 रन बनाये जबकि इसके बाद गेंदबाजी के दौरान जम्पा ने चार विकेट लिए। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रन बनाये। इस प्रकार कीवी टीम को जीत के लिए 175 रनों का लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए कीवी टीम 17 ओवर में 102 रनों पर ही सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिन ऐलन का विकेट खो दिया। इसके बाद चौथे ओवर में विल यंग भी पांच रन बनाकर आउट हो गये। कप्तान मिचेल सैंटनर भी सात रन बनाकर आउट हुए। केवल ग्लेन फिलिप्स ही 35 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 42 रन बना पाये। मार्क चैपमैन दो रन, जॉश क्लाकर्सन 10 रन, ऐडम मिल्न शून्य, ट्रेंट बोल्ट 16 रन, लॉकी फर्ग्युसन चार रन बनाये। बेन सीयर्स दो रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की टीम के सात बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐडम जम्पा ने चार विकेट लिए। नेथन एलिस को दो विकेट मिले।

जॉश हेजलवुड, पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# दीया और स्वस्तिका प्रशिक्षण के लिए दक्षिण कोरिया और जापान जाएंगी

**नई दिल्ली ।**

महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी दीया चितले और स्वस्तिका घोष अब प्रशिक्षण के लिए विदेश जाएंगी। खेल मंत्रालय ने इन दोनो को विदेश में शीर्ष स्तर के प्रशिक्षण की अनुमति दे दी है। इन दोनो को दक्षिण कोरिया और जापान भेजा जाएगा। दीया शिन मिन सुंग के मार्गदर्शन में जबकि स्वास्तिका स्वस्तिका कियू जियान शिन से प्रशिक्षण लेंगी।


खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने इन दोनो के प्रस्ताव स्वीकार करते हुए इस दौरे का पूरा खर्च उठाने की बात कही है। मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत खिलाड़ियों से संबंधित विभिन्न इन खर्चों का वहन किया जाएगा।

एमओसी ने इसके अलावा बैडमिंटन खिलाड़ियों किरण जॉर्ज और अनुपमा उपाध्याय, त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल टीम और निशानेबाज रुद्राक्ष पाटिल के प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी। किरण और अनुपमा बीडब्ल्यूएफ ऑरलियन्स मास्टर्स में भाग लेंगे तो वहीं त्रीसा और गायत्री की जोड़ी अपने कोच और फिजियो के साथ बीडब्ल्यूएफ जर्मन ओपन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए जर्मनी जाएगी।

वहीं राइफल निशानेबाज रुद्राक्ष 'इंटरनेशनल सेसन स्टार्ट फॉर शूटर्स (आईएसएएस 2024) प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने के लिए डोर्टमंड जाएंगे। एमओसी ने 'डब्ल्यूटीटी फीडर प्रतियोगिताओं' में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता के टेबल टेनिस खिलाड़ियों जी साथियान और मनिका बत्रा के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी है। साथियान डब्ल्यूटीटी फीडर और डब्ल्यूटीटी फीडर दो प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए लेबनान के बेरूत जाएंगे जबकि मनिका डब्ल्यूटीटी सिंगापुर स्मैश में प्रतिस्पर्धा के लिए अपने कोच के साथ जाएंगी और फिर बेरूत में दो डब्ल्यूटीटी फीडर टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।



### आकाशदीप ने किया ड्रीम डेब्यू : गावस्कर



**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप की जमकर सराहना की है। गावस्कर ने कहा कि आकाशदीप के रुप में भारतीय टीम को एक और सितारा मिला है। साथ ही कहा कि आकाशदीप ने जिस प्रकार का प्रदर्शन किया है। उसका सपना हर खिलाड़ी अपने डेब्यू को लेकर देखता है। इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरते ही आकाशदीप भारत के 313वें टेस्ट क्रिकेटर बन गए हैं। आकाशदीप ने अपने पहले ही स्पेल में 3 विकेट लिए। जिसके कारण उन्हें सभी ओर से प्रशंसा मिल रही है। इसी को लेकर गावस्कर ने कहा, 'कोई भी क्रिकेटर जो सपना देखता है, आकाशदीप ने वैसा ही कमाल किया है।' भारतीय टीम ने इस मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह पर आकाशदीप को अंतिम ग्यारह में शामिल किया था। आकाशदीप ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए अपने पहले ही स्पेल में 3 विकेट लेकर अपने चयन को सही साबित किया। आकाशदीप ने इस मुकाबले में इंग्लैंड की सलामी जोड़ी ओली पोप और बेन डकेट को पेवेलियन भेजा। आकाशदीप ने इसके बाद जैक क्राउली को बोल्ड किया पर ये गेंद नो बाल दे दी गयी। आकाश ने दूसरी बार क्राउली को कोई अवसर नहीं देते हुए एक बार फिर बोल्ड कर पेवेलियन भेजा। इस मैच में कॉमेंट्री कर रहे गावस्कर ने आकाशदीप की जमकर प्रशंसा की। गावस्कर ने कहा कि ये एक ड्रीम डेब्यू रहा। गावस्कर ने कहा कि 'कोई भी क्रिकेटर जो सपना देखता है, आकाशदीप ने वैसा ही प्रदर्शन किया है। जहां एक बल्लेबाज चाहता है कि वह अपने पहले ही मैच में अर्धशतक या शतक लगाए। वहीं इसी प्रकार हर गेंदबाज विकेट लेना चाहता है।

### टी20 में रोहित , सूर्यकुमार के नाम है सबसे ज्यादा शतक

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के दो खिलाड़ियों के नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा शतक हैं। इसमें कप्तान रोहित शर्मा और आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव है। रोहित के नाम पांच जबकि सूर्या के नाम चार शतक हैं। ऐसे में जून में होने वाले टी20 विश्वकप में भारतीय टीम खिताब की एक प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इसमें जीत हासिल कर अपने नाम एक आईसीसी खिताब करना चाहेंगे। रोहित के अलावा ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल, के नाम भी टी20 में पांच शतक हैं। ये तीनो ही ऐसे बल्लेबाज हैं जो कभी भी मैच का रुख मोड़ सकते हैं। मैक्सवेल ने हाल में विंडीज के खिलाफ सीरीज के दूसरे टी20 में शतक लगाकर रोहित के पांच शतकों की बराबरी की है। सबसे कम पारियों में पांच शतक का रिकार्ड मैक्सवेल के नाम है। . मैक्सवेल ने 102 टी20 अंरराष्ट्रीय की 94 पारियों में 5 शतक लगाये हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर नाबाद 145 रन रहा है। मैक्सवेल ने अबतक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2405 रन बनाये हैं और उनके नाम 10 अर्धशतक भी हैं।मैक्सवेल का स्ट्राइक रेट 155.26 का रहा है। वहीं रोहित ने 151 मैचों की 143 पारियों में 5 शतक लगाये हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर नाबाद 121 रन रहा है। उन्होंने इस दौरान 29 अर्धशतक लगाये हैं। आगामी टी20 विश्व कप में रोहित कई और शतक लगा सकते हैं। उनका स्ट्राइक रेट 139.97 का है जबकि औसत 31.79 का है। वहीं सूर्यकुमार ने 60 मैचों की 57 पारियों में 4 शतक लगाये हैं। वह टी20 सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। सूर्यकुमार ने 10 बार नाबाद रहते हुए 171.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। उनकी बल्लेबाजी का औसत 45.55 का रहा है। वहीं हैरान करना वाला नाम चेक गणराज्य के सबावून दाविजी का है। इस खिलाड़ी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अबतक 3 शतक लगाये हैं। उन्होंने 31 पारियों में यह रिकार्ड बनाया है। दाविजी का सबसे अधिक स्कोर नाबाद 115 रन रहा है।

### संक्षिप्त समाचार



## आईपीएल में मुम्बई की कप्तानी करते हुए हार्दिक पर रहेगा उम्मीदों का बोझ: पार्थिव

**मुम्बई ।** पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने कहा है कि आईपीएल के 17 सत्र के लिए मुम्बई इंडियंस के कप्तान बने हार्दिक पांड्या की राह इस बार आसान नहीं है। पार्थिव के अनुसार मुम्बई इंडियंस ने उन्हें वह सभी कुछ दिया है जो उन्होंने मांग था। ऐसे में अब उनपर अपने को साबित करने का दबाव होगा। इसका कारण है कि उनपर उम्मीदों का भारी बोझ रहेगा। हार्दिक को मुम्बई ने गुजरात टाइटंस से लिया था। पार्थिव के अनुसार हार्दिक पर वापसी पर अतिरिक्त दबाव होगा। असल में आकाश चोपड़ा ने पार्थिव से पूछा था कि क्या नए कप्तान हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस को आईपीएल ट्रॉफी वापस दिलाने में मदद कर सकते हैं तो उन्होंने कहा कि ट्रॉफी वापस लाना आसान नहीं है पर अगर आप मुंबई टीम को देखें, तो उन्हें इसे वापस लाना चाहिए। यदि आप उनके भारतीय खिलाड़ियों को देखें, तो केवल एक-दो खिलाड़ी ही ऐसे हैं जो अनुभवी नहीं हैं। उनमें से अधिकतर अनुभवी खिलाड़ी हैं और प्रदर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा टीम में शामिल विदेशी खिलाड़ी भी उन्हें बहुत सारे विकल्प उपलब्ध कराते हैं। पार्थिव ने कहा कि टीम के नजरिए से हार्दिक को वह सब कुछ दिया गया है जो वह चाहते थे। लेकिन उनकी सबसे बड़ी चुनौती टीम को एक दिशा में एक ईकाई के तौर पर सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने में सहायता करना होगा। इसके बिना ट्रॉफी नहीं जीती जा सकती। एमआई का सत्र पंड्या के नेतृत्व कौशल पर निर्भर करेगा। अगर वह टीम को सामूहिक रूप से ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकते हैं, तो वे जीत सकते हैं। पार्थिव ने पंड्या की कप्तानी पर भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बेशक, उनकी कप्तानी एक चर्चा का विषय बन गई है। जिस तरह से उन्होंने गुजरात टीम का नेतृत्व किया और पहले साल चैंपियनशिप जीती वह शानदार था।

## इरफान पठान ने घरेलू क्रिकेट की उपेक्षा करने वालों पर निशाना साधा

**नई दिल्ली ।** पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने घरेलू क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी की उपेक्षा करने वाले क्रिकेटरों पर कटाक्ष किया है। पठान ने कहा कि आजकल कई खिलाड़ी चोट का बहाना बनाकर घरेलू क्रिकेट खेलने से बच रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, घरेलू क्रिकेट में खेलने के लिए अलग-अलग खिलाड़ियों पर अलग नियम लागू होता है। शरीर की देखभाल के नाम पर घरेलू क्रिकेट से अपने को दूर रखना आंखिर कितना सही है। पठान ने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया पर माना जा रहा है कि उनका संकेत ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों की ओर था जो फिटनेस के नाम पर लंबे समय से घरेलू क्रिकेट से दूर हैं। हार्दिक की घरेलू टीम बड़ौदा भी क्वार्टर फाइनल में पहुंची है पर वह टीम में शामिल नहीं हैं। इसकी जगह वह आईपीएल की तैयारियों में लगे हुए हैं। इरफान भी बड़ौदा के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते थे। ऐसे में हार्दिक जैसे खिलाड़ी का अपनी घरेलू टीम के लिए नहीं खेलना काफी नुकसान पहुंचा सकता है। यही कारण है इरफान ने बिना लिए उन पर तंज कसा है। हार्दिक के अलावा युवा ईशान किशन, श्रेयस अय्यर भी हाल के दिनों में घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलने के कारण आलोचना का शिकार हुए हैं।




## आईपीएल 2024 : मुम्बई इंडियंस का पहला मुकाबला 24 मार्च को गुजरात टाइटंस से होगा

**नई दिल्ली ।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मुम्बई इंडियंस का पहला मुकाबला 24 मार्च को गुजरात टाइटंस से होगा। मुम्बई इस मुकाबले में अपने नये कप्तान हार्दिक पंड्या की कप्तानी में उतरेगी। वहीं गुजरात टाइटंस की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे। मुम्बई और गुजरात का यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। यह मैच रात साढ़े सात बजे शुरू होगा। अबतक केवल पहले सत्र के 21 मैचों का ही कार्यक्रम जारी किया गया है। इन 21 मैचों के दौरान मुंबई इंडियंस को कुल चार मैच खेलने हैं। पंड्या की टीम 27 मार्च को सनराजइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना दूसरा मैच खेलेगी। यह मैच में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। शुरुआती दो मैच विरोधी टीम के मैदानों में खेलने के बाद मुंबई अपने बाकि दो मैच अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में खेलेगी। एक अप्रैल को शाम साढ़े सात बजे से मुंबई इंडियंस का मैच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ होगा। वहीं सात अप्रैल का मैच मुंबई की टीम दोपहर साढ़े 3 बजे से दिल्ली कैपिटल्स से खेलेगी। आईपीएल के इस सत्र में गुजरात टाइटंस को अपने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बिना ही उतरना होगा। शमी एड़ी की गंभीर चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से ही बाहर हो गए हैं। उन्हें इससे उबरने के लिए सर्जरी करानी होगी।

## किसान आंदोलन : खनौरी बॉर्डर पर एक और किसान की मौत

चंडीगढ़ । किसान आंदोलन के बीच एक और किसान की मौत हो गई। खनौरी बॉर्डर पर किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इससे पहले, पंजाब सरकार ने उस किसान के लिए 1 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है, जिसकी बुधवार को हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच झड़प के बीच मौत हो गई थी। वह बठिंडा का रहने वाला था। किसानों और केंद्र के बीच चल रहे गतिरोध के बीच, अंबाला जिले में हरियाणा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए), 1980 के तहत फार्म यूनियन नेताओं और आंदोलनकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू नहीं करेगी। अंबाला पुलिस ने पहले कहा था किसान नेताओं के खिलाफ एनएसए लगाया जाएगा, उनका आरोप है कि उनमें से कई आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और कानून-व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं। आईजीपी अंबाला रेंज ने कहा, यह सभी संबंधितों को स्पष्ट करना है कि जिला अंबाला के कुछ फार्म यूनियन नेताओं पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के मामले पर पुनर्विचार किया गया है और यह निर्णय लिया गया है कि इसे लागू नहीं किया जाएगा। हरियाणा पुलिस प्रदर्शनकारियों और उनके नेताओं से शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील करती है। अंबाला पुलिस ने यह भी कहा कि प्रदर्शनकारियों को आंदोलन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को हुए किसी भी नुकसान के लिए मुआवजा देना होगा और उनकी संपत्तियों को कुर्क करने और बैंक खातों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## केरल में माकपा नेता की हत्या के विरोध में पार्टी ने बंद का किया आह्वान

कोझिकोड। केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा ( एलडीएफ) के घटक दल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने पार्टी के कोयिलैंडी शहर के स्थानीय सचिव पीवी सत्यनाथन की हत्या के विरोध में शुक्रवार को नगर पालिका और आसपास की चार पंचायतों में सुबह से शाम तक बंद का आह्वान किया है। अरिकुलम, कीझारियूर, चेंगोट्टुकावु और चेमनचेरी पंचायत क्षेत्र में बंद प्रभावी रहेगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार निजी दुश्मनी के कारण श्री सत्यनाथ (64) की कल रात चाकू से हमला करके हत्या कर दी गयी थी।पुलिस ने नेता के पड़ोसी अभिलाष (33) को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी माकपा की पेरुवत्तूर शाखा समिति का पूर्व सदस्य भी है और वह कोयिलैंडी नगर पालिका में अस्थायी ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। पेरुवत्तोर चेरियापुरम पारादेवथा मंदिर परिसर में मंदिर समिति आयोजित कल रात एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया था।इस बीच रात करीब 10 बजे अभिलाष ने श्री सत्यनाथन पर पीछे से चाकू से हमला किया। नेता की गर्दन और पीठ पर गहरी चोटें आईं। उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने दावा किया कि घटना के बाद अभिलाष ने आत्मसमर्पण कर दिया और अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि उसकी नेता के साथ निजी दुश्मनी थी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि इससे पहले पार्थिव शरीर को कोयिलैंडी के टाउन हॉल में रखा जाएगा ताकि लोग दिवंगत नेता को अंतिम श्रद्धांजलि दे सकें।अंतिम संस्कार आज शाम कोयिलैंडी में किया जायेगा।

## 13 मार्च के बाद हो सकता है चुनाव का ऐलान

### – 7 से 8 चरणों में होगा मतदान

नई दिल्ली । 2024 भारतीय चुनाव आयोग 13 मार्च के बाद लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों का दौरा कर रहा है और एक बार यह पूरा हो जाने के बाद तारीखों की घोषणा की जाएगी। केंद्रीय चुनाव निकाय के अधिकारी वर्तमान में तमिलनाडु का दौरा कर रहे हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर का दौरा किया जाएगा। राज्य का दौरा 13 मार्च से पहले पूरा होने वाला है। बताया जा रहा है कि 7 से 8 चरणों में मतदान हो सकता है। चुनाव को लेकर सभी पार्टियां अपनी-अपनी कमर ली है। आयोग पिछले कुछ महीनों से तैयारियों का आकलन करने के लिए सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ नियमित बैठकें कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सीईओ ने समस्या वाले क्षेत्रों, ईवीएम की आवाजाही, सुरक्षा बलों की उनकी आवश्यकता, सीमाओं पर कड़ी निगरानी को सूचीबद्ध किया है।

### आयोग एआई की लेगा मदद

चुनाव आयोग ने मई से पहले होने वाले लोकसभा चुनावों के स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक तैनात करने का फैसला किया है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गलत सूचनाओं को चिह्नित करने और हटाने के लिए ईसीआई के भीतर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए एक समर्पित प्रभाग बनाया गया है।

## 'न्याय यात्रा' में मुरादाबाद से शामिल होंगी प्रियंका गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा आगामी रविवार को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होंगी और फतेहपुर सीकरी तक इस यात्रा में साथ रहेंगी। पार्टी के अनुसार, प्रियंका गांधी मुरादाबाद से यात्रा के साथ जुड़ेंगी और फिर अमरोहा, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस तथा आगरा होते हुए फतेहपुर सीकरी तक साथ रहेंगी। प्रियंका गांधी को चंदौली से ही इस यात्रा में शामिल होना था, लेकिन अस्वस्थ होने के चलते वह इसमें शामिल नहीं हो सकीं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी आगरा में राहुल गांधी के साथ इस यात्रा में शामिल होने वाले हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की घोषणा की थी। कांग्रेस उत्तर प्रदेश की कुल 80 सीटों में से 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' बुधवार को कानपुर में थी, जबकि 22 और 23 फ़रवरी को यात्रा में विराम है। यह यात्रा 24 फ़रवरी की सुबह मुरादाबाद से फ़िर शुरू होगी। उसके बाद अमरोहा, संभल, अलीगढ़, हाथरस, और आगरा जिलों से गुजरते हुए यात्रा राजस्थान के धौलपुर में रुकेगी। इसके बाद 26 फ़रवरी से एक मार्च तक यात्रा में विराम होगा ताकि राहुल गांधी 27 और 28 फरवरी को इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दो विशेष व्याख्यान दे सकें और नई दिल्ली में होने वाली पार्टी की कुछ महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल हो सकें। इस विराम के बाद दो मार्च को अपराह्न दो बजे धौलपुर से एक बार फिर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू होगी। इसके बाद यह मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, शाजापुर और उज्जैन-सहित मध्यप्रदेश के अन्य जिलों से गुजरेगी। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 14 जनवरी को मणिपुर से आरंभ हुई थी। अगले महीने मुंबई में इसका समापन होना है।

## रक्षा क्षेत्र में, विशेषकर एयरोस्पेस क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता जरूरी : डीसीएएस

नई दिल्ली। वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शुक्रवार को कहा कि एक राष्ट्र को 'औद्योगिक रूप से मजबूत' बनना है और रक्षा क्षेत्र में, विशेष रूप से एयरोस्पेस के क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता जरूरी है। यहां आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने यह बात कही। उनके अनुसार, यह देखा जा रहा है कि दुनिया में हमारे आसपास हो रहे 'दो युद्धों' के बाद 'आत्मनिर्भरता' और अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित इस सम्मेलन का शीर्षक 'एनर्जाइजिंग इंडियन एयरोस्पेस इंडस्ट्री - आत्मनिर्भर भारत के लिए चुनौतियाँ' है। सम्मेलन में भारतीय वायु सेना के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा उद्योग संबंधी विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। एयर मार्शल दीक्षित ने कहा, 'हर देश आत्मनिर्भर बनना चाहता है। और हम देख रहे हैं कि दुनिया में हमारे आसपास हो रहे इन दो युद्धों के बाद, यह और अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है।' उनकी टिप्पणी रूस-यूक्रेन संघर्ष और इज़राइल-हमास संघर्ष की पृष्ठभूमि में आई है। उन्होंने भारतीय वायुसेना में 'आत्मनिर्भरता' की आवश्यकता और वर्तमान में बल के आगे बढ़ने की राह में आने वाली चुनौतियों पर जोर दिया। वायुसेना उप प्रमुख ने कहा, 'हमें औद्योगिक रूप से मजबूत बनना होगा, रक्षा क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता की आवश्यकता है, खासकर एयरोस्पेस क्षेत्र में'

# कांग्रेस के लिए ममता ने खोले बंद दरवाजे! सीटों के बंटवारे को लेकर हो रहा मंथन

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे की बातचीत पटरी पर आ गई है। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। इतना ही नहीं, अगर दोनों पार्टियों के बीच बात बनी तो 1 और 2 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल दौरे से पहले कोई घोषणा हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम 6 मार्च को एक बार फिर बंगाल में होंगे जब वह बारासात का दौरा करेंगे। खबरों के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस मेघालय में एक सीट और असम में दो सीटों की मांग कर रही है। जानकारी के मुताबिक ममता बनर्जी ने कांग्रेस को पश्चिम बंगाल की 42 में से 5 सीट देने की पेशकश की है।

यह टीएमसी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की घोषणा के करीब एक महीने बाद आया है कि उनकी पार्टी राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के लिए सीट बंटवारे की रणनीति पर भी फैसला किया। कांग्रेस 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और शेष 63 सीटों पर समाजवादी पार्टी और इंडिया ब्लॉक के अन्य गठबंधन सहयोगी चुनाव लड़ेंगे।

इस बीच, सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस को टीएमसी की




पेशकश पश्चिम बंगाल, मेघालय और असम के लिए वही रहेगी। पश्चिम बंगाल में, जहां टीएमसी सत्ता में है, पार्टी कुल 42 में से कांग्रेस को दो सीटें देने को तैयार है। कांग्रेस और टीएमसी के बीच पहले दरार तब शुरू हुई थी जब बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी ने कथित तौर पर कम से कम आठ से दस सीटों के लिए 'सबसे पुरानी पार्टी' के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। मेघालय और असम के लिए टीएमसी कांग्रेस को एक-एक सीट की मांग कर सकती है। असम में 14 और मेघालय में दो लोकसभा सीटें हैं।

मेघालय की तुरा लोकसभा सीट इंडिया गुट की दो पार्टियों के बीच मुकाबला का मुद्दा बन गई है। कांग्रेस ने टीएमसी को सीट सौंपने से इनकार कर दिया, लेकिन टीएमसी का दावा है कि उसकी पार्टी के सदस्यों को तुरा से चुनाव लड़ना चाहिए क्योंकि उसे 2019 में 28 फीसदी वोट मिले थे। दूसरी ओर, कांग्रेस केवल नौ फीसदी वोट पाने में सफल रही। कांग्रेस और टीएमसी के बीच तनातनी का एक और मुद्दा अधीर रंजन चौधरी का ममता बनर्जी पर हमला है। कांग्रेस नेता ने अक्सर टीएमसी प्रमुख की आलोचना की है और उन्हें एक अवसर पर 'अवसरवादी' और दूसरे अवसर पर 'दलाल' कहा है।

## शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को चुनाव चिह्न मिला




नई दिल्ली। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार के गुट वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया है जिसमें तुरहा बजाते हुए एक व्यक्ति है। चुनाव आयोग ने श्री पवार को गुरुवार रात पत्र भेजकर इसकी सूचना दी। आयोग ने कहा कि पावर गुट लोकसभा चुनाव में तुरहा बजाते हुए आदमी के चुनाव चिह्न का उपयोग कर सकेगा। आयोग ने यह निर्णय राकांपा में विभाजन के बाद उठे विवाद के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्णय को ध्यान में रखते हुए लिया है। आयोग विधानसभा में सदस्यों की संख्या के आधार पर श्री पवार के भतीजे अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राकांपा करार दे चुका है। राकांपा ने चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त चिह्न पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह उसके लिए गर्व की बात है। इसके पहले इस पार्टी को चुनाव चिह्न के रूप में 'वटवृक्ष' मिला था जिस पर विश्व हिन्दू परिषद ने यह कहकर इस पर आपत्ति जतायी थी कि यह उसके संगठन का पंजीकृत चिह्न है।

# 'नानी को ननिहाल का हाल सुना रहे हैं मोदी', पेपर लीक के बहाने पीएम पर राहुल गांधी का सीधा वार


**नई दिल्ली (एजेंसी)**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार किया है। दोनों नेताओं के बीच वार-पलटवार का दौर जारी है। पेपर लीक को लेकर राहुल ने मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि लखनऊ से लेकर प्रयागराज तक पुलिस भर्ती पेपर लीक को लेकर युवा सड़कों पर हैं। और वहां से मात्र 100 किमी दूर वाराणसी में प्रधानमंत्री युवाओं के नाम पर युवाओं को ही बरगला रहे हैं। ठेठ बनारसी अंदाज में कहें तो मोदी जी 'नानी को ननिहाल का हाल सुना रहे हैं'।



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों के प्रदर्शन की ओर ध्यान दिलाते हुए शुक्रवार को कहा कि पेपर लीक की चर्चा प्रदेश के गांव-गांव में हो रही है, लेकिन सरकार सो रही है। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''फिर से परीक्षा, फिर से परीक्षा....बस एक बार सोच कर देखिए- 50 लाख से अधिक युवाओं ने फॉर्म भरा। ये प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा थी। 400 रुपये का एक फॉर्म था। 48 लाख एडमिट कॉर्ड (प्रवेश पत्र) जारी हुए और परीक्षा के पहले पेपर लीक हो गया। क्या बीत रही होगी बच्चों पर? उनके परिवारों पर? '' उन्होंने कहा कि ऐसा ही समीक्षा अधिकारी की परीक्षा में हुआ और पेपर लीक हो गया।

मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला 'नशेड़ी' शब्द सुना तो वह हैरान रह गए। राहुल गांधी का नाम लिए बिना पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस परिवार के राजकुमार कहते हैं कि यूपी के युवा 'नशेड़ी' हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'उन्होंने मोदी को गाली देने में दशकों बिताए। लेकिन अब वे अपनी हताशा लोगों पर प्रकट कर रहे हैं।' राहुल पर हमला करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के युवराज का कहना है कि काशी के नौजवान, यूपी के नौजवान नशेड़ी हैं। जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं, वो यूपी के, मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं।

## बीआरएस विधायक नंदिता की सड़क हादसे में मौत





**हैदराबाद (एजेंसी)**। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधायक लस्या नंदिता की शुक्रवार को संगारेड्डी जिले के पतनचेरु में एक भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। सिकंदराबाद कैंट से विधायक 33 वर्ष की थीं। पुलिस के अनुसार बेकाबू कार के डिवाइडर से टकराने से यह हादसा हुआ।

बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने सुश्री नंदिता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने भी विधायक ने निधन पर शोक व्यक्त किया है।

पुलिस ने कहा कि यह दुर्घटना आज तड़के तब हुई जब विधायक सिकंदराबाद से सदाशिवपेट जा रही थीं। ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में विधायक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ड्राइवर को गंभीर चोटें आईं हैं। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए पाटनचेरु एरिया अस्पताल भेज दिया गया है। बाद में उसे चिक्कड़पल्ली स्थित उनके आवास पर ले जाया जाएगा।

पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सुश्री नंदिता के निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री रेड्डी 'एक्स' पर कहा, 'कैंट विधायक लस्या नंदिता की असामयिक निधन से मुझे गहरा धक्का लगा। नंदिता के पिता स्वर्गीय सयन्ना के साथ मेरे करीबी रिश्ते थे। पिछले साल इसी महीने में उनका निधन हो गया था। यह बहुत दुखद है कि नंदिता भी नहीं रहीं। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।मैं ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।'

सुश्री नंदिता इससे पहले नलगोंडा से हैदराबाद लौटते समय एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थीं। पिछले वर्ष 19 फरवरी को दिल का दौरा पड़ने से उनके पिता का निधन हो गया था । उसके बाद सुश्री नंदिता ने छावनी क्षेत्र से चुनाव जीता था।

# खनौरी सीमा पर मारे गए किसान के परिवार को एक करोड़ रुपये, बहन को नौकरी देगी पंजाब सरकार

**चंडीगढ़(एजेंसी)**। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खनौरी सीमा पर मारे गए किसान शुभकरण सिंह के परिवार को मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये और उसकी बहन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में बुधवार को झड़प में बठिंडा के किसान सिंह (21) की मौत हो गई थी और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। यह घटना तब हुई जब प्रदर्शन कर रहे कुछ किसानों ने अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की थी। मान ने पंजाबी भाषा में एक पोस्ट में कहा, 'खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए शुभकरण सिंह के परिवार को पंजाब सरकार की ओर से एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और उनकी छोटी बहन को सरकारी नौकरी दी जाएगी। दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।' किसान नेता सिंह के परिवार को मुआवजा और उसके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। इसके अलावा उन्होंने किसान की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की भी मांग की थी। किसान नेताओं ने सिंह को 'शहीद' का दर्जा दिए जाने की भी मांग की थी। सिंह बठिंडा के बल्लो गांव का निवासी था। सिंह का शव पटियाला के राजेन्द्र अस्पताल में रखा गया था लेकिन किसानों के अपनी मांगों पर अड़े रहने के कारण पोस्टमॉर्टम में देरी हुई। मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा था कि वह युवा किसान की मौत से दुखी हैं साथ ही उन्होंने कहा था कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मान ने कहा था, 'पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। उसकी मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना होगा।' संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अपनी मांगों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के वास्ते 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं।

# भयंकर जलसंकट की आहट: 60 करोड़ भारतीयों पर मंडराएगा संकट

**–पानी की कमी से अगले 7 सालों में जीडीपी को होगा बड़ा नुकसान...भारत के सिलिकॉन वैली में लोगों ने शुरू की पानी की राशनिंग, तेजी से सूख रहे पोखर, तालाब एवं झीलें**

**–भारत में दुनिया की 18 प्रतिशत आबादी का हिस्सा, जबकि देश के पास सिर्फ 4 प्रतिशत जल संसाधन**

**– बेंगलुरु समेत कई शहरों में अभी से दोगुनी कीमत पर बिक रहा पानी, बढ़ेगा और संकट,**

नई दिल्ली/बेंगलुरु/भोपाल (एजेंसी)। देश में अभी गर्मी की दस्तक भले ही नहीं हुई है, लेकिन जल संकट की आहट शुरू हो गई है। जबकि गर्मी आने में अभी एक महीना बाकी है। आशंका जताई जा रही है कि देश के कई राज्यों में गर्मी में भयंकर जलसंकट हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून कमजोर होने के कारण दक्षिण भारत के राज्यों के साथ ही दिल्ली, मप्र, छग, राजस्थान, महाराष्ट्र में जल संकट का सबसे अधिक असर पड़ेगा। दरअसल, इन राज्यों में पोखर, तालाब, छोटी नदियां और झीलें तेजी से सूख रही है।

जलवायु परिवर्तन के दौर में मानसून और उस पर निर्भर जल संसाधनों पर बुरा असर पड़ा है। पूरे भारत में कई बड़ी नदियों के सूखने के साथ भारत को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। इस तरह का गंभीर जल संकट कभी नहीं देखा गया है। भारत में दुनिया की आबादी का 18 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि देश के पास सिर्फ 4 प्रतिशत जल संसाधन हैं। ये भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा पानी की कमी वाले देशों में से एक बनाता है। यही वजह है कि पिछले कुछ सालों में गर्मियों के आते ही पानी भारत में सोने की तरह कीमती चीज बनती जा रही है। नीति आयोग की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक बड़ी संख्या में भारतीय जल संकट का सामना करते हैं। अपनी पानी की जरूरतों के लिए भारत की अनियमित मानसून पर निर्भरता इस चुनौती को और बढ़ा रही है। इससे लाखों लोगों का जीवन और आजीविका खतरे में हैं। फिलहाल, 60 करोड़ भारतीयों पर गंभीर जल संकट मंडरा रहा है और पानी की कमी और उस तक पहुंचने में आने वाली मुश्किलों की वजह से हर साल लगभग दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। 2030 तक देश की पानी की मांग, उपलब्ध आपूर्ति से दोगुनी होने का अनुमान है, जिससे लाखों लोगों के लिए पानी की गंभीर कमी और देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 6 प्रतिशत का नुकसान होने का अनुमान है।

### 40,000 करोड़ क्यूबिक मीटर से ज्यादा पानी का उपभोग

यदि पानी का सबसे ज्यादा उपभोग करने वाले देशों की बात करें तो उसमें भी भारत शामिल है, जोकि हर साल 40,000 करोड़ क्यूबिक मीटर से भी ज्यादा पानी का उपभोग कर रहा है। जबकि हाल ही में एक्वाडक्ट वाटर रिस्क एटलस में भी जल संकट का सबसे ज्यादा सामना कर रहे 17 देशों की लिस्ट में भारत को 13वां स्थान दिया है। जो देश में बढ़ते जल संकट को दर्शाता है। वहीं नाइट्रोजन प्रदूषण के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिकों ने पाया है कि 2050 तक पानी की किल्लत और गुणवत्ता में आती गिरावट का सामना करने वाले इन नदी बेसिनों का यह आंकड़ा बढ़कर 3,061 पर पहुंच जाएगा। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि नाइट्रोजन प्रदूषण और बढ़ते दबाव के चलते इन सबबेसिनों में या तो पीने के लिए पर्याप्त पानी नहीं होगा और यदि होगा तो वो इतना दूषित होगा कि इंसानों और दूसरे जीवों के उपयोग के लायक नहीं रहेगा। इसका मतलब है कि पानी की कमी और उसकी गुणवत्ता में आती गिरावट से वैश्विक स्तर पर 680 से 780 करोड़ लोग प्रभावित हो सकते हैं, जो पिछले अनुमान से करीब 300 करोड़ ज्यादा है।

### सिलकॉन वैली में सबसे खराब स्थिति

भारत का सिलकॉन वैली यानी बेंगलुरु इस समय पानी की किल्लत से जूझ रहा है। पिछली साल बेंगलुरू में साउथवेस्ट मॉनसून कमजोर रहा है। इसकी वजह से कावेरी नदी के बेसिन में पानी का स्तर कम हो गया। इस नदी से जिन जलस्त्रोतों में पानी भरता था, वो भी लगभग खाली हैं। बेंगलुरू के कुछ जलाशय तो सूख गए हैं। हजारों आईटी कंपनियों और स्टार्टअप्स वाले इस शहर में करीब 1.40 करोड़ लोग रहते हैं। गर्मियों के आने से पहले ही यहां के लोग पानी को दोगुने कीमत पर खरीदने को मजबूर हैं। कुछ लोगों ने अपने रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली पानी की मात्रा में कमी ला दी है। राशनिंग कर रहे हैं। बेंगलुरू के कुछ इलाकों में पानी टैंकर डीलर हर महीने का 2000 रुपए ले रहे हैं। जबकि एक महीने पहले यह मात्र 1200 रुपए था। इतने रुपयों में 12 हजार लीटर वाला पानी का टैंकर आता था। होरामावू इलाके में रहने वाले और पानी खरीदने वाले संतोष सीए ने बताया कि हमें दो दिन पहले पानी के टैंकर की बुकिंग करनी पड़ती है। पेड़-पौधे सूख रहे हैं। एक दिन छोड़कर नहा रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा पानी बचा सकें।

### पानी के टैंकरों से सप्लाई

लोगों को इस बात की चिंता है कि पैसे देने के बाद भी टैंकर लाने वाले आते नहीं हैं। कहते हैं कि भूजल में कमी है। पानी कहां से लेकर आएं। कई बार पानी जिस दिन चाहिए उस दिन नहीं मिलता। उसके एक-दो दिन बाद मिलता है। बैंगलोर वाटर सप्लाई और सीवरेज बोर्ड शहर में पानी की सप्लाई के लिए जिम्मेदार संस्था है। यह संस्था पूरे शहर को ज्यादातर पानी कावेरी बेसिन से खींचकर देती हैं। कावेरी नदी का उद्गम स्थल तालाकावेरी है। यह नदी पड़ोसी राज्य तमिलनाडु से होते हुए बंगाल की खाड़ी में गिर जाती है।

### 79 प्रतिशत जलाशय, 88 प्रतिशत ग्रीन कवर खत्म

गर्मियों में भूजल निकाल कर पानी के टैंकरों से सप्लाई के लिए मजबूर हो जाती है। दक्षिण-पूर्व बेंगलुरु में रहने वाले शिरीष एन ने कहा कि पानी की सप्लाई करने वालों के लिए कोई नियम नहीं है। वो अपनी मर्जी से पानी की कीमतें बढ़ा देते हैं। इस साल भी उन्होंने पानी की कीमतें बढ़ाईं हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेस की स्टडी के मुताबिक एक समय था जब बेंगलुरु को बगीचों का शहर और पेंशन वालों का स्वर्ग कहते थे। वजह थी इसका मॉडरेट जलवायु। लेकिन अब पर्यावरण वैसा नहीं है। पिछले चार दशक यानी 40 सालों से बेंगलुरु ने अपना 79 फीसदी जलाशय और 88 फीसदी ग्रीन कवर को खो दिया है। इमारतों की संख्या 11 गुना तेजी से बढ़ी है।

बेंगलुरु बनता जा रहा है शहरी खंडहर

एनर्जी एंड वेटलैंड्स रिसर्च ग्रुप के प्रमुख टीवी रामचंद्र ने बताया कि पेड़ों की कटाई और इमारतों की बढ़ती संख्या की वजह से शहर के भूजल में तेजी से गिरावट आई है। बारिश का पानी जो पहले जमीन के नीचे टिकता था, अब वैसा नहीं है। ग्राउंडवाटर रीचार्ज हो ही नहीं रहा है। ऐसे में पानी की किल्लत तो होगी ही। कोलिशन फॉर वाटर सिक्योरिटी के संस्थापक संदीप अनिरुद्धन ने कहा कि बेंगलुरु अब शहरी खंडहर का सबसे बड़ा उदाहरण है। क्योंकि ये तेजी से विकसित होने वाला शहर है। ढांचागत विकास तेज लेकिन कमजोर है। यहां आबादी तेजी से बढ़ती जा रही है। इसलिए प्राकृतिक संसाधनों की कमी होनी तय है।

### खतरे की मार क्यों झेल रही हैं नदियां

भारतीय नदियों को जलवायु संकट, बांधों के अंधाधुंध निर्माण, और जल विद्युत की ओर बढ़ते बदलाव के साथ-साथ रेत खनन जैसे स्थानीय कारकों से गंभीर खतरा हो रहा है। बांधों और विकास परियोजनाओं की वजह से अधिकांश सबसे लंबी नदियां तेजी से सूख रही हैं। आज हमारी 96 प्रतिशत नदियां 10 किमी से 100 किमी के दायरे में हैं। लंबी नदियां 500-1000 किमी रेंज में हैं। भारत में लंबी नदियों की जरूरत है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि पानी की लगातार बढ़ती कमी की सबसे बड़ी वजह तालाबों को खोना है। 1.3 अरब से ज्यादा आबादी वाला देश जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, मानवजनित गतिविधियों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और लोगों के व्यवहार के कारण अपने तालाबों को खो रहा है। भूजल की कमी प्रमुख कारणों में से एक है और अति दोहन ने स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। पानी न केवल घरों के लिए एक समस्या है। बल्कि यह खेती और उद्योग के लिए जरूरी है। तमाम जल निकाय या तालाब और झील घरेलू और कृषि उद्देश्यों के लिए बहुत जरूरी हैं। ये जल भंडारण और पानी तक पहुंच उपलब्ध कराने में मदद करते हैं। बांधों से बनी झीलें बिजली पैदा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

THE PHOTON NEWS

11 www.thephotonnews.com

Saturday, 24 February 2024

## बमवर्षक विमान में सवारी कर पुतिन ने दिया विरोधियों को कड़ा संदेश

मास्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक परमाणु-सक्षम बमवर्षक विमान में सह-पायलट के रूप में उड़ान भरी। पुतिन की इस बमवर्षक विमान की सवारी का उद्देश्य अगले महीने होने वाले चुनाव से पहले अपनी छवि को ताकतवर है। रूस में होने वाले चुनावों में पुतिन की जीत लगभग तय मानी जा रही है। टीयू-160एम सुपरसोनिक बमवर्षक विमान में पुतिन ने करीब 30 मिनट तक सवारी की। उड़ान के जरिये पुतिन का उद्देश्य यूक्रेन में युद्ध को लेकर पश्चिमी देशों के साथ बढ़ते तनाव के बीच रूस की परमाणु शक्ति का दम दिखाना था। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे पुतिन (71 वर्षीय) को रूस की राजनीतिक व्यवस्था पर अपनी मजूबत पकड़ का भरोसा है, जिसे उन्होंने पिछले 24 वर्षों के दौरान स्थापित किया है।

## चीन के साथ संबंधों को और घनिष्ठ करना चाहते हैं : आइसलैंड की प्रधानमंत्री

बीजिंग। आइसलैंड की प्रधानमंत्री कैटरीन जैकब्सडॉटिर ने कहा कि वह आइसलैंड-चीन संबंधों के विकास से संतुष्ट हैं और दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने की इच्छुक हैं। जैकब्सडॉटिर ने चीनी लोगों को नए साल की शुभकामनाएं देने के लिए आइसलैंड में चीनी दूतावास का दौरा किया। उन्होंने कहा कि वह लैंगिक समानता और भू-तापीय, जलवायु परिवर्तन आदि हरित विकास क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सक्रिय रूप से आदान-प्रदान और सहयोग को गहरा करना चाहती हैं ताकि वैश्विक चुनौतियों का बेहतर जवाब दे सकें। उन्होंने चीनी चंद्र पंचांग के लूंग वर्ष (ड्रैगन वर्ष) में आइसलैंड-चीन संबंधों के और अधिक विकास की कामना की। इस दौरान, आइसलैंड में चीनी राजदूत हे रूलूंग ने कहा कि 53 साल पहले चीन और आइसलैंड के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से, द्विपक्षीय संबंधों ने लगातार विकास बनाए रखा है और व्यावहारिक सहयोग लगातार आगे बढ़ा है। चीन-आइसलैंड संबंधों को विभिन्न आकारों और विभिन्न सामाजिक प्रणालियों के देशों के बीच सहयोग का एक मॉडल माना जा सकता है। राजदूत हे ने यह भी कहा कि चीन दोनों देशों के बीच सभी स्तरों पर आदान-प्रदान को तेज करने, हरित विकास सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग को गहरा करने, मानविकी आदान-प्रदान को मजबूत करने और द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए आइसलैंड के साथ मिलकर काम करना चाहता है।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के पूर्व जेल अधिकारी को रिश्वतखोरी के आरोप में सजा

सिंगापुर। सिंगापुर में एक 57 वर्षीय भारतीय मूल के पूर्व जेल अधिकारी को एक कैदी को स्थानांतरित करने के बदले में कुल 1,33,000 मिलियन सिंगापुर डॉलर की रिश्वत मांगने के प्रयास के लिए शुक्रवार को तीन साल से अधिक जेल की सजा सुनाई गई। द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सेवानिवृत्त वरिष्ठ मुख्य वार्डर कोबी कृष्णा अयावू को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आठ आरोपों में दोषी ठहराया गया था। इसके अलावा, उन्हें जुलाई 2017 में अपने सहयोगियों को जेल प्रणाली तक पहुंच कर कैदी की जानकारी लेने के लिए उकसाने का दोषी पाया गया, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि कोबी ने सितंबर 2015 और मार्च 2016 के बीच आठ अलग-अलग मौकों पर चोंग केंग चाई नाम के एक कैदी से उसकी कार ऋण की किश्तों, घर के नवीनीकरण, जन्मदिन समारोह और क्रेडिट कार्ड बिलों का भुगतान करने के लिए रिश्वत मांगी। चोंग को 2005 में अपनी प्रेमिका के सात वर्षीय बेटे की हत्या के लिए 20 साल की निवारक हिरासत की सजा सुनाई गई थी। अदालत को बताया गया कि कोबी ने 3,000 मिलियन सिंगापुर डॉलर और 42,000 मिलियन सिंगापुर डॉलर के बीच प्राप्त करने की कोशिश की, लेकिन उसे कोई पैसा नहीं मिला क्योंकि चोंग जानता था कि कोबी के पास उसकी मदद करने की क्षमता या अधिकार नहीं है।

## गाजा में युद्ध विराम वार्ता के लिए पेरिस में प्रतिनिधिमंडल भेजेगा इजराइल

जेरूसलम। इजराइल की युद्ध कैबिनेट ने गुरुवार रात को पेरिस में गाजा युद्धविराम वार्ता के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किया। अंतरराष्ट्रीय वार्ताकार इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौता कराने का प्रयास कर रहे हैं। एक सरकारी अधिकारी ने शिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि मोसाद खुफिया एजेंसी के प्रमुख डेविड बार्निया इजराइली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वार्ता में कतर के प्रधान मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी और यूएस सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के निदेशक विलियम बर्न्स भी भाग लेंगे। व्हाइट हाउस के मध्य पूर्व समन्वयक, ब्रेट मैकगर्क, गाजा में बंधकों की रिहाई और युद्ध विराम सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए गुरुवार को इज़राइल में थे। मैकगर्क की यात्रा युद्धविराम समझौते के लिए बढ़ते प्रयासों के बीच हो रही है। घनी आबादी वाले राफा शहर में घुसपैठ शुरू करने के इजराइल के घोषित इरादे ने वैश्विक चिंता बढ़ा दी है। गाजा पट्टी में चार महीने से अधिक समय से जारी इजराइली हमले में गुरुवार तक 29,410 फिलिस्तीनी मारे गए और 69,465 घायल हुए हैं। मैकगर्क से मुलाकात के बाद, इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) 'गहन जमीनी अभियानों को जारी रखने की तैयारी कर रहा है।' गैलेंट के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि उनका ध्यान गाजा में अभी भी मौजूद शेष 134 बंधकों को मुक्त कराने के प्रयासों पर केंद्रित है।

## हौथियों ने अदन की खाड़ी में ब्रिटिश मालवाहक जहाज पर हमले की ली जिम्मेदारी

सना। यमन के सशस्त्र हौथी समूह ने अदन की खाड़ी में एक ब्रिटिश मालवाहक जहाज पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली है। सैटेलाइट टीवी चैनल अल-मसीरा के अनुसार हौथी सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने गुरुवार को समूह द्वारा प्रसारित एक टेलीविजन बयान में कहा, 'यमनी (हौथी) सशस्त्र बलों की नौसेना ने अदन की खाड़ी में एक ब्रिटिश जहाज (आइलैंडर) पर मिसाइलों से हमला किया।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सरिया के हवाले से कहा, मिसाइलें सीधे जहाज पर गिरीं, इससे उसमें आग लग गई। उन्होंने कहा, 卐हमने ड्रोन से लाल सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक को निशाना बनाया।卐 उन्होंने कहा कि उनके समूह ने इजरायली शहर इलियट की ओर भी बैलिस्टिक मिसाइलों व ड्रोन से हमला किया।

## इजरायली सेना खान यूनिस के नासिर अस्पताल से हटी

गाजा। दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में नासिर अस्पताल से कथित तौर पर इजरायली सेना के सैनिक हट गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने फिलीस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि कई दिन पहले अस्पताल पर हमला करने और इसे 'सैन्य बैरक' में बदलने के बाद इजरायली सेना गुरुवार को अस्पताल से 'पूरी तरह से' हट गई। इस बीच, इज़रायल के चैनल 13 समाचार ने पुष्टि की कि इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने अस्पताल में अपना ऑपरेशन खत्म कर दिया है।

## जीमेल ने ईमेल सेवा समाप्त होने का दावा करने वाले वायरल संदेश को किया खारिज

वाशिंगटन। गूगल के ईमेल प्लेटफॉर्म जीमेल ने सेवा समाप्त किये जाने संबंधी वायरल फर्जी संदेश को खारिज करते हुए कहा है कि यह सेवा जारी रहेगी। जीमेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा, 'जीमेल यहां रहने के लिए है।' इससे पहले जीमेल से आयी फर्जी ईमेल में दावा किया गया था कि अगस्त 2024 में यह सेवा समाप्त कर दी जायेगी। गत सितंबर में गूगल ने कहा था कि जीमेल अब यूजर्स को जनवरी 2024 से बेसिक ब्राउजर एचटीएमएल व्यू पर कनेक्टिविटी की अनुमति नहीं देगा। दूसरी तरफ गुरुवार को गूगल ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) मॉडल जेमिनी की लोगों की इमेजिंग क्षमता को उस समय तक के लिए निलंबित कर दिया जब तक कि वे एआई मॉडल का उन्नत संस्करण जारी नहीं कर देते।



चीन में एक ड्रोन के जरिये ली गयी ड्रेगन डांस देखते हुए लोगों की तस्वीरें।

## इमरान आईएमएफ से कहेंगे-पाकिस्तान को कर्ज न दें,वजह भी बताएंगे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में हुई चुनाव धांधली के बारे में आईएमएफ को बताया जाएगा। जनादेश को चुरा लिया गया, क्योंकि जो लोग 8 फरवरी की रात को हार रहे थे, उन्हें अगले दिन 8 फरवरी को विजेता घोषित कर दिया गया। यह जानकारी पीटीआई नेता अली जफर ने जेल में इमरान से मुलाकात के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए दी। जफर का कहना है कि इस पत्र के जरिए पीटीआई चुनाव में धांधली की जांच के लिए स्वतंत्र ऑडिट टीम भेजे और इसके बाद कर्ज जारी करे। जफर का कहना है कि यूरोपीय संघ और अन्य संगठनों का चार्टर है कि किसी देश को कर्ज देने के लिए वहां का शासन अच्छा होना जरूरी है। उन्होंने कहा, चुनाव से पहले हुई धांधली को तो छोड़िए। चुनाव के बाद हुई छेड़छाड़ के जरिए पीटीआई के जीत रहे उम्मीदवारों से जीत छीन ली गई। हाल ही में पीटीआई नेता अली जफर ने जेल में इमरान से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पाकिस्तान में हुई चुनाव धांधली के बारे में आईएमएफ को बताया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि जनादेश को चुरा लिया गया, क्योंकि जो लोग 8 फरवरी की रात को हार रहे थे, उन्हें अगले दिन 8 फरवरी को विजेता घोषित कर दिया गया। पहले आर्थिक संकट और चुनाव में धांधली के आरोपों में घिरे पाकिस्तान पर एक और संकट छाने के आसार हैं। खबर है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को पत्र लिखने की तैयारी कर रहे हैं। इसके जरिए इमरान मांग उठाएंगे कि चुनाव के ऑडिट के बाद ही पाकिस्तान को लोन जारी किया जाए।बीते साल ही पाकिस्तान को आईएमएफसे 3 बिलियन डॉलर का लोन मिला था। इधर, लंबी गहमागहमी के बाद पाकिस्तान में पीएमएल-एन और पीपीपी गठबंधन की सरकार बनाने के लिए तैयार हो गए हैं। तय सियासी डील के तहत पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएम उम्मीदवार बनाया जाएगा और आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति बनेंगे।

# स्पेन की बहुमंजिला इमारतों में भीषण आग, चार मरे, 14 घायल, 19 लापता

**मैड्रिड (एजेंसी)।** स्पेन के वालेंसिया शहर की दो बहुमंजिला इमारतों में गुरुवार को भीषण आग लगने से चार लोगों की मौत हो गयी और छह दमकल कर्मियों सहित 14 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद से करीब 19 लोगों का पता नहीं चल पाया है।



आपातकालीन सेवाओं के अनुसार स्थानीय समयानुसार कल शाम करीब साढ़े पांच बजे आग ने कैम्पानार इलाके में 14 मंजिला ब्लॉक को अपनी चपेट में ले लिया और यह कुछ ही पलों में पास की इमारत तक फैल गई। उन्होंने कहा, 'आग इमारत के चौथे मंजिल पर लगी ।देखते-ही देखते पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गयी और इसके बाद पास की दूसरी बहुमंजिला इमारत में भी पहुंच गयी।तेज हवाओं के कारण आग और तेजी से बगल की इमारत में फैल गई।'

स्थानीय मीडिया के अनुसार लोग जान बचाने के लिए बालकनी में पहुंच गये। आग में फंसे कई लोगों को दमकलकर्मियों ने बड़ी क्रेनों से उतार कर उनकी जान बचायी। इस दौरान छह दमकलकर्मी भी काल के गाल में समा गये।

बीबीसी के अनुसार इस भीषण हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी है और छह दमकल कर्मियों तथा एक छोटे बच्चे सहित 14 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। बीस से अधिक दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद से 19 से अधिक लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पायी है।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री सांचेज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि इस भयावह हादसे से वह बेहद दुखी और निराश हैं। वह प्रभावित सभी लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा, ÷वेलेंसिया की एक इमारत में लगी भयानक आग से मैं स्तब्ध हूं। मैं प्रभावित सभी लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त करता हूं और घटनास्थल पर पहले से ही तैनात सभी आपातकालीन कर्मियों के प्रति आभार प्रकट करता हूं। 'उन्होंने सभी संबद्ध विभागों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि लोगों को हरसंभव मदद मिले।

स्पेन की सैन्य आपातकालीन इकाई के सैनिकों सहित आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों को तैनात किया गया है। फैक्कर, जलन और धुएं के कारण साँस लेने जैसी समस्यों के लिए डॉक्टरों ने मौके पर चिकित्सा शिविर लगाया था।

समाचार पत्र 'एल पेस' ने इमारत के प्रबंधक के हवाले से खबर दी है कि इमारत में 138 फ्लैट हैं और इसमें 450 लोग रहते थे।एक महिला ने टीवीई को बताया कि उसने दमकल कर्मियों को इमारत की पहली मंजिल पर फंसे एक किशोर लड़के को बचाने का प्रयास करते देखा था।

आग के तेजी से फैलने के कुछ घंटों बाद, स्पेन में इमारत के निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री के बारे में सवाल खड़े हो गये हैं। वेलेंसिया के कॉलेज ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्निकल इंजीनियर्स की उपाध्यक्ष एस्थर पुचाडेस ने देश की समाचार एजेंसी 'एफे' को बताया कि उन्होंने पहले इमारत का निरीक्षण किया था। उन्होंने दावा करते हुए कहा, 'इमारत के बाहरी हिस्से में पॉलीयुरेथेन सामग्री है, जो ज्वलनशीलता के डर के कारण अब व्यापक उपयोग में नहीं है।'

## भारत से पंगा लेना पाकिस्तानी वायुसेना अधिकारियों को पड़ा मंहगा



### -13 शीर्ष अधिकारियों का कोर्ट मार्शल

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान की वायुसेना में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी वायुसेना के 13 शीर्ष अधिकारियों का कोर्ट मार्शल किया गया है। दरअसल पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) में मौजूद भ्रष्टाचार के बारे में एक खबर लीक हुई हैं। इसके बाद पीएएफ ने जांच की थी। जांच के बाद 13 अधिकारियों का कोर्ट मार्शल कर दिया गया। इसमें वह अधिकारी भी शामिल है, जिन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तानी लड़ाकू विमान भारत भेजे थे। बालाकोट हवाई हमले के बाद सेवानिवृत्त एयर मार्शल जावेद सईद ने भारत के खिलाफ ऑपरेशन स्विफ्ट रिटॉर्ट शुरू किया। इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमानों को कश्मीर भेजा गया था। जिसकी वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान के साथ हवाई फाइट हुई। पाकिस्तान ने दावा किया कि उन्होंने दो भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। वहीं अभिनंदन ने अपने मिराज-2000 बाइसन से पाकिस्तान को अमेरिका से मिले एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया था।

खबर है कि कोर्ट मार्शल का सामना कर रहे सभी 13 अधिकारियों में से सात वरिष्ठ हैं। इन सभी अधिकारियों ने पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख जहीर बाबर सिद्धू के भ्रष्टाचार को उजागर किया था। सभी को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, कुछ रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ये सभी ईमानदार अधिकारी हैं। उन पर अत्याचार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख अपना कार्यकाल बढ़ाने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी कनिष्ठ अधिकारियों से छुटकारा पा रहे हैं। इस खुलासे के बाद अब वायुसेना प्रमुख मुश्किल में पड़ गए हैं। उन पर हथियारों की खरीद में धांधली का आरोप है। कुछ दिन पहले पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों ने मिलकर वायुसेना प्रमुख जहीर बाबर के खिलाफ श्वेत पत्र जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि जहीर ने बहुत कम समय के लिए फाइटर जेट उड़ाए थे। फिर उन्हें किस आधार पर वायुसेना प्रमुख बनाया गया?

## आधी सदी में पहली बार अमेरिका निर्मित अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की प्राइवेट कंपनी 'इंट्यूटिव मशीन्स' के रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस की मून लैंडिंग हो गई है। लगभग 50 साल बाद रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस चांद की सतह पर उतरा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है। चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इंट्यूएटिव मशीन्स के ओडिसियस लैंडर को पिछले हफ्ते स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च किया गया था। यह छह पांव वाला एक रोबोट लैंडर है। यह भारतीय समयानुसार, शुक्रवार सुबह 4ः30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा। संयुक्त राज्य अमेरिका का यह अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक चंद्रमा पर उतरकर 50 से अधिक वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला



अमेरिकी अंतरिक्ष यान बन गया है। मई 2019 में नासा ने घोषणा की थी कि वह चंद्रमा पर 'इंट्यूटिव मशीन्स' के पांच पेलोड भेजेगा। मगर पैसे लेकर बात नहीं बन पाई थी। इसके चंद्रमा पर पहुंचते ही नासा ने टिप्पणी की कि वह तब कंपनी को लगभग 118 मिलियन डॉलर का भुगतान कर रही थी। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, नासा मूल रूप से चाहता था कि इंटुएटिव मशीनें अपने ओडिसियस मिशन को चंद्रमा के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में ओशनस प्रोसेलरम नामक एक आसान-से-पहुंच वाले स्थान पर भेजें। यह चंद्रमा के निकटवर्ती भाग पर एक विशाल वैज्ञानिक रूप से पेचीदा काला धब्बा है।

# पाकिस्तान में बनेगा इतिहास, पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बन सकती है मरियम

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** प्रांतीय विधायिका के उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम के बाद, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनकर इतिहास बना सकती हैं। 8 फरवरी को जिन पांच विधानसभाओं में मतदान हुआ, उसमें पंजाब विधानसभा सबसे पहले अपना उद्घाटन सत्र बुला रही है। गवर्नर हाउस के प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब के राज्यपाल बालीघुर रहमान ने पंजाब विधानसभा सत्र बुलाया है, जहां नवनिर्वाचित सदस्य शपथ ले, जो नई सरकार के गठन की शुरुआत होगी।

### कौन हैं मरियम नवाज?

28 अक्टूबर 1973 को लाहौर, पाकिस्तान में जन्मी मरियम नवाज नवाज शरीफ और बेगम कुलसुम नवाज की तीन संतानों में सबसे छोटी हैं। पाकिस्तान की राजनीति में एक प्रमुख हस्ती, मरियम ने अपनी शिक्षा लाहौर के कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी से प्राप्त की और बाद में बीकनहाउस स्कूल सिस्टम में दाखिला लिया। मरियम की शादी देश के एक व्यवसायी और राजनीतिज्ञ मुहम्मद सफ़दर अवान से हुई है और दंपति के तीन बच्चे



हैं। पार्टी के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर मरियम ने 2013 के पाकिस्तान चुनावों में पीएमएल-एन को जीत दिलाई। अपने पिता के सलाहकार के रूप में उन्होंने 2008 में उनके पुनः चुनाव अभियान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। तब उन्हें पंजाब पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। 2017 में पनामा पेपर्स घोटाले के आलोक में पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने मरियम को सार्वजनिक पद संभालने से अयोग्य घोषित कर दिया था। अदालत ने फैसला सुनाया था कि वह भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल थी, हालांकि, मरियम ने किसी भी गलत काम से इंकार कर कहा कि वह निर्दोष थी। उन्हें पाकिस्तान में एक मजबूत और करिश्माई नेता के रूप में देखा जाता है जो देश के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज के पास 842.58 मिलियन रुपये से अधिक की संपत्ति है। मरियम ने कागजात में बताया है कि उनके पास 17.5 लाख रुपये का सोना है। जबकि, उनके विभिन्न बैंक खातों में 10 मिलियन से अधिक रुपये हैं।

### क्या है पाकिस्तान चुनाव परिणाम का गणित

पंजाब विधानसभा चुनावों में पीएमएल-एन ने 137 सीटें हासिल कीं, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 113 सीटें जीतीं। लगभग 20 निर्दलीय, जो पीटीआई से संबद्ध नहीं हैं, पहले ही पीएमएल-एन के साथ गठबंधन कर चुके हैं। पीटीआई द्वारा समर्थित लोग महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटें सुरक्षित करने और सैन्य प्रतिष्ठान के दबाव के बीच अपनी वफादारी बनाए रखने के लिए सुन्नी इत्तेहाद परिषद (एसआईसी) में शामिल हो गए हैं। हालाँकि, कानूनी चिंताओं के कारण आरक्षित सीटों के लिए एसआईसी की पात्रता के बारे में संदेह है, जिससे संभावित रूप से पंजाब में पीएमएल-एन को साधारण बहुमत मिल जाएगा।

# नेपाल में तीन मंत्रियों की बर्खास्तगी पर अड़ा विपक्ष, संसद में हंगामा, प्रधानमंत्री से मांगा जवाब

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल की प्रचंड सरकार के तीन मंत्रियों की बर्खास्तगी की मांग को लेकर शुक्रवार को मुख्य विपक्षी पार्टी नेकपा (एमाले) के सदस्यों ने संसद में जमकर हंगामा किया। विपक्ष इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल 'प्रचंड' के बयान की मांग पर अड़ा रहा। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन में दिनभर कोई कामकाज नहीं हो सका।

नेकपा (एमाले) के सदस्यों ने प्रधानमंत्री प्रचंड से उनके तीन मंत्रियों पर दोष साबित होने के बावजूद कार्रवाई नहीं करने को लेकर आलोचना की। नेपाली संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की कार्यवाही में नेकपा (एमाले) के नेता योगेश भट्टराई ने कहा कि जब तक भौतिक निर्माण एवं यातायात मंत्री प्रकाश ज्वाला, स्वास्थ्य मंत्री मोहन बहादुर बस्नेत और पर्यटन संस्कृति एवं नागरिक उड्डयन मंत्री सुदन किरांती की बर्खास्तगी नहीं होती, सदन की कार्रवाई नहीं चलने देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को स्वयं इस विषय पर सदन में जवाब देना चाहिए।

पुलिस की गोली लगने से दो नागरिकों की मौत होने के बाद सरकार की जांच समिति ने मंत्री प्रकाश ज्वाला को दोषी ठहराया है। विपक्ष की मांग है कि सरकारी जांच समिति में ही जब मंत्री को मुख्य दोषी करार दे दिया गया है तो फिर उस मंत्री को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। नेकपा (एमाले) के प्रमुख सचेतक पदम गिरी ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि वो मंत्री प्रकाश ज्वाला को तत्काल बर्खास्त करें। पिछले महीने एक विरोध प्रदर्शन के दौरान मंत्री ज्वाला के जबरन भीड़ में जाने के कारण पुलिस को गोली चलानी पड़ी जिससे दो प्रदर्शनकारियों की मौत गई थी।

दूसरे विपक्षी दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने संस्कृति मंत्री सुदन किरांती की बर्खास्तगी की मांग की है। कुछ दिन पहले हिन्दू विरोधी अभिव्यक्ति देने और क्रिश्चियन धर्म नहीं मानने वाले को संविधान विरोधी कहने वाले मंत्री किरांती को हटाने की मांग की गई है। आरपीपी सांसद धवल शमशेर राणा ने प्रतिनिधि सभा में कहा कि बहुसंख्यक हिन्दू धर्मावलंबियों की भावना को ठेस पहुंचाने के कारण किरांती को मंत्री बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसी तरह मंत्री किरांती पर पशुपतिनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक के पद पर एक क्रिश्चियन महिला को नियुक्त करने का भी आरोप है।



एक अन्य विपक्षी दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सांसद डॉ. तोषिमा कार्की ने स्वास्थ्य मंत्री द्वारा किए गए विभिन्न राजनीतिक नियुक्ति में पैसे के लेन-देन को लेकर कई स्थानीय मीडिया में प्रमाण सहित खबर प्रकाशित होने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने पर दुख व्यक्त किया है। डॉ. कार्की ने सदन में बताया कि सिर्फ राजनीतिक नियुक्ति ही नहीं बल्कि अस्पतालों में खरीद की गई मशीनों में मंत्री और उनके रिश्तेदारों को कमीशन दिए जाने की भी खबर प्रमाण सहित प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री को पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है इसलिए उन्हें तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। इन तीनों मंत्रियों की इस्तीफे की मांग पर अड़े विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बाद स्पीकर देवराज घिमिरे को सदन की कार्यवाही को पहले 15 मिनट के लिए फिर एक घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। विपक्ष के हंगामे के कारण सदन में कोई कामकाज नहीं हो सका।

# राशा थडानी जल्द करने वाली है बालीवुड डेब्यू

## बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी है राशा



बालीवुड एक्टर अजय देवगन और उनके भतीजे अमन देवगन के साथ राशा थडानी बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। राशा बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी है। इसी बीच रवीना अपनी बेटी को लेकर एक हैरान करने वाली बातों का खुलासा किया है।

एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि राशा को इंस्टाग्राम पर रील्स बनना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह इस बात के लिए अपनी मां रवीना को डांट देती हैं। रवीना को इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करना और रील्स बनाना बेहद पसंद है। वह अक्सर अपने फैंस को लुभाने के लिए अपने सोशल अकाउंट पर अपनी वीडियो-फोटो शेयर करती रहती हैं। हालांकि इस मामले में उनकी बेटी राशा एक कदम पीछे हैं। हमेशा अपने लुक को लेकर खबरों में छाई रहने वाली राशा को रील्स बनाना पसंद नहीं है।

रवीना ने रवीना ने कहा, 'जब इंस्टाग्राम की बात आती है, तो मैं बहुत बेकार हूं और मुझे इसके बारे में कुछ भी नहीं पता है। मैं रील्स बनाते हुए सच में बहुत गलतियां करती हूं। जब मेरी टीम मुझसे रील पोस्ट करने के लिए कहती है, तो मैं कोई मजेदार रील बनाने के लिए चुनती हूं, क्योंकि मुझे ऐसी ही रील्स पसंद आती हैं। मैं बिना यह सोचे कि मैं एक कलाकार हूं, इस तरह की रील्स बनाती हूं। तब राशा मुझसे कहती हैं, 'मम्मा, आप ये रील्स नहीं बना सकतीं, ये अच्छी नहीं हैं। लेकिन, मुझे रील्स बहुत पसंद आती हैं।' रवीना ने आगे बताया कि कुछ महीने पहले जब 'वाह' ट्रेंड चला, तो उन्होंने भी इस पर रील बनाई थी। लेकिन राशा को यह पसंद नहीं आई। राशा ने तुरंत अपनी मां से इस रील्स को इंस्टाग्राम से हटाने के लिए कह दिया था। हालांकि, तभी इस ट्रेंड पर दीपिका पादुकोण ने रील बनाई और उन्होंने अपनी बेटी को भेजा और कहा, 'देखो, हर कोई इसे बना रहा है, सिर्फ इसलिए कि दीपिका ने इसे बनाया।' बता दें कि हाल ही में रवीना को वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में देखा गया था। इस सीरीज में उन्होंने इंद्राणी कोठारी का रोल निभाकर हर किसी का दिल जीत लिया था। रवीना के आलावा इसमें वरुण सूद और नम्रता शेठ भी काम किया था।



# गोविंदा मेरी रगों में, लेकिन पता किसी को नहीं: राधिका मदान

बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा के प्रति अपनी आत्मीयता की घोषणा करते हुए एक्ट्रेस राधिका मदान ने कहा, गोविंदा मेरी रगों में हैं, और इसके बारे में किसी को भी पता नहीं है। यह घोषणा दर्शकों को प्रतिष्ठित अभिनेता की ऊर्जा, शैली और मसाला फिल्म शैली के लिए बेजोड़ स्वभाव के प्रति उनकी प्रशंसा की झलक देती है। व्यावसायिक मसाला फिल्मों में काम करने की राधिका की इच्छा विभिन्न सिनेमाई अनुभवों को अपनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ड्रामा से लेकर कॉमेडी तक की फिल्मों में सम्मोहक प्रदर्शन देने के सफल ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, व्यावसायिक सिनेमा की जीवंत दुनिया में राधिका मदान के उद्यम का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। अपनी प्रामाणिकता और जीवंत ऑन-स्क्रीन उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली, मसाला फिल्म क्षेत्र में राधिका मदान की यात्रा निश्चित रूप से इस शैली में एक नया और गतिशील परिप्रेक्ष्य लेकर आएगी।

जैसे ही वह नए क्षितिज पर अपनी नजरें जमाती है, प्रशंसक और फिल्म उद्योग समान रूप से उस जादू का इंतजार कर रहे हैं जो वह निस्संदेह बड़े पर्दे पर लाएगी। आगे देखें तो, राधिका की आगामी फिल्मों में 12 जुलाई को अक्षय कुमार के साथ सरफिरा, उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म सना और रूमी की शराफत शामिल हैं। बता दें कि हाल ही में एक कार्यक्रम में, बॉलीवुड सनसनी राधिका मदान ने पूर्ण विकसित व्यावसायिक मसाला फिल्मों के क्षेत्र में उद्यम करने की अपनी आकांक्षा व्यक्त की। विभिन्न भूमिकाओं में अपने शानदार अभिनय के लिए मशहूर बहुमुखी अभिनेत्री ने मुख्यधारा सिनेमा की जीवंत और मनोरंजक दुनिया का पता लगाने के लिए अपनी उत्सुकता साझा की।

# भक्षक ने एक और मील का पत्थर स्थापित किया



अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की फिल्म भक्षक ने एक और मील का पत्थर स्थापित किया है जो भारत को वैश्विक कंटेंट मंच पर गौरवान्वित करता है। यह विश्व स्तर पर शीर्ष 5 गैर-अंग्रेजी फिल्मों में से एक है! भूमि भक्षक में अपने शानदार अभिनय के लिए मिल रही सर्वसम्मत सराहना और प्यार का आनंद ले रही हैं। फिल्म में भूमि का बेहद सूक्ष्म और शानदार प्रदर्शन उन्हें अविश्वसनीय सराहना मिल रही है। करियर के इस बड़े पड़ाव और अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों को देखते हुए, भूमि हॉलीवुड में करियर तलाशने की इच्छुक हैं। हमने सुना है कि पश्चिम में कुछ दिलचस्प, बड़ी परियोजनाओं के लिए उनसे संपर्क किया गया है और मार्च या अप्रैल में किसी समय लॉस एंजिल्स में मीटिंग के लिए जा सकती हैं।' एक ट्रेड सूत्र ने बताया कि 卐भूमि अब लगभग 9 वर्षों से अपने अभिनय के गेम में शीर्ष पर हैं। उनकी अधिकांश फिल्मों को दुनिया भर में दर्शक मिले हैं, यह देखते हुए कि वे कितनी आगे की विषय-वस्तु वाली हैं। भक्षक का मामला लीजिए - यह विश्व स्तर पर ट्रेंड कर रहा है और उसके प्रदर्शन ने पश्चिम में फिल्म निर्माताओं का ध्यान आकर्षित किया है। उनके काम को देखते हुए और कैसे दुनिया स्थानीय दिल से वैश्विक कहानियां बनाना चाहती है, भूमि चीजों की योजना में बिल्कुल फिट बैठती हैं, सूत्रों ने जानकारी दी कि 卐भूमि की निश्चित रूप से हॉलीवुड की आकांक्षाएं हैं लेकिन वह सिर्फ इसके लिए फिल्म नहीं चुनेंगी। वह यहां सही स्क्रिप्ट चुनने में बहुत सावधानी बरत रही हैं और भूमि पश्चिम में भी सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट चुनने में अपना समय लेंगी। भूमि के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करना और भारतीय महिलाओं को सिनेमा में सही ढंग से चित्रित करना बहुत महत्वपूर्ण है।

# होली के अवसर पर रिलीज होगी रानी चटर्जी की फ़िल्म बदला गंगा गीता

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता होली के अवसर पर रिलीज होगी। अभिनेत्री रानी चटर्जी फिल्मों में कम बैक करने जा रही हैं। रानी चटर्जी ,दिलीप गुलाटी निर्देशित फ़िल्म बदला गंगा गीता से कमबैक कर रही हैं। फ़िल्म बदला गंगा गीता में रानी चटर्जी के साथ प्रेम सिंह, रवि यादव, मनोज द्विवेदी, जीतू शुक्ला, पप्पू यादव, सागर पांडेय, रमज़ान, आशा लता चौहान, अमित गौड़, पूनम चोपड़ा, जतिन तिवारी ने भी अभिनय किया है। फ़िल्म गंगा और गीता को सेंसर सर्टिफिकेट मिल चुका है और यह फ़िल्म आगामी होली के शुभ अवसर पर रिलीज करने की तैयारी है।लेखक-निर्देशक दिलीप गुलाटी ने बताया,फ़िल्म बदला गंगा गीता का एक जबरदस्त एक्शन फिल्म है और इसे सेंसर से यूए सर्टिफिकेट मिला है जो काफी सराहनीय है। फ़िल्म को हर वर्ग के दर्शक, हर उम्र के लोग देख सकते हैं। फ़िल्म के निर्माता कोमल हैं। वहीं संगीत अमन श्लोक ने दिया है, गीत दिल दिलीप ने लिखा है, वहीं फ़िल्म का छायांकन अनील ढांडा ने किया है। फ़िल्म गंगा और गीता का संकलन योगेश पांडेय का है, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर कोमल हैं ,वहीं फ़िल्म में मारधाड़ जय यादव ने कराया है, जबकि नृत्य निर्देशन गोपी किशन का है।




# फिल्में नहीं बल्कि सेना में जाना चाहती थीं जया बच्चन




दिग्गज बॉलीवुड एक्ट्रेस जया बच्चन अपने बेबाक स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। जया बच्चन एक्टिंग के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में जया बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन नंदा के साथ अपनी पोती नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो में नजर आईं। नव्या का 'व्हाट द हेल नव्या' का दूसरा सीजन हाल ही में रिलीज हुआ था। इस पॉडकास्ट में जया बच्चन, श्वेता बच्चन और नव्या कई विषयों पर बातचीत करती हैं। शो में लैंगिक समानता पर टिप्पणी की गई। इसके अलावा जया बच्चन ने पुरुष प्रधान क्षेत्रों में महिलाओं को होने वाली कठिनाइयों पर भी टिप्पणी की। इस दौरान कमेंट करते हुए जया बच्चन ने बताया कि वह एक्टिंग के क्षेत्र में नहीं बल्कि सेना में शामिल होना चाहती थीं, लेकिन उस समय समाज में लोगों की गलत सोच और पुरुषों के बीच भेदभाव के कारण जया बच्चन का यह सपना अधूरा रह गया। जया बच्चन ने कहा, 'मुझे आज भी याद है कि मैं सेना में शामिल होना चाहती थी, लेकिन मुझे ऐसा नहीं मिला जिससे मैं बहुत निराश हो गई थी। उस समय सेना में महिलाओं को केवल नर्स के रूप में भर्ती किया जाता था। मुझे अभिनय से ज्यादा सेना में शामिल होने में दिलचस्पी थी। जया बच्चन के बयान को दोहराते हुए, श्वेता बच्चन ने भी पुरुषों और महिलाओं के बीच भेदभाव पर टिप्पणी की। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है, अब कार में बैठे पुरुष और कार चलाती महिला की तस्वीर बेहद आम मानी जाती है। श्वेता बच्चन ने भी ये टिप्पणी की। जया बच्चन पिछले साल करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में नजर आई थीं। इस फिल्म में भी पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता पर अच्छी टिप्पणी की गई थी। इसके अलावा, जया बच्चन ने हाल ही में अपनी नेटवर्थ के बारे में खुलासा किया, जिससे वह सुर्खियों में आ गईं। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की कुल संपत्ति 1578 करोड़ है।



# खुद के मरने का नाटक करने वाली पूनम पांडे पहुंची भगवान के दरबार में

सर्वाइकल कैंसर से मौत की खबर फैलाने वाली अभिनेत्री पूनम पांडे भगवान के दर्शन करने मंदिर पहुंची। मुंबई के अंधेरी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में नजर आईं पूनम को एक ट्रेडिशनल येलो कुर्ता, मैचिंग प्लाज़ो और गुलाबी दुपट्टा पहने हुए देखा गया। उन्होंने अपने लुक को खुले बालों के साथ कंप्लीट किया। इस दौरान वह बिना मेकअप के थीं और उनके हाथ में पूजा की थाली थी। पूनम पांडे इस दौरान पैपराजी को फोटो-वीडियो के लिए पोज देती हुईं नजर आईं। इस दौरान एक पैपराजी ने पूनम से पूछा,आप कैसी हैं?, जिस पर उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया, एक दम फर्स्ट क्लास! पैप ने फिर मजाक में कहा,आपने हमें डरा दिया था। इस पर पूनम मुस्कुराते हुए जबाव दिया कि उन्होंने किसी को नहीं डराया।पूनम पांडे ने हंसते हुए कहा, आप डर गए थे, मैंने डराया बिल्कुल भी नहीं था। फिर एक ने पूछा आप यहां किसलिए आई हैं। इस पर पूनम ने कहा, मैं दर्शन करने आई हूं। इसके बाद मंदिर में चली गईं। वीडियो में पूनम को मंदिर के अंदर प्रार्थना करते और भगवान का आशीर्वाद लेते हुए देखा गया। बता दें कि मॉडल पूनम पांडे ने इस महीने की शुरुआत में अपनी मौत की खबर फैलाकर खूब लाइमलाइट बटोरी। पूनम के इंस्टा अकाउंट से एक पोस्ट किया गया था जिसमें बताया गया कि था कि सर्वाइकल कैंसर की वजह से मौत हो गई। उनकी मौत पर किसी को विश्वास नहीं हुआ। बात में यह उनकी मौत का एक नाटक ही साबित हुआ। हालांकि इसके पक्ष में उन्होंने कहा कि वह सर्वाइकल कैंसर को लेकर जारुकता फैलाना चाहती थी। एक ब्रैंड के लिए उन्होंने इसका प्रमोशन भी किया था। इस मामले में उन्होंने कई लीगल नोटिस भी मिले हैं।

# महिला किरदारों को सशक्त बनाने में भूमिका अदा की तमन्ना ने



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की बाहुबली- द बिगिनिंग में एक महिला योद्धा के उनके किरदार ने न सिर्फ दर्शकों को एंटरटेन किया बल्कि मेनस्ट्रीम सिनेमा में महिला किरदारों को सशक्त बनाने की एक मिसाल भी कायम की। अवंतिका के जरिये, जी करदा एक्ट्रेस ने ताकत और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। पैन इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया की बाहुबली- द बिगिनिंग में कुशल योद्धा अवंतिका की भूमिका ने भारतीय सिनेमा में उनके लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ ला दिया। इससे वीमेन ओरिएंटेड जॉनर की ओर बदलाव आया। एक्ट्रेस ने ट्रेडिशनल जेंडर स्टीरियोटाइप को चुनौती दी और अधिक विविध कहानियों के लिए मार्ग खोल।

अपनी डिजिटल फिल्म बबली बाउंसर से उन्होंने महिलाओं के बाउंसर होने की धारणा को तोड़ दिया। तमिल वेब सीरीज़ नवंबर स्टोरीज़ के साथ ओटीटी पर डेब्यू करते हुए, तमन्ना ने पहले कभी नहीं देखी गई फीमेल करैक्टर सेंट्रिक जॉनर में कदम रखा। उनकी अगली वेब सीरीज़ जी करदा में उन्होंने लावण्या का किरदार निभाया और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आखिरी सच में इंस्पेक्टर आन्या स्वरूप और लस्ट स्टोरीज़ 2 में शांति के रूप में तमन्ना की एक्टिंग ने एक एक्टर के रूप में जटिल किरदारों को निभाया। इतना ही नहीं खुद को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला। भारतीय सिनेमा में उनका योगदान उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन से परे है। वह बिज़नेस में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण और प्रतिनिधित्व का प्रतीक बन गई हैं, जो उनकी पैन इंडिया पॉपुलैरिटी को बढ़ाता है। अवंतिका से जी करदा, लस्ट स्टोरीज़ 2 और आखिरी सच में अपने लेटेस्ट रोल्स तक तमन्ना भाटिया इंडियन सिनेमा के लैंडस्केप को नया आकार देने की उनकी प्रतिबद्धता का उदाहरण देती है।